सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 10 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 126, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**पीएम बीमा योजना में निपटाये 25160 करोड़ के दावे**

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) ने अब तक करीब 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया है। } 10

**भारत-त्रिनिदाद टोबैगो के बीच व्यापक वार्ता**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ व्यापक बातचीत की, जिसमें भारत और इस दो द्वीपों वाले राष्ट्र के बीच सहयोग के विस्तार के लिए नये विचारों पर चर्चा की गयी। } 12



# जितना पसीना बहेगा जीत उतनी ही बड़ी होगी : योगी

## समारोह में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन एवं उप्र ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास रहे मौजूद

विशेष संवाददाता







फोटो : अमित वर्मा





लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को जीवन का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन-टेबल टेनिस में एकाग्रता व त्वरित निर्णय की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खेल के माध्यम से सीखे गए स्किल आपदा प्रबंधन के साथ ही विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला करने को तैयार करते हैं। हर मेडल के पीछे संघर्ष और कभी हार न मानने के संकल्प की कहानी होती है। टैलेंट शुरूआत देता है

- अर्जुन एकाग्रता, अनुशासन व समर्पण तथा बलराम शक्ति संतुलन के प्रतीक : सीएम
- 2017 के पहले प्रतीक्षा सूची में दम तोड़ती थीं प्रतिभाएं, पर अब ऐसा नहीं होता
- आज खाकी व खेल के बीच बन चुका है अटूट रिश्ता
- सीएम योगी ने अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ


लेकिन मेहनत हमें लक्ष्य तक पहुंचाती है। जितना पसीना बहेगा, जीत उतनी ही बड़ी होगी। खेल गिरना, उठना और जीतना सिखाता है। बैडमिंटन में शटल कॉक को नहीं गिरने देते, वैसे ही जीवन में सपनों और हौसलों को टूटने नहीं देना चाहिए। जैसे हर खेल में स्टेप व शॉट का ध्यान जरूरी है, वैसे ही जीवन में निरंतर सुधार व अनुशासन के साथ लगातार किए जाने वाले प्रयास का परिणाम भी बेहतर तरीके से प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन एकेडमी गोमतीनगर में द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर (बैडमिंटन-टेबल टेनिस) प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ किया। सीएम ने बैडमिंटन भी खेला और स्मारिका का विमोचन किया। इस दौरान उनके साथ बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन एवं उप्र ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास मौजूद रहे। कपिल चौधरी ने खिलाड़ियों को शपथ दिलायी। यूपी में खेल व खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। 35वीं वाहिनी पीएसी के बैंड ने मधुर स्वर लहरियां प्रस्तुत कीं। सीएम योगी ने कहा कि पहली बार उत्तर प्रदेश में हो रहे पांच दिवसीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन कलस्टर में लगभग 1400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारत में खेल व इसकी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की परंपरा प्राचीन काल से ही रही है। जीवन के जितने भी साधन हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है कि दैनिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद की गतिविधियों को भी जीवन का हिस्सा बनाएं। कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, धनुर्विद्या, मलखंभ, तलवारबाजी, शतरंज प्राचीन काल से ही जीवन का हिस्सा रहे हैं। सीएम ने अखाड़ा शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि ज्ञान की परंपरा व शरीर को स्वस्थ रखने की कला को जिस क्षेत्र विशेष में प्रदर्शित किया जाए, वही अखाड़ा है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क व स्वस्थ मस्तिष्क से स्वस्थ चरित्र का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान सुनिश्चित करना उस अभियान का हिस्सा बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएम ने प्राचीन धर्मग्रंथों की चर्चा कर अर्जुन का भी उल्लेख किया। कहा कि अर्जुन एकाग्रता, अनुशासन व समर्पण के प्रतीक हैं। मल्लयुद्ध की बात करते हैं तो बलराम जी व भीम जी का स्मरण हो जाता है। बलराम मतलब शक्ति और संतुलन का प्रतीक। गदायुद्ध में शक्ति, रणनीति व पराक्रम भी है। डबल इंजन सरकार इन प्राचीन विधाओं से प्रेरणा प्राप्त कर खेल के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से बढ़ा रही है। सीएम योगी ने कहा कि 25 करोड़ वाले उत्तर प्रदेश में 56 प्रतिशत युवा हैं। खेल के मैदान में जो पाठ पढ़ाए जाते हैं, उनका पाठ्य पुस्तकों में मिलना कठिन होता है क्योंकि खेलकूद ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## अगले नौसेना प्रमुख होंगे कृष्णा स्वामीनाथन



नयी दिल्ली। वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन अगले नौसेना प्रमुख होंगे। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे, जो 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन फिलहाल पश्चिमी नौसेना कमान... शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- गोमती बैराज गेट का स्काडा तकनीक से संचालन (पृष्ठ-02)
- अयोध्या जल जीवन मिशन का बना मॉडल (पृष्ठ-02)
- दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी (पृष्ठ-10)
- अमेरिका-ईरान युद्धविराम पर गहराया संदेह (पृष्ठ-10)
- मोदी का कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात दौरा 10 से (पृष्ठ-10)


# बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार, शुभेंदु ने ली सीएम पद की शपथ

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत भाजपा के सभी मुख्यमंत्री हुए शामिल

एजेंसी





कोलकाता। शुभेंदु अधिकारी के शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति ने एक ऐतिहासिक करवट ली और राज्य में पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सत्ता संभाली।

स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड भाजपा सरकार के शपथग्रहण का गवाह बना। शपथग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री विशाल मंच पर मौजूद थे। जय श्री राम के उद्घोष, ढोल की थाप और लहराते भगवा झंडों के बीच राज्यपाल आर. एन. रवि ने अधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर पहुंचने के बाद जनादेश के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए लोगों की ओर मुख करके घुटनों के बल झुककर जैसे ही हाथ जोड़े और मंच पर नत मस्तक हुए, ऐतिहासिक स्थल पर एकत्र भाजपा के हजारों समर्थकों ने जोरदार नारों और तालियों से उनका स्वागत किया। भवानीपुर और नंदीग्राम, दोनों विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल करने वाले तथा भाजपा के आक्रामक चुनाव अभियान का चेहरा बनकर उभरे अधिकारी ने सबसे पहले शपथ ली। उनके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निशीथ प्रामाणिक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। यह छह सदस्यीय मंत्रिमंडल सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भाजपा की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इसमें ब्राह्मण, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), जनजातीय, मतुआ और राजबंशी समुदायों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। शुभेंदु अधिकारी ब्राह्मण हैं, घोष अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं, अग्निमित्रा पॉल कायस्थ हैं, कीर्तनिया मतुआ समुदाय का प्रमुख चेहरा हैं, टुडू जंगलमहल के जनजातीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सीएम योगी ने शुभेंदु को पहनाया अंग वस्त्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शुभेंदु अधिकारी व सभी मंत्रियों को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शुभेंदु ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

# यूपी : आज होगा मंत्रिमंडल का विस्तार!

विशेष संवाददाता



लखनऊ। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनने के बाद अब संगठन की निगाहें पूरी तरह से उत्तर प्रदेश पर सक्रिय हो गयी है। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल का विस्तार 10 मई को हो सकता है। इस दौरान छह मंत्रियों को शपथ दिलायी जा सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल हुई मुलाकात से इस चर्चा हो और भी बल मिल गया हालांकि इसे केवल शिष्टाचार मुलाकात ही बताया जा रहा है, लेकिन सूत्रों के अनुसार मुलाकात के बाद जन भवन में शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू होने की संभावना जताया जा रही है। पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के विस्तार और फेरबदल की तैयारी है।

इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के सबसे करीबी मंत्री का राजनीतिक भविष्य दांव पर है। इसके साथ ही उनके दो मंत्रियों को संगठन में कार्य करना पड़ सकता है। सूत्रों का दावा है कि इसके साथ तीन बड़े नेताओं के कामकाज में बदलाव हो सकता है। दिल्ली के करीबी एक मंत्री के विभाग में कटौती हो सकती है तो पश्चिम में जाट और गुर्जर बिरादरी को बड़ा मौका मिल सकता है। केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी मिलने के बाद उत्तर प्रदेश के संभावित मंत्रियों को शनिवार शाम तक लखनऊ पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल में पूर्वांचल के दो ओबीसी चेहरों को सियासी ताकत मिलेगी तो कई धुरंधर नेताओं के पर कतरे जा सकते हैं। मंत्रिमंडल में एक नए ब्राह्मण चेहरे की भी एंट्री होगी और एक पुराने ब्राह्मण नेता को भी फिर से मौका मिलेगा। इनके साथ दलित बिरादरी से भी दो नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। इस विस्तार में बागी सपा विधायकों की भी किस्मत चमक सकती है। इस फेरबदल और विस्तार में छह नए मंत्रियों को मौका मिलने की संभावना है। जिसमें पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सपा से आये मनोज पाण्डेय और पूजा पाल हैं वहीं, अशोक कटारिया, कृष्णा पासवान और पहली कैबिनेट में रहे सुरेश पासी को दोबारा मौका दिया जा सकता है। जबकि पूर्व ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अग्नि मिसाइल के उन्नत संस्करण का सफल परीक्षण



नयी दिल्ली। भारत ने ओडिशा तट से दूर मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। एमआईआरवी एक बैलिस्टिक मिसाइल... शेष पृष्ठ 10 पर

# टीवीके प्रमुख विजय ने हासिल किया आवश्यक संख्या बल

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु में नयी सरकार के गठन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति आखिरकार शनिवार को खत्म हो गई। वीसीके और आईयूएमएल ने अभिनेता से नेता बने विजय को बिना शर्त समर्थन दिया, जिससे तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत के लिए जरूरी संख्या बल अब हासिल कर लिया है।

- आईयूएमएल व वीसीके ने दिया समर्थन

थोल थिरुमावलवन के नेतृत्व वाली विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) ने आखिरकार विजय को समर्थन दे दिया। पार्टी के दो विधायक हैं। लंबे समय से वाम दलों की सहयोगी रही वीसीके ने पहले ही घोषणा की थी कि उसका निर्णय वामपंथी पार्टियों के रुख के अनुरूप रहेगा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने शुक्रवार को विजय को अपना समर्थन देने की घोषणा की थी। दोनों वाम दलों के दो-दो विधायक हैं। विजय का समर्थन करने से जुड़े वीसीके के निर्णय के कुछ ही देर बाद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक और सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी टीवीके को समर्थन दे दिया। आईयूएमएल के दो विधायक हैं। वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हो गया, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अखिलेश दास गुप्ता स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे









**लखनऊ।** अखिलेश दास गुप्ता स्कूल में शनिवार को मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत माताओं को टीका करके एवं स्वागत के साथ हुई। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए गीत, कविता तथा नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर कार्ड एवं हस्तनिर्मित उपहारों ने सभी का मन मोह लिया। माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बड़े उत्साह से भाग लिया।

इस अवसर पर 'रेट्रो थीम 70 एवं 80' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। माताओं एवं बच्चों ने आकर्षक रेट्रो परिधानों में भाग लेकर समारोह को रंगारंग बना दिया। कार्यक्रम में 'बेस्ट ड्रेस्ड डुओ अवॉर्ड' भी प्रदान किया गया, जिसने सभी का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय का वातावरण आनंद, प्रेम एवं उत्साह से भर गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजना स्वामी ने माताओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम बच्चों एवं माताओं के लिए यादगार एवं भावनात्मक अनुभव साबित हुआ।

# किसानों की डिजिटल पहचान की ओर तेजी से बढ़ रहा यूपी

## फार्मर रजिस्ट्री में 2.23 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश में किसानों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी और त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में चल रही फार्मर रजिस्ट्री अभियान ने अब बड़े स्तर पर परिणाम देना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार की सक्रिय पहल के चलते अब तक 2.23 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 77.43 प्रतिशत है।

प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान की शुरूआत 5 नवंबर 2024 से की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वर्तमान प्रगति के अनुसार अब तक 2,23,54,644 किसानों का नामांकन किया जा चुका है, जबकि लगभग 65,15,851 किसानों का पंजीकरण अभी शेष है। सरकार ने इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, कृषि विभाग और स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करना है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, कृषि अनुदान, ऋण सुविधा और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सके।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अगले 30 दिनों यानी 6 जून 2026 तक लक्ष्य पूरा करना है। इसके साथ ही वर्तमान प्रगति के आधार पर किसानों की आईडी निर्माण प्रक्रिया 108 दिनों में यानी 22 अगस्त 2026 तक पूर्ण होने का अनुमान है। योगी सरकार की प्राथमिकता केवल पंजीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि भूमि और किसानों के रिकॉर्ड को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाना भी है।

इसी क्रम में ह्लअंश निर्धारणह्व का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में अंश निर्धारण का कार्य 87.19 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इससे भूमि रिकॉर्ड की शुद्धता बढ़ेगी और भविष्य में विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री उत्तर प्रदेश की कृषि व्यवस्था में बड़ा बदलाव ला सकती है। इससे सरकार को वास्तविक किसानों की पहचान करने, योजनाओं की मॉनिटरिंग करने और कृषि आधारित नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी।

साथ ही किसानों को सरकारी सहायता प्राप्त करने में भी आसानी होगी। सरकार लगातार तकनीक आधारित प्रशासन को बढ़ावा दे रही है। डिजिटल गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाओं और डेटा आधारित योजना क्रियान्वयन के जरिए उत्तर प्रदेश को आधुनिक और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है।

फार्मर रजिस्ट्री अभियान को भी इसी व्यापक परिवर्तन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है, जो आने वाले समय में प्रदेश के करोड़ों किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

# शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बंगाल में नयी संभावनाओं व प्रगति के खुलेंगे द्वार : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

- सीएम धामी ने कोलकाता पहुंचकर शुभेंदु अधिकारी के शपथग्रहण समारोह में लिया भाग, सफल कार्यकाल की दीं शुभकामनाएं



**देहरादून/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ प्रदेश की राजनीति में बदलाव और नई उम्मीदों का दौर शुरू हो गया है। कोलकाता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाग लेते हुए नवनियुक्त मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

भव्य समारोह में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद तथा गोपनीयता की शपथ लेकर राज्य की बागडोर संभाली। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए राजनीतिक नेताओं, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकासोन्मुखी सोच, पारदर्शी व्यवस्था और बेहतर प्रशासन के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से आया यह परिवर्तन राज्य में नई संभावनाओं और प्रगति के द्वार खोलेगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास, शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाएगी। साथ ही कानून व्यवस्था को मजबूत कर प्रदेश में सुरक्षित वातावरण तैयार किया जाएगा, जिससे व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारें समन्वय के साथ कार्य करते हुए पश्चिम बंगाल को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन संभावनाओं और आर्थिक क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखता है।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने नई सरकार के स्वागत में जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।

# मातृ मृत्यु अनुपात हुआ कम, गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान है 102 एंबुलेंस सेवा

## वर्ष 2015-17 की तुलना में 2021-23 की सर्वे रिपोर्ट में कम दर्ज की गई मृत्यु दर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की 102 एंबुलेंस सेवा ( मदर एंड चाइल्ड सर्विसेस ) गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। पहले गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने से उनकी जान को खतरा रहता था। ऐसे में योगी सरकार ने 102 एंबुलेंस सेवा का सुदृढ़ीकरण कर मातृ मृत्यु अनुपात को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि वर्तमान में 102 एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम घटकर 7 मिनट रह गया है। इसका मतलब यह है कि आपात स्थिति में मात्र सात मिनट में चिकित्सीय सुविधा प्राप्त हो रही है। रिस्पांस टाइम में उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर एक पर है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य अमित घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने मातृ मृत्यु अनुपात को कम करने के लिए बड़े कदम उठाये। इसके लिए जहां प्रदेश के शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों को सुदृढ़ किया गया, वहीं 102 एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गये। उसके नतीजे आज सबके सामने हैं।

सीएम योगी की दूरदर्शी सोच और मॉनीटरिंग का ही असर है कि वर्तमान में एंबुलेंस सेवा 102 का रिस्पांस टाइम मात्र 7:06 मिनट है जबकि वर्ष 2016 में रिस्पांस टाइम 11:28 मिनट था। यह रिस्पांस टाइम अचानक कम नहीं हुआ बल्कि सीएम योगी के विगत नौ वर्षों में लगातार किए गये प्रयासों और पहलों से संभव हो पाया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सीएम योगी ने 2019 और 2023 में खटारा हो चुकी क्रमशः 1,554 और 674 एंबुलेंस को हटाकर नई स्वास्थ्य तकनीक से लैस एंबुलेंस की खरीद की। इसके अलावा सेवा को बेहतर करने के लिए 306 अतिरिक्त नई एंबुलेंस को जोड़ा गया। वर्तमान में प्रदेश में कुल 2,270 एंबुलेंस सेवा 102 संचालित हैं। इसके जरिये प्रदेश में औसतन रोजाना 40,524 जच्चा-बच्चा को सहायता प्रदान की जा रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि 102 एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम में कमी आने से प्रदेश में मातृ मृत्यु अनुपात में काफी कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे ( एसआरएस ) के अनुसार वर्ष 2015-17 में प्रदेश की मातृ मृत्यु अनुपात 216 प्रति लाख दर्ज की गयी थी, जो कम हो करके वर्ष 2021-23 में 141 प्रति लाख पहुंच गई है।

मिशन निदेशक के अनुसार, सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि साल दर साल एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम कम होता गया। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस सेवा 102 का रिस्पांस टाइम वर्ष 2016 में 11:28 मि., वर्ष 2017 में 12:01 मि. और वर्ष 2018 में 11:21 मि. दर्ज किया गया। वहीं वर्ष 2020 में 13:42 मि. और वर्ष 2021 में 12:02 मि. रिस्पांस टाइम दर्ज किया। वर्ष 2020 और 2021 का रिस्पांस टाइम वैश्विक कोरोना बीमारी के समय का है। इसके बाद वर्ष 2022 में 7:01 मिनट और वर्ष 2023 में 7:02 मिनट दर्ज किया गया है। वहीं वर्तमान में रिस्पांस टाइम 7:06 मिनट है।

# गोमती बैराज के गेट का स्काडा तकनीक से होगा संचालन

## आधुनिक बनाया जा रहा गोमती बैराज, मजबूत होगी राजधानी की पेयजल आपूर्ति

विशेष संवाददाता (vol)

- जल सुरक्षा और बाढ़ नियंत्रण को मजबूत करने के लिए शुरू हुआ गेट बदलने का कार्य
- सुचारु रूप से काम पूरा करने के लिए 15 जून तक रहेगी बंदी

**लखनऊ।** प्रदेश में बुनियादी ढांचे और जल प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी के तहत राजधानी स्थित गोमती बैराज को आधुनिक और आदर्श बैराज सिस्टम के रूप में विकसित किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने बैराज के पुराने और क्षतिग्रस्त वर्टिकल गेटों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया है। इससे राजधानी लखनऊ की पेयजल आपूर्ति और अधिक मजबूत होगी। इसके अलावा जल सुरक्षा, बाढ़ नियंत्रण और पर्यावरणीय संतुलन को नई तकनीक के माध्यम से और मजबूती मिलेगी।

प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग ने बताया कि वर्ष 1980 से 1983 के बीच निर्मित गोमती बैराज लंबे समय से राजधानी की जल आपूर्ति व्यवस्था की रीढ़ बना हुआ है। यह बैराज कुड़िया घाट पंपिंग स्टेशन पर 105.6 मीटर का निर्धारित जल स्तर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे लाखों लोगों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो पाता है। इसके साथ ही बारिश के मौसम में गोमती नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित कर शहर को बाढ़ जैसी स्थितियों से बचाने में भी यह अहम योगदान देता है। उन्होंने बताया कि समय के साथ नदी के पानी की गुणवत्ता और लगातार उपयोग के कारण बैराज के गेटों में जैविक एवं रासायनिक क्षरण बढ़ गया था। इससे गेटों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगी थी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चरणबद्ध तरीके से गेट बदलने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में वर्ष 2024 में दो गेट बदले गए थे, जबकि 2025 में चार अन्य गेटों को प्रतिस्थापित किया गया। अब अंतिम चरण में शेष चार गेटों के निर्माण और स्थापना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मुख्य अभियंता यांत्रिक उपेंद्र सिंह ने बताया कि इन गेटों का निर्माण बरेली स्थित आईएसओ प्रमाणित सिंचाई कार्यशाला में किया गया है। प्रत्येक गेट दो स्तरों में तैयार किया गया है, जिसमें ऊपरी हिस्से का वजन लगभग 16 टन और निचले हिस्से का वजन करीब 18 टन है। सभी दस गेटों की चौड़ाई 18 मीटर तथा ऊंचाई 4.95 मीटर निर्धारित की गई है। अत्याधुनिक तकनीक और मजबूत संरचना वाले ये नए गेट लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती गेट बदलने के दौरान राजधानी की पेयजल आपूर्ति को प्रभावित न होने देना था। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने बैराज के ऊपरी हिस्से में कॉफरडैम का निर्माण कराया है, ताकि मरम्मत और प्रतिस्थापन कार्य के दौरान जल स्तर को नियंत्रित रखा जा सके। इस व्यवस्था से कुड़िया घाट पंपिंग स्टेशन तक पर्याप्त पानी पहुंचता रहेगा और शहरवासियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्य अभियंता ने बताया कि मरम्मत और गेट प्रतिस्थापन कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए 8 मई से 15 जून तक कुल 45 दिनों की बंदी निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के कारण जल स्तर में गिरावट की संभावना को देखते हुए विभाग चौबीसों घंटे काम कर रहा है ताकि कार्य समय से पहले पूरा किया जा सके। इसके लिए इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों की विशेष टीम लगातार निगरानी कर रही है। बैराज को स्काडा तकनीक से स्वचालित रूप में संचालित करने की तैयारी की जा रही है। इससे बैराज के गेटों का संचालन डिजिटल माध्यम से किया जा सकेगा। जल स्तर की निगरानी, गेटों का नियंत्रण और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया जैसी व्यवस्थाएं अधिक प्रभावी बनेंगी।

# सरकार के सुशासन मॉडल को संध्या संवाद से मिली नयी रफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

- विशेष शिविर लगाकर दिया गया योजनाओं का लाभ

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के विजन को नई धार देने के लिए देवीपाटन मंडल में संध्या संवाद कार्यक्रम की शुरूआत श्रावस्ती से की गई। योगी सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और प्रशासन को सीधे गांव-गांव तक ले जाने की इस पहल की शुरूआत श्रावस्ती की चयनित ग्राम पंचायत टेण्डवा महन्थ से की गई। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।

देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने श्रावस्ती दौरे के दौरान संध्या संवाद कार्यक्रम के तहत चयनित ग्राम पंचायत टेण्डवा महन्थ में प्रतिभाग कर ग्रामीणों से खुली चौपाल में सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत में एक दिवसीय विशेष शिविर भी आयोजित किया गया, जहां विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया। मंडलायुक्त ने बताया कि संध्या संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि गांवों और जरूरतमंद लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का है। इसी के तहत प्रशासनिक अधिकारी सीधे गांवों में पहुंचे और लोगों से संवाद किया। इससे न केवल लोगों का योगी सरकार पर विश्वास मजबूत होगा, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने श्रावस्ती में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के साथ आमजन की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का तत्काल समाधान कराया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन की तैयारियों की भी गहन समीक्षा की। आयुक्त ने राहत एवं बचाव कार्यों, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, राहत सामग्री की उपलब्धता और विभागों के बीच समन्वय की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सक्रिय और मजबूत रखी जाएं। मंडलायुक्त ने कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं की भी सुनवाई की। कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने जीपीएफ, पेंशन और अन्य देयकों के लंबित भुगतान की शिकायत की, जिस पर आयुक्त ने संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मालूम हो कि योगी सरकार लगातार वरिष्ठ नागरिकों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान पर जोर दे रही है और प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय की जा रही है। इसके बाद आयुक्त ने श्रावस्ती में चल रही विभिन्न निमार्णाधीन और नवनिर्मित परियोजनाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों के लिए बनाए गए आवासों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही पर्यटन विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जांच की। इस दौरान उन्होंने स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन, बुद्ध वनम पार्क, डोरमेट्री, गेट पिलर, पार्किंग और इंटरप्रिटेशन सेंटर सहित कई परियोजनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और अतिरिक्त मैनपॉवर लगाकर सभी परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा कराया जाए।

# अयोध्या बना जल जीवन मिशन के कौशल विकास का मॉडल

## अयोध्या में स्थापित हुआ जल जीवन मिशन का प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या जल जीवन मिशन के कुशल कार्यान्वयन और कौशल विकास का अनूठा मॉडल बनकर उभरा है। अयोध्या में स्थापित हुआ जल जीवन मिशन का प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर, जल जीवन मिशन को मिल रहे प्रशिक्षित कारीगर, जहां जल जीवन मिशन से जुड़े कारीगरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 550 से अधिक कारीगरों को दक्ष बनाया जा चुका है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या के द्वारा विकास खंड रुदौली के मुजफ्फरपुर-जलालपुर पेयजल योजना परिसर में स्थापित यह कौशल विकास केंद्र अपनी तरह का पहला और एकमात्र प्रशिक्षण केंद्र है। केंद्र को एक सक्रिय पेयजल योजना के परिसर में स्थापित करने का विशेष लाभ यह है कि प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ वास्तविक कार्यस्थल का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिल रहा है। केंद्र में फिटर, प्लम्बर, मिस्त्री ( मेसन ) और इलेक्ट्रीशियन जैसे ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रमुख विषयों में पाइप फिटिंग एवं अलाइनमेंट की उन्नत तकनीक, प्लम्बिंग संस्थापन, रिसाव नियंत्रण, ओवरहेड टैंक एवं अन्य संरचनाओं का राजमिस्त्री कार्य, सुरक्षा अभ्यास तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य प्रक्रिया शामिल हैं।

अब तक 22 प्रशिक्षण बैच पूरे हो चुके हैं, जिनमें प्रत्येक बैच में 25 प्रतिभागी शामिल रहे। कुल 550 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित हो चुके हैं, जिनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं। इन प्रशिक्षित कारीगरों का लाभ न केवल अयोध्या बल्कि सुल्तानपुर और देवरिया जिलों की जल जीवन मिशन परियोजनाओं को भी मिल रहा है। धरातलीय प्रभाव सकारात्मक इस पहल से परियोजना स्थलों पर कार्य की गुणवत्ता में सुधार देखा जा रहा है। पाइप जॉइंटिंग में मानकीकरण से रिसाव की घटनाएं घटी हैं, राजमिस्त्री कार्यों की फिनिशिंग बेहतर हुई है और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की संस्कृति विकसित हुई है। स्थानीय प्रशिक्षित कार्यबल की उपलब्धता से बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता कम हुई है तथा परियोजनाओं की गति तेज हुई है। दीर्घकालिक प्रभाव में सबसे महत्वपूर्ण योगदान संचालन एवं अनुरक्षण क्षेत्र में हो रहा है। उचित संस्थापन और गुणवत्तापूर्ण कार्य से रखरखाव लागत में कमी, परिसंपत्तियों के जीवनकाल में वृद्धि और जलापूर्ति प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ रही है, जो मिशन के मूल उद्देश्य हर घर नल से जल को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। केंद्र की सबसे सराहनीय पहल महिला भागीदारी को बढ़ावा देना है। अब तक 10 महिलाओं को पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर अयोध्या की विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तैनात किया जा चुका है। ये महिला ऑपरेटर अपने गांवों में जलापूर्ति प्रणाली का कुशल संचालन कर रही हैं। ग्रामवासियों, खासकर महिलाओं ने इस पहल का स्वागत किया है क्योंकि स्थानीय महिला ऑपरेटर की उपस्थिति से जलापूर्ति की निरंतरता और विश्वसनीयता दोनों बढ़ी है। जल निगम अयोध्या (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता अरविंद यादव ने बताया कि यह केंद्र मात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में दक्ष, सुरक्षा-जागरूक और आत्मनिर्भर कार्यबल तैयार करने की ठोस पहल है। महिलाओं की भागीदारी से हम जल जीवन मिशन को वास्तविक अर्थों में जन-जन का मिशन बना रहे हैं। अयोध्या का यह कौशल विकास केंद्र जल जीवन मिशन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थानीय सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। भविष्य में और अधिक बैच चलाकर इस मॉडल को और सशक्त बनाने की योजना है।

# भाजपा सरकार के पास जनता के लिए कोई काम नहीं

## सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के पास जनता के लिए कोई काम नहीं है और वह सिर्फ लोगों के बीच झगड़े कराने की राजनीति कर रही है। उनके बयान के बाद प्रदेश की सियासत में बयानबाजी तेज हो गई है।

अखिलेश यादव ने लखनऊ के सपा कार्यालय में शनिवार को प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई काम नहीं है, ये लोग नकारात्मकता फैलाते हैं, एक-दूसरे में झगड़ा लड़वाते हैं। इसके अलावा इनके पास कोई काम हो तो बताएं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनने पर महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का अवकाश दिया जाएगा। गोमती रिवर फ्रंट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। प्रतिमा में चेतक और भाला सोने का होगा। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जो लोग जीरो टॉलरेंस की बात करते थे, उन्होंने ही लॉ एंड ऑर्डर को जीरो कर दिया है। एनसीआरबी के आंकड़े खुद सरकार की नाकामी की गवाही दे रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया के खिलाफ मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग फॉर्म-7 भरकर सपा के वोट कटवाने का काम कर रहे थे।

ईवीएम के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यूके में हाल ही में बैलेट पेपर से चुनाव हुए हैं। सवाल उठाया कि क्या भारत इंग्लैंड से आगे है। सपा ईवीएम से ही भाजपा को हराएगी। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले कानपुर में पड़े छापे को सपा से जोड़कर प्रचारित किया गया था। अब पार्टी उस जब्त पैसे को वापस मांग रही है, लेकिन सरकार उसे लौटाने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में ईडी की कार्रवाई देखने को मिल सकती है। तमिलनाडु में स्टालिन की तस्वीर वाले विवाद पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के पास कोई सकारात्मक काम नहीं है, वह सिर्फ समाज में दरार और झगड़ा पैदा करने की राजनीति करती है।

संक्षेप

## चोरी का खुलासा आरोपी गया जेल

**प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को नकदी की बरामदगी के साथ धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा बनवारी लाल शनिवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। अहमद नगर सलेम भदौरी बगिया के पास एक युवक पुलिस को संदिग्ध दशा में दिखा। पुलिस टीम ने उसे हिरासत में लिया तब उसके पास से चोरी में बेचे गये जेवरात से मिले ग्यारह सौ नकद बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी जेठवारा थाने के दुंदा का पुरवा निवासी शिवम तिवारी पुत्र रवि तिवारी को जेल भेज दिया।

## फैक्ट्री में कंप्रेसर फटने से दो मजदूरों की मौत, एक घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नियमित परीक्षण के दौरान कंप्रेसर फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि सात मई शाम करीब छह बजे लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में विस्फोट होने की सूचना मिली, जिसमें कुछ कर्मचारी घायल हो गए। घायलों की पहचान इमरान (34), त्रिभुवन (38) और बांके (25) के रूप में हुई। उन्होंने कहा कि त्रिभुवन को मैक्स अस्पताल और इमरान व बांके को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान इमरान की सफदरजंग अस्पताल और त्रिभुवन की मैक्स अस्पताल में मौत हो गई। बांके का उपचार जारी है।

## अफसरों ने सुनीं शिकायतें

**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में लालगंज कोतवाली में आठ शिकायतों में अफसरों ने एक का निस्तारण कराया। यहां नायब तहसीलदार पंकज कुमार व प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने शिकायतों की सुनवाई की। वहीं लीलापुर में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने थाना दिवस पर आयी शिकायतों की सुनवाई की। एसडीएम ने यहां थाना दिवस के लंबित प्रार्थना पत्रों को लेकर राजस्व एवं पुलिसकर्मियों से तीन दिन के भीतर समाधान के बाबत कार्रवाई के निर्देश दिये। इधर सीओ आशुतोष मिश्र ने उदयपुर थाने में समाधान दिवस में आयी शिकायतों की सुनवाई की। यहां प्रभारी निरीक्षक ट्रेनी आईपीएस आफताब आलम ने भी शिकायतों के निस्तारण को लेकर फरियादियों को आश्वस्त किया।

## प्रतापगढ़ जिला जेल में बंदी पर पंखा गिरा, हालत गंभीर

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार में बैरक में सो रहे एक बंदी पर छत का पंखा गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला कारागार अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि चोरी के एक मामले में निरुद्ध हथिगवां थाना क्षेत्र के भोला का पुरवा बरना गांव का निवासी राजेंद्र प्रजापति उर्फ चिथरु को जेल की बैरक संख्या-दो में रखा गया था। शुक्रवार रात प्रजापति के ऊपर उस समय पंखा गिर गया जब वह सो रहा था। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। द्विवेदी ने बताया कि प्रजापति को तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्रयागराज स्थित एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत नवगत थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस ने ग्राम असनहरी में महिलाओं को जागरूक किया। अभियान का नेतृत्व नवागत थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने किया।

कार्यक्रम में महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, एंटी रोमियो अभियान तथा नए कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को 112, 1090, 181, 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक अयोध्या यादव एवं महिला कांस्टेबल प्रतिमा मौजूद रहीं।

## जगह के विवाद में मारपीट, युवक घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला इच्छा में शनिवार सुबह भू विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि नगला इन्छा निवासी शैलेंद्र सिंह (40) पुत्र नरेंद्र सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में पड़ी जमीन को लेकर उसके चाचा और उनके पुत्रों से कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और विपक्षी पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में शैलेंद्र घायल हो गया और उसके सिर में चोटें आई हैं। पुलिस ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## सांसद पाल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की बैठक संपन्न

**सद्धार्थनगर।** लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 में सड़क एवं सेतु निर्माण कार्यों की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। बैठक में श्यामधनी राही, सैय्यदा खातून, ध्रुव कुमार त्रिपाठी तथा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन मौजूद रहे।

सांसद जगदम्बिका पाल ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि बरसात से पहले सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत पूरी कर ली जाए। उन्होंने प्रमुख जिला मार्ग, राज्य मार्ग, धर्मार्थ मार्ग एवं ग्रामीण सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को भी कार्ययोजना में शामिल करने को कहा।

बैठक में जिले के ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक सुधार कार्य कराने तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क/अंजुड़ी बसावट योजना के तहत ग्रामीण मार्गों के निर्माण के प्रस्ताव भेजने पर भी जोर दिया गया। सांसद ने प्रत्येक तीन माह पर समीक्षा बैठक आयोजित करने और वर्ष 2025-26 की स्वीकृत सड़क सूची विधानसभा वार जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कमल किशोर, विवेक कुमार राय सहित सहायक एवं अवर अभियंता उपस्थित रहे।

## एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने थाना मोहाना का किया निरीक्षण, व्यवस्था में सुधार के निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को थाना मोहाना का निरीक्षण कर थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, बैरक, मेस, थाना कार्यालय तथा सीसीटीएनएस अभिलेखों की जांच की। एसएसपी ने साफ-सफाई एवं अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव के लिए थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान थाना मोहाना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की आवासीय व्यवस्था एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण की भी समीक्षा की गई। एसएसपी ने प्रशिक्षण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

## यमुना में वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज अब धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स के नए केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रही है। नगर निगम प्रयागराज ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत यमुना नदी में वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत की है। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने यमुना रिवर बैंक बोट क्लब पर इस परियोजना का शुभारंभ किया। नगर निगम के अनुसार इस परियोजना पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसके तहत अब प्रयागराज में स्पीड बोट, स्पीड स्कूटर (जेट स्की), कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसी जल क्रीड़ा गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इससे प्रयागराज के लोगों को जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए मुंबई या गोवा जैसे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अन्य राज्यों के पर्यटक भी यहां आकर वाटर स्पोर्ट्स का आनंद ले सकेंगे। दमहापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का संगम होने के कारण यहां वाटर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई थी। नगर निगम बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद इस योजना को अमलीजामा पहनाया गया।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 6 हिरासत में

**प्रयागराज।** जिले में अतरसुइया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणी देवी मोहल्ले में शनिवार शाम पुलिस ने एक मकान में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार महिलाओं और दो पुरुषों को आपत्तिजनक स्थिति में हिरासत में लिया। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल्याणी देवी क्षेत्र के एक मकान में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप था कि मकान में प्रतिदिन नए-नए लोगों का आना-जाना लगा रहता था, जिससे क्षेत्र में संदेह का माहौल बना था। शनिवार शाम करीब चार बजे सहायक पुलिस उपायुक्त निकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में अतरसुइया पुलिस ने मकान पर छापा मारा। पुलिस के पहुंचने पर मकान का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पुलिस अंदर पहुंची और सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया।

# सौरूपुर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न



**श्रावस्ती।** श्रावस्ती के सौरूपुर में राजेश शुक्ला के संयोजन एवं मनोज मिश्र ह्लकप्तानह्व की अध्यक्षता में द्वितीय अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को अखिल भारतीय अवधी समाज, अवधी मिठास तथा श्रावस्ती साहित्य का संरक्षण प्राप्त था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामफेरन पाण्डेय ने मां शारदे के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कवि समाज का मार्गदर्शक होता है और साहित्य समाज को नई दिशा देता है। कवि सम्मेलन का संचालन अनुपम पाठक ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सवैया सम्राट मनोज मिश्र ने मां वाणी की वंदना से की। रांची से आए कवि अभिनव मिश्र ने अपनी गजल, गीत और समसामयिक राजनीति पर आधारित मुक्तकों से श्रोताओं का मनोरंजन किया। इसके बाद मनोज मिश्र ने दहेज प्रथा पर आधारित अपनी भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

मुक्तकों के लिए प्रसिद्ध राजेश शुक्ल ने अवधी रचनाओं से समां बांधा। गोंडा से आए कवि विनय अक्षत ने ओजपूर्ण कविताओं के माध्यम से युवाओं में उत्साह का संचार किया। संचालक अनुपम पाठक ह्लअनुपमह्व ने कविता की शक्ति और देशभक्ति पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने मां सीता की विदाई पर आधारित संवेदनशील गीत भी सुनाया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। हास्य-व्यंग्य कवि नीरज नालायक ने अपनी अवधी रचनाओं से लोगों को हंसी से सराबोर कर दिया। वहीं श्रावस्ती के सक्रिय अवधी कवि श्रवण सायक ने जिले में बढ़ती साहित्यिक गतिविधियों पर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में राम कुमार शुक्ल ने सभी कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रताप नारायण शुक्ल, शिवम शुक्ल, प्रधान सरवनतारा दिलीप शुक्ल, अनुज आदर्श त्रिपाठी, अनुज उमाशंकर तिवारी, अरुण कुमार शुक्ल, अजय कुमार शुक्ल, रोहित तिवारी और अंकित तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। नारी शक्ति की भी विशेष सहभागिता रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं ने अंतिम कविता तक पूरे उत्साह और मनोयोग से कवियों का उत्साहवर्धन किया।

# चीन की पाक को मदद के बाद पीएम तोड़ें व्यापारिक रिश्ता : प्रमोद तिवारी



- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने तमिलनाडु के राज्यपाल को भी वापस बुलाने की उठायी आवाज

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद की स्वीकारोक्ति को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के लिए गंभीर चुनौती कहा है। उन्होने कहा कि चीन ने दुनिया के सामने खुलकर यह कह दिया है कि भारत के खिलाफ चार दिन चले संघर्ष के दौरान उसने पाकिस्तान को सेटेलाइट, उपकरण तथा राजनीतिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की थी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसके बावजूद पीएम मोदी इस अहम मसले पर भी खामोश हैं। उन्होने प्रधानमंत्री को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि चीन के साथ व्यापारिक समझौता कर आखिर उसे क्यों लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होने कहा कि चीन भारत के व्यापार से लाभ प्राप्त कर दुश्मन देश की मदद करता रहा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री को चीन के इस दुस्साहसिक खुलासे के बाद दृढ़ता दिखाते हुए फौरन चीन से व्यापारिक समझौता तोड़ लेना चाहिए। वहीं प्रमोद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी के अपमान के मामले में सरकार द्वारा एक साल बाद भी केस चलाने की अनुमति नही देने को भारतीय सेना के साथ देशवासियों के लिए पीड़ाजनक कहा है। उन्होने कहा कि आपरेशन सिन्दूर में कर्नल सोफिया सेना के उच्च पदस्थ अधिकारी के रूप में भारत का चेहरा बनी थी। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने धार्मिक एवं अधार्मिक आधार पर कर्नल सोफिया पर खतरनाक व बेहद अपमानजनक टिप्पणी की। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस संवेदनशील मसले पर एसआईटी का गठन किया गया। उन्होने कहा कि एसआईटी ने अभियोजन को मंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की सरकार से अनुमति मांगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह अनुमति एसआईटी को दो सप्ताह में ही अवश्य मिल जानी चाहिए थी। उन्होने कहा कि सरकार ने एक साल से अधिक अभियोजन के लिए अनुमति नही दी तब सुप्रीम कोर्ट को सीधे सरकार को फटकार लगानी पड़ी है। उन्होने कहा कि सशस्त्र बलों पर इस प्रकार की अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण एवं खतरनाक टिप्पणी के बावजूद विजय शाह का मंत्रि परिषद में बना रहना आश्चर्यजनक है। उन्होने कहा कि मुकदमा चलाने के लिए अनुमति में सुप्रीम कोर्ट के फटकार से यह तय हो गया है कि इस मामले में राज्य सरकार ही नहीं प्रधानमंत्री व गृह मंत्री भी जबाबदेह हैं। उन्होने सशस्त्र बलों से पीएम व गृहमंत्री से इस संवेदनशील मसले में नैतिक जिम्मेदारी के तहत माफी मांगने पर जोर दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने तमिलनाडु में सबसे बड़े दल को सरकार गठन के लिए आमंत्रित न करने के कदम को राज्यपाल के द्वारा लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। उन्होने कहा कि संविधान में साफ व्यवस्था है कि बहुमत विधानसभा में सदन में मौजूद उपस्थित सदस्य संख्या के तहत आधे से एक का है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल संविधान तथा परम्परा के खिलाफ अलोकतांत्रिक आचरण कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ऐसे में राज्यपाल को या तो फौरन वापस बुलाना चाहिए अथवा उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होने कहा कि भाजपा से लोकतंत्र को बचाने तथा मोदी सरकार की अपरिपक्वता के चलते देश की अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठा को भी सुरक्षित रखने के लिए कांग्रेस और विपक्ष सदन से सड़क तक लोकतांत्रिक कड़ा विरोध एवं असहमति जारी रखेगी।

## थाना समाधान दिवस में एसएसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं

**सिद्धार्थनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकडॉ. अभिषेक महाजन ने थाना मोहाना में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गंभीरता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष मोहाना सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ सुलह समझौते से निस्तारण पर जोर

**श्रावस्ती।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश राकेश धर दुबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश के न्यायालय सहित अधीनस्थ समस्त न्यायालयों, डीएम न्यायालय तथा संबंधित कार्यालयों में किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों, अधिवक्ताओं तथा न्यायालय कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंडियन बैंक के एलडीएम जुगुल किशोर सिंह तथा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित वार्ष्णेय सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुप्रिया द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश राकेश धर दुबे ने दीवानी न्यायालय परिसर में विभिन्न बैंकों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में न्याय मिलता है तथा आपसी सहमति से विवादों का समाधान होने से समय और धन दोनों की बचत होती है। इस दौरान अपर जनपद न्यायाधीश अमित कुमार प्रजापति, अपर सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट), नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अवनीश गौतम, सिविल जज विनीत कुमार, प्रदुमन मिश्रा, अरविंद कुमार मद्धेशिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जेआईसी कॉलेज में करियर डेवलपमेंट कार्यक्रम संपन्न

जिला संवाददाता (vol)



**इकौना, श्रावस्ती।** जगत जीत इंटर कॉलेज, इकौना में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण के उद्देश्य से आयोजित करियर डेवलपमेंट कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम बिहारी बाजपेई ने की। आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर ज्ञानवर्धक संवादों, उत्साह और प्रेरणा से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में एम०एल०के० (पीजी) कॉलेज, बलरामपुर से पधारे विद्वान शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यक्तित्व विकास तथा करियर निर्माण के विविध आयामों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

उर्दू विभाग के मो० तारिक कबीर ने भाषा एवं साहित्य की महत्ता को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को सतत अध्ययन, अभिव्यक्ति कौशल और बौद्धिक विकास के लिए प्रेरित किया। मनोविज्ञान विभाग के डॉ० स्वदेश भट्ट ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, सतत परिश्रम और सही दिशा में किया गया प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। अंग्रेजी विभाग के डॉ० बजरंगी लाल गुप्ता ने वैश्विक परिवेश में अंग्रेजी भाषा की बढ़ती उपयोगिता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। रसायन विज्ञान विभाग के डॉ० अमित कुमार वर्मा ने विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, अनुसंधान एवं रोजगार की विविध संभावनाओं से अवगत कराया। वहीं गणित विभाग के डॉ० शैंकी रुहेला ने तकनीकी शिक्षा, इंजीनियरिंग तथा आधुनिक प्रतिस्पर्धी युग में गणित विषय की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान एवं कला वर्ग से संबंधित उच्च शिक्षा के अवसरों, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा भविष्य निर्माण की रणनीतियों के विषय में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एम०एल०के० (पीजी) कॉलेज, बलरामपुर में उपलब्ध आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, खेलकूद एवं अन्य छात्रोपयोगी सुविधाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथि शिक्षकगणों के प्रति हार्दिक आभार एवं सम्मान व्यक्त किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणास्पद एवं भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध हुआ।

## मातृ दिवस पर प्रेरणादायक कार्यक्रमों की धूम, प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**प्रतापगढ़।** धधुआ गाजन स्थित आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस पर समारोहपूर्वक आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 सौरभ मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मातृ शक्ति पर आधारित ज्ञानवर्धक नाटक का मंचन देख अभिवावकों एवं अतिथियों को मंत्रमुग्ध देखा गया। वहीं छात्रा वामिका शुक्ला द्वारा मातृ शक्ति पर काव्यपाठ की भी भूरि भूरि सराहना हुई। छात्र छात्राओं ने झांकियों व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को चार चांद लगाया। आयोजन के तहत मातृ शक्तियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन विशेष आकर्षण में दिखा। विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि मातृ शक्ति के वंदन से हमें राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का बोध हुआ करता है। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों के कर्तव्य निर्वहन के लिए मातृ शक्ति से सदैव प्रेरणा मिला करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य शुभ्रांशु सिंह व संचालन सोनी तिवारी ने किया। इस मौके पर महेन्द्र पाठक, योगेन्द्र शुक्ल, गरिमा मिश्रा, आन्द्रे डिसिल्वा, सुषमा यादव आदि रहे।

## लोक अदालत में 269 वाद हुए निस्तारित छप्पन सौ से अधिक वसूला गया अर्थदंड

**प्रतापगढ़।** वाहय न्यायालय सीनियर डिवीजन लालगंज में शनिवार को लोक अदालत में विभिन्न आपराधिक एवं सिविल वादों का निस्तारण किया गया। वहीं लोक अदालत में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी निर्गत हुए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट की अदालत में एक सौ सैंतालिस वादों को सूचीबद्ध किया गया। एसीजेएम कुंवर मल्लिकार्जुन ने सुनवाई करते हुए एक सौ नौ वादों का निस्तारण किया। वहीं एसीजेएम कोर्ट ने चार हजार रुपए जुमार्ना भी वसूल किये। कोर्ट द्वारा एक हजार चालीस रुपए के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी निर्गत किये गये। वहीं सिविल जज अशोक कुमार की कोर्ट में सूचीबद्ध एक सौ बहत्तर मुकदमों में एक सौ साठ का निस्तारण हुआ। इस अदालत द्वारा सोलह सौ एक रुपए का अर्थदण्ड भी वसूल किया। लोक अदालत की अध्यक्षता अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने किया। उन्होने लोक अदालत के जरिए जरूरतमंद को मिलने वाले त्वरित न्याय को पूर्ण न्याय की उपलब्धि कहा। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, आशुतोष सिंह, रमेश पाण्डेय, करूणा शंकर मिश्र, पवन पाण्डेय, संजय ओझा, शहजाद अंसारी, वीरेन्द्र सिंह, जान्हवी प्रताप सिंह, कमलेश त्रिपाठी, विभूति शुक्ला, रामसजीवन वर्मा, शैलेन्द्र तिवारी, रेनू मिश्रा, विनीता यादव, राजेश सिंह, बद्री विशाल पुष्पाकर, विवेक यादव, सोनू चौधरी, पवन गौतम आदि अधिवक्ता रहे।

## अवकाश के दिन भी चुनावी माहौल की दिखी रंगत, वकीलों में उत्साह

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर शनिवार को अवकाश के दिन के बावजूद तहसील व दीवानी परिसर में दिन भर चुनावी गहमागहमी का माहौल देखा गया। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की भारी उपस्थिति चुनावी घमासान को रोचक बनाए दिखी। वहीं विभिन्न पदों के प्रत्याशियों द्वारा साथियों की आवभगत भी होती दिखी। इधर चुनाव समिति के कार्यालय पर हुई बैठक में प्रबन्धों को लेकर मंथन जारी दिखा। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि मतदान एवं मतगणना के लिए जिले व स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा गया है। उन्होने बताया कि मतदान के दिन लाइब्रेरी हॉल के निकट बैरीकेटिंग भी करायी जाएगी। समिति के कार्यालय में प्रत्याशियों ने भी पहुंचकर मतदान व मतगणना के प्रबन्धों के बाबत अपने सुझाव फिर रखे। बैठक में शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह अगई, रामलगन यादव, शैलेन्द्र चतुवेर्दी, संतोष पाण्डेय मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की पीड़ा



**श्रावस्ती।** थाना इकौना में शनिवार को डीएम अन्नपूर्णा गर्ग एवं एसपी राहुल भाटी की अध्यक्षता में समाधान दिवस/थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि थाना दिवस में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और समयबद्ध तरीके से उसका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को फरियादियों के साथ नम्र व्यवहार करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवादों से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने पर जोर दिया। साथ ही बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर मौके पर जांच की जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को फोन अथवा अन्य माध्यम से अवगत भी कराया जाए, ताकि लोगों का भरोसा प्रशासन और पुलिस पर बना रहे तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति प्रभावी रूप से लागू हो सके। समाधान दिवस के दौरान थाना क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मल्हीपुर, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, बीट निरीक्षक, बीट कांस्टेबल सहित बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे।

## लालगंज और लीलापुर पुलिस ने गांजा तस्करी का किया पर्दाफाश

**प्रतापगढ़।** एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर आपरेशन प्रहार में लालगंज एवं लीलापुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। लालगंज तथा लीलापुर कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में अलग अलग दो आरोपियों को हिरासत में लेकर शनिवार को जेल भेज दिया। लालगंज के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार की देखरेख में गश्त पर निकले दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी ने अमावां तिराहे के पास से एक संदिग्ध को फोर्स के साथ रोका। आरोपी अमावां निवासी सौरभ पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय की तलाशी ली गयी तब उसके पास से भारी मात्रा में गांजे की बरामदगी देख पुलिस टीम सकते में आ गयी। पुलिस ने आरोपी सौरभ के पास से एक किलो दो सौ चौदह ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। वहीं लीलापुर पुलिस ने भी आपरेशन प्रहार को लेकर सफलता ली है। थाने के दरोगा शहंशाह खान फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। समशेरगंज रोड पर स्थित ब्राम्ही बालिका इण्टर कालेज के समीप पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी तुलापुर निवासी अजय सिंह पुत्र बाम्बे प्रसाद सिंह के पास से एक किलो एक सौ चार ग्राम अवैध गांजा व बिक्री का तीन सौ पचास रुपए भी बरामद हुआ। आरोपी अजय के खिलाफ भी लीलापुर थाने में एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया। पुलिस टीमों की सफलता पर जिले के एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय व लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने सराहना की है।

संक्षेप

## समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं

**पाटन, उन्नाव।** थाना बिहार में समाधान की अध्यक्षता कर रहे कृष्ण कुमार सिंह ने थाना बिहार में फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनी। इस मौके पर तीन प्रार्थना पत्र आए। जिनमें मौके पर दो निस्तारण किया। राजस्व टीम व पुलिस टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच के निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व कानून गो दिनेश कुमार अनवर अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवक की आत्महत्या

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में दर्दनाक घटना, मेहरा फाटक के पास ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया युवक की जेब से मिला कागज, लिखे थे परिवार के नंबर, फोन करने पर मौके पर पहुंचे परिजन, की पहचान, 5 महीने से गंभीर बीमारी से जूझ रहा था मृतक, पत्नी और 3 साल की बेटी को छोड़ गया युवक पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिवार में मचा कोहराम।

## बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता व 8 साल के बेटे की मौत

**इटावा।** फर्रुखाबाद मार्ग पर थाना चौबिया क्षेत्र के कबूली गांव के पास शुक्रवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार परिवार की बोलेरो से आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बोलेरो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। मैनपुरी के कुसमरा थाना क्षेत्र के नगला बांध निवासी दिनेश पुत्र शिवपाल अपनी पत्नी नीतू व आठ वर्षीय बेटे लक्की के साथ चैबिया क्षेत्र के मसनाई गांव में अरविंद के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शाम को तीनों बाइक से वापस लौट रहे थे जैसे ही उनकी बाइक कबूली गांव के पास पहुंची तभी चैपला की तरफ से चैबिया जा रही तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर बाइ से भिड़ गई। हादसे में आठ वर्षीय लक्की की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दिनेश व उनकी पत्नी नीतू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दंपति को एंबुलेंस से सैफई पीजीआई भेजा गया जहां इलाज के दौरान दिनेश की मौत हो गई। महिला का इलाज जारी है।

## हर्ष फायरिंग में किशोर को गोली लगी

**इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव नगला सिंह में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना से अफरा-तफरी मच गई। गुरुवार रात बारात चढ़ते समय दूल्हे के भाई ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी, जिसमें गांव के ही 17 वर्षीय किशोर को गोली लग गई। घायल घायल किशोर को गंभीर हालत में सैफई ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी सैनिक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नगला सिंह गांव निवासी अनार सिंह के यहां शादी समारोह चल रहा था। मैनपुरी जिले के थाना बेवर क्षेत्र के गांव नगला कहरी गांव से दूल्हा विवेक कुमार सिंह बारात लेकर पहुंचा था लड़की पक्ष की ओर से बारातियों का स्वागत और नाशते का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद बैंडबाजे के साथ बारात का वरमाला स्थल की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान दूल्हे के भाई सोनू सिंह ने उत्साह में आकर अपनी लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी।

# स्कूल में मातृ दिवस पर सजी भावनाओं की महफिल



**गगहा, गोरखपुर।** राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल करवल मझगांवा में शनिवार को "मातृ दिवस" बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से माँ के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीत, कविता, नृत्य एवं लघु नाटकों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर समां बांध दिया। "माँ" विषय पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों की आँखें नम कर दीं। बच्चों की मासूम अभिव्यक्तियों और भावपूर्ण अभिनय ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से "माँ" के लिए संदेश लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय प्रशासन की ओर से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपनी माताओं को कार्ड एवं संदेश भेंट कर उनके प्रति प्रेम और आभार प्रकट किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन न केवल छात्रों और अभिभावकों के लिए आनंददायक रहा, बल्कि पारिवारिक मूल्यों एवं रिश्तों के प्रति संवेदनशीलता को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ।

## मातृ दिवस आयोजित

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सरदारनगर स्थिति वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल में स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आर. के. मिश्रा के नेतृत्व में मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूम धाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में माताओं ने सहभागिता किया। जिसमें उनके लिए लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अर्चना शुक्ला मदर ऑफ द डे रहीं। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन ई. अरविंद त्रिपाठी निदेशक श्रीमती तूलिका त्रिपाठी एवं श्री शैलेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। श्री त्रिपाठी ने आई हुई सभी महिलाओं को मातृ दिवस की बधाई दी। और कहा बच्चो के लिए मां का स्थान सर्वोपरि है।

# नर्रे बुजुर्ग में भव्य रूप से मनायी गयी महाराणा प्रताप की जयंती



**मझगांवा, गोरखपुर।** हिंदुआ सूर्य महाराणा प्रताप जी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को ब्लाक प्रमुख गगहा व प्रमुख संघ-गोरखपुर के अध्यक्ष शिवाजी चंद के ग्राम नर्रे बुजुर्ग स्थित आवास पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जहां सभी ने महाराणा प्रताप के चित्र पर तिलक लगाने के साथ ही पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके शौर्य व पराक्रम को नमन किया।

वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाना नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करता है। समारोह में गगहा ब्लॉक प्रमुख शिवाजी चंद, दिनकर चंद, शिव प्रताप शाही, गिरजेश चंद, बृजेश चंद, मुन्ना चंद, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य संतोष चंद, मनोज चंद, पप्पू चंद, देवेंद्र चंद, बबलू शाही, दयाशंकर चंद सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पन्नी की छांव में हो रहा गुजर बसर, सरकार से आवास की मांग

**मझगांवा, गोरखपुर। कौड़ीराम** ब्लाक के जगदीशपुर भलुआन में स्व रामदुलारे की बेसहारा पत्नी बिंदू देवी पात्रता के बावजूद सरकारी सुविधाओं से महरूम है। बिंदू देवी को आवास, शौचालय, पेंशन की दरकार है। उम्र के तीसरे पड़ाव में पहुंची बिंदू देवी मजदूरी कर किसी तरह अपना और मानसिक रूप से दिव्यांग एक मात्र पुत्र का पेट भर रही है। जगदीशपुर भलुआन निवासी रामदुलारे की मृत्यु पच्चीस वर्ष पहले हो चुकी है। बिंदू देवी के पास 13 डिस्मिल जमीन और टूटी झोपड़ी है। सरकारी सुविधा के नाम पर अन्नतोदय कार्ड बना है। विधवा पेंशन वर्षों पहले से बंद है। बिंदू देवी को सिर छुपाने के लिए खड़ी जर्जर झोपडी हर बारिश में टपकती है। बिंदू देवी का कहना है कि शौचालय और आवास के लिए कई बार लिख कर अधिकारी ले गये लेकिन अभी तक सुविधाओं का लाभ नहीं मिला। इस खंड विकास अधिकारी सत्येंद्र पाल सिंह का कहना है मामला संज्ञान में आया है।

# मदर्स डे पर कान्वेंट स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के छांछीराईखेड़ा स्थित लोटस कान्वेंट स्कूल में शनिवार को मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर मां के प्रति प्रेम सम्मान व्यक्त करने वाली मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद माताओं ने तालियां बजाकर अपने बच्चों की हौसलाअफजाई की। प्रधानाचार्य डॉ.स्वाती बाजपेयी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मां हमें निः स्वार्थ प्रेम, त्याग, अनुशासन और संस्कारों की सीख देती है। बच्चों को अपनी मां से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, मेहनत और अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। स्कूल प्रबंधक मनोज पांडेय ने कहा कि मां का प्रेम जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। मदर्स डे केवल एक दिन का उत्सव नही, बल्कि मां के त्याग, समर्पण और स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। बच्चों ने अपनी माताओं को तिलक व ताज पहनाकर सम्मानित किया। भावुक माताओं ने बच्चों को गले से लगा लिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य शैलेन्द्र अवस्थी, प्रशांत, मौसम, रश्मि खरे, कोमल, कुसुमांजलि, नित्या, अमित शुक्ला, अंजनी बाजपेई समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जीडी गोयनका स्कूल, मगरवारा में ‘मॉम्स डे डिलाइट’ कार्यक्रम का आयोजन

**शुक्लागंज, उन्नाव (वीओएल)।** जी डी गोयनका स्कूल, मगरवारा में शनिवार को मदर्स डे के अवसर पर ‘मॉम्स डे डिलाइट’ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रेम, त्याग और समर्पण को सम्मान देना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय द्वारा विभिन्न मनोरंजक एवं आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सिंगिंग, डांसिंग एवं रैंप वॉक जैसी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरपर्सन श्वेताभानू मिश्रा ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने उपस्थित सभी माताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। बच्चों की माताओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में संगीत प्रतियोगिता की विजेता सुरभि पाण्डेय,




नृत्य प्रतियोगिता की विजेता प्रिया श्रीवास्तव तथा रैंप वॉक प्रतियोगिता की विजेता संध्या सिंह रहीं। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन हेतु रविंद्र अरोरा (सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं मेकओवर आर्टिस्ट) को डांसिंग एवं रैंप वॉक का निर्णायक बनाया गया, जबकि तेजस्वी मिश्रा (यूपी गॉट टैलेंट विजेता एवं सा रे गा मा जैसे रियलिटी शो के प्रतिभागी) ने सिंगिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम भाव-विभोर कर देने वाले रहे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन संगीता गुप्ता एवं प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों ने माताओं की सराहनीय सहभागिता की प्रशंसा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पुनीता दुटेजा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा मदर्स डे के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

## राज्यपाल तथा कुलाधिपति ने मेरठ स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि वप्रौद्योगिकी विवि की लखनऊ में की समीक्षा बैठक

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल व राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की लखनऊ में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि विवि को केवल शिक्षण संस्थान ही नहीं है, बल्कि किसानों और युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का केंद्र बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि विश्वविद्यालयों को प्रयोगशालाओं तक सीमित रहने के बजाय किसानों की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तैयार कर उन्हें बाजार से जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए और इस दिशा में तेजी से कार्य करना होगा। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग और विपणन तक सक्रिय भागीदारी निभाना भी है। उन्होंने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने गर्ल्स छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए छात्र छात्राओं की गतिविधियों पर नियमित निगरानी, स्वास्थ्य परीक्षण और छात्राओं से संवाद बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज जन भवन में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलपति एवं अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विवि तथा उसके अंतर्गत संचालित विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों, शैक्षिक एवं गैर-शैक्षणिक फैकल्टी, अनुसंधान गतिविधियों, रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, बेस्ट प्रैक्टिस, विद्यार्थी कल्याण, आधारभूत सुविधाओं, भवनों की स्थिति, विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, प्रगति रिपोर्ट, खेलकूद एवं सामाजिक गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि किसी भी कार्य का परिणाम महत्वपूर्ण होता है तथा विश्वविद्यालयों को अपने कार्यों के ठोस परिणाम समाज के समक्ष प्रस्तुत करने चाहिए।

# दो घरों में लगी आग, गृहस्थी का सामान खाक, मदद को उठे समाजसेवी के हाथ



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत बीघापुर ब्लॉक के सगवर गाँव में 8 मई शुक्रवार को दो घरो में रामकिशोर यादव पुत्र स्वर्गीय रामनायक व सरजू देवी पत्नी सुधीर यादव के यहाँ रात में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रखा सामान दैनिक उपयोग की सामग्री अनाज, कपड़े, रुपए आवश्यक कागजात, छप्पर भूसा आदि सब जलकर राख हो गये। जिससे दोनों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया, क्षेत्रीय लोगों के द्वारा आगजनी की सूचना जनपद के समाजसेवी पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दी गयी। जिस पर कृपालु व्यक्तित्व के धनी विधानसभा वासियों को अपना परिवार मानने वाले पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने त्वरित बड़ा कदम उठाते हुए अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह व अपनी टीम को अग्निपीड़ित परिवार की मदद करने हेतु घर भेजा मौके पर पहुँचे मानवेन्द्र सिंह ने दोनों परिवारों से मुलाकात करके आग से हुए नुकसान पर गहरा दुःख ब्यक्त किया व दोनों परिवारो को बड़ी राहत देते हुए। राशन सामग्री व बड़ी आर्थिक धनराशि दी कहा कि भविष्य में भी यदि कोई दिक्कत आये तो पुष्पेन्द्र भईया सदैव परिवार की भांति साथ देंगें। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह आपदा की इस घड़ी में दोनों अग्निपीड़ित परिवार के साथ खड़े है, आर्थिक मदद व राशन सामग्री पाकर अग्निपीड़ित परिवार की मुखिया सरजू देवी भावुक हो उठी व कहाकि आग लगने से हुए नुकसान की जो आर्थिक मदद राशन सामग्री की भरपायी की वह शायद ही किसी ने की हो ऐसे सेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पर मातारानी कृपा बनाये रखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बीघापुर प्रकाश सिंह परौरी, ग्राम प्रधान पति राममंगल मिश्रा, भोले सिंह प्रधान, पिंटू मिश्रा, जीतू तिवारी, प्रखर सिंह, राघवेंद्र सिंह, शीबू सिंह, राघवेंद्र परिहार, आशू सिंह, रामजी यादव, सर्वेश रिंकू आदि उपस्थिति लोगों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किये जा रहे जनहितकारी कार्यों की मुक्तकंठ प्रशंशा करके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## नारायन कॉलेज में मना मदर्स डे माँ शब्द में एक जीवन : डॉ. धर्मेन्द्र

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल ऑडीटोरियम में ‘मदर्सडे’ के अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा नर्सरी से 5 तक छात्र-छात्राओं एवं उनकी माताओं ने प्रतिभाग किया। फाइंड योर चाइड कार्यक्रम, नृत्य एवं रैम्प वॉक के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. पदमा त्रिपाठी, प्रोफेसर केके डिग्री कालेज, डा. श्रेता तिवारी, निदेशिका नारायन ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा तथा ज्यूरी मेम्बर के रूप में उपस्थित श्रीमती पूजा, संगीत शिक्षिका ने मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि माँ के असीम प्रेम और स्नेह को मात्र एक दिन में सारांशित नहीं किया जा सकता किन्तु विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां पर मदर्स डे के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र, छात्राओं को माँ के असीम प्रेम व स्नेह का बोध कराया जाता है। नारायन ग्रुप आफ इंस्टीटूयशन की निदेशिका डा. श्रेता तिवारी ने कहा माँ सृष्टि का वो सुन्दर व शक्तिशाली रूप है जिसमें सारे संसार के दुःखों को हरने की क्षमता तथा सृजन की असीम शक्ति होती है। आज के युग में माँ के लिए आधुनिकता के साथ चुनौतियां भी बढ़ गई हैं। कार्यक्रम में प्रोग्राम हेड कृष्णा गोपाल त्रिवेदी, सी.सी.ए. इंचार्ज ऋतु कनौजिया, टोनी साइमन, सचिन तिवारी, संदीप यादव, कृष्णकांत, गौरी अग्निहोत्री, आयुषी जैन, साक्षी चतुर्वेदी, गौरी सिंह, अंकिता सिंह तथा मंच संचालन में वैदेही ठाकुर का योगदान रहा।

# विकास बन रहा नपं बड़हलगंज की पहचान : राजेश त्रिपाठी

**गोरखपुर।** चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि उ.प्र. प्रदेश की नगर पंचायतों में बड़हलगंज की पहचान विकास कार्यों में अग्रणी रहने की बन रही है। शनिवार को श्री त्रिपाठी नगर पंचायत के लालगंज में नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में उक्त उदगार व्यक्त किया। नपं अध्यक्ष प्रीति उमर के साथ राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में प्राप्त धनराशि से करीब 2 करोड़ की लागत वाले आठ विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए श्री त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नीतियों की सराहना किया। चेयरमैन प्रीति महेश उमर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ नाथ जी की जीरो टॉलरेंस नीति व चिल्लूपार के यशस्वी विधायक राजेश त्रिपाठी के प्रयासों की बदौलत नगर पंचायत बड़हलगंज में विकास कार्यों की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने जनता की तरफ से योगी सरकार और विधायक श्री त्रिपाठी का आभार प्रकट किया।

बता दे किया नगर पंचायत में पंडित दीनदयाल दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत वार्ड नंबर 10, अटल बिहारी वाजपई नगर में मोहम्मद शाहिद के घर से छोटेलाल के घर से मेंन रोड तक सीसी रोड एवं ढक्कनदार नाली का निर्माण और इसी सड़क पर 7 मी ऑक्टेन पोल के साथ 90 वाट का स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा। राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से वार्ड नंबर 4 में नानाजी देशमुख नगर में दिलीप के घर से छोटू के घर तक सीसी सड़क एवं ढक्कनदार नाली और रवि जायसवाल के घर से छोटू के घर तक सीसी सड़क और ढक्कनदार नाली का निर्माण, वार्ड नंबर 7, मुक्तिपथ नगर में उमा मौर्य के घर से किशन जायसवाल के घर तक सीसी सड़क और ढक्कन सहित नाली का निर्माण वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से वार्ड नंबर 7, मुक्तिपथ नगर में सरयू पुल के पास बस शेल्टर यात्री विश्राम केंद्र का निर्माण, कल्याण नगर वार्ड नंबर 13 में स्वर्गीय कांतिलाल श्रीवास्तव के मकान से राधेश्याम जायसवाल के घर तक सीसी रोड ढक्कन सहित, नाली का निर्माण मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना द्वारा प्राप्त धनराशि से वार्ड नंबर चार, नानाजी देशमुख नगर में इम्तियाज के घर से छोटई सोनकर का घर होकर सलीम के घर तक सीसी रोड ढक्कन सहित नाली का निर्माण कराया जाना है। प्रतिनिधि महेश उमर, सभासद नियाज कुरैशी, राकेश कुमार राय, जीतेन्द्र पासी, रवि साहनी, दीपक शर्मा, सुदीप वर्मा, दीपक गौड़, सूरज सोनकर, सभासद प्रतिनिधि अमूल्यचंद चतुर्वेदी, रामदास मद्धेशिया, संजय सोनकर, ऋषि चन्द, आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, सन्तोष जायसवाल, न्यू जेन फाउंडेश के मानस त्रिपाठी, डा विजय कुमार जायसवाल, तारकेश्वर वर्मा, कृष्ण कुमार गुप्त, मोहम्मद तैयब, सुधीर पटेल, श्रीप्रकाश सोनी, आनन्द त्रिपाठी, संजय मौर्य, दिलीप निगम, अमलेश भारती, अजय दूबे, आदर्श शाही, दीपक गुप्ता, प्रकाशवीर जायसवाल, शिवम सोनी, हरपाल नागवानी, मनमोहन पटवा, रवि अग्रवाल, ताड़केश्वर वर्मा, मोहम्मद आजम, अरमान शेख, नूरआलम, शाहनवाज, इम्तियाज अहमद, सुनील मद्धेशिया, लल्ला पाण्डेय, राजकुमार निगम, हरिकेश यादव, अमरनाथ उमर, राजवेद तिवारी आदि मौजूद रहे।---------

# एक करोड़ की सड़कों का लोकार्पण

**गोरखपुर।** नगर पंचायत बड़हलगंज में चल रहे विकास उत्सव की कड़ी में नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 18, सुभाष चन्द्र बोस नगर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से निर्मित सड़कों का लोकार्पण चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने चेयरमैन प्रीति उमर के साथ किया। शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के सुभाष चंद्र6 बोस नगर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना द्वारा प्राप्त धनराशि करीब एक करोड़ की लागत से निर्मित केशव यादव के मकान से मृत्युंजय यादव के मकान तक, मृत्युञ्जय यादव के मकान से प्रभुनाथ गुप्ता के मकान तक एवं राम सेवक के घर से अजय दूबे के घर तक तीन सीसी सड़कों लोकार्पण करते हुए विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि पूरे प्रदेश में हम सबके मुखिया योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। प्रदेश में महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था, शिक्षा और स्वस्थ की व्यवस्था दिनोदिन सुधार की तरफ आगे बढ़ रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में नगर पंचाय बड़हलगंज में भी विकास की अप्रतिम इबारत लिख रही चेयरमैन प्रीति उमर। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, सभासद राकेश कुमार राय, राजीव मिश्र, रवि साहनी, दीपक शर्मा, नियाज कुरैशी, सुदीप वर्मा, दीपक गौड़, सभासद प्रतिनिधि अमूल्य चन्द चतुर्वेदी, रामदास मद्धेशिया, संजय सोनकर, ऋषि चन्द, ईओ राम समुख, लिपिक सुनील कुमार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय तिवारी, आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, सन्तोष जायसवाल, डा विजय कुमार जायसवाल, ओमप्रकाश यादव, कृष्ण कुमार गुप्त, मोहम्मद तैयब, सुधीर पटेल, आनन्द त्रिपाठी, संजय मौर्य, दिलीप निगम, अमलेश भारती, अजय दूबे, आदर्श शाही, दीपक गुप्ता, प्रकाशवीर जायसवाल, शिवम सोनी, हरपाल नागवानी, मनमोहन पटवा, सुनील मद्धेशिया, लल्ला पाण्डेय, राजकुमार निगम, हरिकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में आयीं 4 शिकायतें

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना जसवंतनगर सभागार में शनिवार को सीओ आयुषी सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम सिरहोल निवासी कुसमा देवी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी बैनामा शुदा भूमि पर विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं ग्राम फुलरई निवासी राजेंद्र सिंह ने निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण किए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया। दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए सीओ ने पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को जांच कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान बाद में तहसीलदार नेहा सचान भी पहुंचीं। हालांकि इसके बाद कोई अन्य मामला नहीं आया। उधर बलरई थाने में थाना प्रभारी कृपाल सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कार्यक्रम में कोई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद नहीं रहा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्यो के लिए "खुली" निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। 1. निविदा सं0: वमंविई–लजं–05–2026 **कार्य का विवरण:** चिलवारिया रेलवे स्टेशन पर माल धुलाई संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास और बीआरके एवं एनएनपी रेलवे कॉलोनी में ओवरहेड लाइन को भूमिगत केबलों से प्रतिस्थापित करके बिजली आपूर्ति बढ़ाने के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:** रु0 11644898.45 **बयाना राशि:** रु0 232900.00 **निविदा मूल्य:** रु0 00.00 **कार्य सम्पादन की अवधि** : 06 माह। 2. निविदा सं0: वमंविई–लजं–07–2026 **कार्य का विवरण:** एलजेएन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 से 6 तक के प्लेटफार्म की सतह में सुधार, कॉनफोर्स क्षेत्र, यात्री हॉल, प्रतीक्षा हॉल और जल आपूर्ति पाइपलाइन, शौचालय और परिसंचरण क्षेत्र में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य, पुराने पी.पी. शेल्टर में घास–फूस के अतिक्रमण के कारण पी.एफ नंबर 2, 3, 4 और 5 पर नए पी.पी शेल्टर का प्रावधान और एसएसई/डब्ल्यू/एलजेएन खंड में एलजेएन स्टेशन के पी.एफ नंबर 1 और 6 पर गैल्वनाइज्ड शीट का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रु0 42046043.09 **बयाना राशि:** रु0 840900.00 **निविदा मूल्य:** रु0 00.00 **कार्य सम्पादन की अवधि** : 06 माह। **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय** : 01.06.2026 व 15.00 बजे। नोटः– इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
वरि0 मंडल विद्युत इंजी0/सामान्य लखनऊ
मुजाधि/विद्युत–38
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## रामजानकी मार्ग के अधुरे निर्माण पर बने डिवाइडर के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

**गोला, गोरखपुर।** गोला के स्थानीय नपं समेत क्षेत्र अन्तर्गत निमार्णाधीन रामजानकी मार्ग पर अधूरे कार्यों के बीच बनाए गए डिवाइडर से आये दिन हो रही घटनाओं को लेकर शनिवार को गोला कस्बा के व्यापारियों और स्थानीय दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा उड़ती धूल से परेशान व्यापारियों ने प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। व्यापारियों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है, लेकिन बीच सड़क में डिवाइडर बना दिए गए हैं, जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाएं अब तक अनेकों जिंदगियां लील चुकी है। अधूरी सड़क, गिट्टी और निर्माण सामग्री के चलते वाहन चालक असंतुलित हो रहे हैं, वहीं राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने बताया कि सड़क के दोनों किनारों पर खुले नाले छोड़ दिए गए हैं, जिनमें आए दिन छोटे बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं निर्माण कार्य के दौरान लगातार उड़ रही धूल से दुकानदारों और राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। व्यापारियों ने कहा कि धूल के कारण दुकानों का सामान भी खराब हो रहा है और कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि सड़क निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप शीघ्र पूरा कराया जाए, खुले नालों को ढंका जाए तथा डिवाइडर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अनिल कुमार मौर्य, चंनकेश प्रसाद, गौतम चंद्रिका मौर्य, नंदलाल मोदनवाल, संत मोदनवाल, राजनाथ मौर्य, सूरज सोनकर, अशोक शर्मा, अरुण जायसवाल, मोतीलाल मौर्य, ब्रह्मदेव गुप्ता, बलराम मौर्य, सूरज जायसवाल, सूरज मोबाइल सेंटर, विनोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 1,36,639 मामले निस्तारित

**इटावा।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन की अध्यक्षता एवं दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज प्रथम अखिलेश कुमार व स्पेशल जज, एससी, एसटी एक्ट, नोडल अधिकारी लोक अदालत संजय कुमार चतुर्थ एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरती द्विवेदी तथा जनपद के समस्त अधिकारीगण के सतत प्रयास से जनपद न्यायालय व समस्त राजस्व न्यायालयों एवं समस्त प्रशासनिक विभागों के सहयोग से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक प्रतिमा शंकर दीक्षित का लोक अदालत में सराहनीय योगदान रहा।



उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बिट्रेशन वादों सहित सकल रूप से 1,32,639 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन द्वारा अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार द्वारा विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी संजय कुमार चतुर्थ द्वारा विशेष न्यायाधीश द.प्र.क्षे. आलोक कुमार श्रीवास्तव तथा विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट अंकुर शर्मा द्वारा 414 वादों का निस्तारण किया गया। पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरती द्विवेदी ने यह बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक आदलत में न्यायिक अधिकारीगण के अतिरिक्त विभिन्न विभागों व बैंको से सम्बन्धित प्री लिटिगेशन के 1,30,331 वाद निस्तारित किए गए जिनमे 209207137/-रू. वसूल किए गए। प्री-लिटिगेशन तथा लम्बित वादों का निस्तारण करते हुए सकल रूप से 22,72,54,187/-रू. वसूल किए गए। इस लोक अदालत में विभिन्न दूर-सुदूर क्षेत्रों से आए हुए लोगों को बैंकों के ऋण के भुगतान के संबंध में अच्छी छूट दी गई। भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षकारियों व वादकारियों के लिए पेय जल व उचित छाया इत्यादि का प्रबंध भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता सहित काफी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला आयोजित

**इटावा।** पुलिस लाइन सभागार में किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसपी क्राइम संतोष सिंह ने की। उन्होंने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों एवं महिला पुलिसकर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम का संवेदनशीलता के साथ पालन करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने किशोर न्याय अधिनियम की विभिन्न धाराओं एवं प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

संक्षेप

## युवती को भगा ले जाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र से युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि क्षेत्र की 18 वर्षीय युवती छह मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## छात्रा से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को स्कूल जा रही एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आने से इलाके में आक्रोश फैल गया। घटना काजीकमालपुर चौराहे की बताई जा रही है, जहां सहादतनगर निवासी तौफीक पुत्र इमाम अली ने छात्रा को रास्ते में रोककर उसके साथ अभद्रता की। आरोपी चौराहे पर मिठाई की दुकान चलाता है। पीड़िता ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिवार के लोग थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तौफीक को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष इमलिया सुल्तानपुर ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल युवक की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद से युवक का इलाज लखनऊ में चल रहा था। कोतवाली देहात क्षेत्र के गंगापुर निवासी हंसराज (32) अपने साथी दीपक के साथ प्लाईवुड फैक्ट्री से मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी झरेखापुर चैराहे के पास पीछे से आए अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां हालत नाजुक होने पर हंसराज को लखनऊ रेफर कर दिया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नगदी और जेवर लेकर युवती हुई लापता

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली के रेहरिया चौकी क्षेत्र के गांव में एक किशोरी नगदी और गहने लेकर गांव का युवक लेकर चला गया पिता की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित पिता ने बताया उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर परिवार के साथ सोई हुई थी। रात में गांव के युवक द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया है। किशोरी घर में रखी 50 हजार की नगदी और 2 लाख से अधिक रुपए के गहने लेकर चली गई है। पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज अपहर्ता की सकुशल बरामदगी के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है।

# भारत-नेपाल सीमा पर ब्राउन शुगर बरामद



पलियाकलां खीरी। प्रभारी निरीक्षक गौरीफंटा के नेतृत्व में थाना गौरीफंटा एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा बनकटी जंगल के नदी घाट क्षेत्र से होकर नेपाल जाने वाले कच्चे रास्ते पर शनिवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान अभियुक्त नवीन चौधरी पुत्र स्व० बाबूराम चौधरी निवासी कनरी वार्ड नंबर 15, उपमहानगर पालिका धनगढ़ी, जिला कैलाली, नेपाल राष्ट्र के पास 4.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ने अपना नाम नवीन चौधरी पुत्र स्व० बाबूराम चौधरी निवासी कनरी वार्ड नं. 15, धनगढ़ी नगर पालिका, जिला कैलाली (नेपाल) बताया है। बरामदगी 4.90 ग्राम ब्राउन शुगर (अवैध मादक पदार्थ) उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थाना गौरीफन्टा में मु0अ0सं0 14/26 धारा 8/21/23 नडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थाना गौरीफन्टा उपनिरीक्षक प्रमीत कुमार, कांस्टेबल ऋषभ कुमार यादव, महिला कांस्टेबल कुन्ती गिरफ्तारी करने वाली एसएसबी टीम कंपनी गौरीफन्टा, 39वीं वाहिनी एस एस बी असिस्टेंट कमाण्डेंट तिलक राज, सहायक उपनिरीक्षक डब्ल्यू. सुरचंद सिंह, मुख्य आरक्षी तुषार कान्ति दास, आरक्षी कमलेश कुमार, आरक्षी चन्दन कुमार, आरक्षी विकास कुमार तिवारी, महिला आरक्षी अरूणा (डॉग हैंडलर) थे।

## हस्तांतरण के फेर में बदहाल पड़ी सिंगाही नौरंगाबाद रोड, राहगीर परेशान

सिंगाही-खीरी। मरम्मत के अभाव में सिंगाही-नौरंगाबाद रोड बेहद जर्जर हालत में पहुंच गई है। सड़क खराब होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की मरम्मत का कार्य गन्ना विकास विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के बीच हस्तांतरण के विवाद में अटका हुआ है। बताया जाता है कि सिंगाही कस्बे से नौरंगाबाद गांव की दूरी करीब तीन किलोमीटर है। नौरंगाबाद से आगे एक रास्ता नौबना और ढखेरवा होते हुए रकेहटी तक जाने वाला मार्ग पलिया-सिसैया स्टेट हाइवे से जुड़ता है। वहीं दूसरा रास्ता नौरंगाबाद से बथुआ होते हुए बैरिया और पढ़ुआ के रास्ते ढखेरवा-गजियापुर रोड में जाकर मिलता है। इसके अलावा नौरंगाबाद स्थित आईटीआई कॉलेज के छात्रों का आवागमन भी इसी मार्ग से प्रतिदिन होता है, जिससे सड़क पर हर समय आवाजाही बनी रहती है। यह सड़क गन्ना विकास विभाग द्वारा बनाई गई थी, लेकिन अब तक इसका विधिवत हस्तांतरण लोक निर्माण विभाग को नहीं हो पाया है। इसी वजह से सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है और लोगों को बदहाल सड़क पर सफर करने को मजबूर



होना पड़ रहा है। इस संबंध में निघासन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने बताया कि उनके चीनी मिल के उपाध्यक्ष रहते एक बार तथा उसके बाद भी एक बार गन्ना विकास विभाग की ओर से सड़क की मरम्मत कराई जा चुकी है। इसको लेकर पूछे जाने पर गन्ना विकास परिषद के सीडीआई प्रताप दुबे ने बताया कि गन्ना विकास विभाग की सभी सड़कें लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी हैं। दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग के जेई आर.के. नागर ने कहा कि सिंगाही-नौरंगाबाद रोड के हस्तांतरण संबंधी कोई आदेश उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है।

## डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादें त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश




सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शनिवार को थाना सदरपुर पहुंचकर जनसुनवाई की और आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व संबंधी विवादों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवादों एवं संवेदनशील मामलों में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से महिला अपराध, भूमि विवाद और अवैध कब्जों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना समाधान दिवस रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण का पूरा विवरण दर्ज करने तथा अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

## खेत में दवा छिड़काव के बाद मजदूर की तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर में गन्ने के खेत में यूरिया के साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे एक मजदूर की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 48 वर्षीय गंगाराम गुरुवार को गांव के ही किसान केशवराम मिश्रा के गन्ने के खेत में दिहाड़ी मजदूरी करने गए थे। बताया जाता है कि वह खेत में यूरिया के साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें चक्कर आने लगे और घबराहट महसूस हुई। कुछ ही देर में उनकी हालत और बिगड़ गई। खेत में मौजूद अन्य मजदूरों और ग्रामीणों ने किसी तरह गंगाराम को उनके घर पहुंचाया। परिजनों के अनुसार घर पहुंचने के बाद भी उनकी हालत लगातार खराब होती गई। इसके बाद आनन फानन में उन्हें सीएचसी फरधान ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंगाराम की मौत हो गई। मृतक के भाई राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि गंगाराम गांव के ही एक किसान के खेत में खाद और दवा का छिड़काव कर रहे थे। इसके बाद वह गांव में जाकर शराब पी लिए जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें फरधान सीएचसी ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल और फिर हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। फिलहाल तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## मेधावी छात्र व अभिभावक सम्मानित




सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य रहे, जबकि जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामचंद्र मिश्र और डायट मेंटर दिलीप वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। चैपाल में एआरपी ब्रजेश कुमार शर्मा, इंद्रसेन, आलोक कुमार, सत्यांश सिंह, नावेद अख्तर तथा प्रथम संस्था से विनीत तिवारी ने शिक्षा की गुणवत्ता, बालिका शिक्षा और अभिभावकों की भूमिका पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संकुल जलालीपुर के सभी विद्यालयों के शिक्षक, सैकड़ों अभिभावक और बीआरसी से जुड़े कर्मचारी भी शामिल हुए। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, प्रेरणा गीत, नशा मुक्ति और बालिका शिक्षा जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल साहिल सिंह और आदर्श अध्यापिका सुनीता यादव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष कुमार मिश्र, नोडल शिक्षक प्रेम शंकर, साधना मिश्रा सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## तहसील पलिया में डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार की शाम तहसील पलिया परिसर में उस समय अफसरों में हलचल मच गई जब डीएम अंजनी कुमार सिंह अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए।

बिना पूर्व सूचना के हुए इस औचक निरीक्षण में डीएम ने तहसील की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील परिसर के विभिन्न कार्यालयों का बारीकी से भ्रमण किया और फाइलों, अभिलेख रजिस्टरों तथा कार्यालयी प्रक्रियाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में पहुंचकर व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को परखा और संबंधित कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। तहसीलदार न्यायालय पहुंचकर उन्होंने रैंडम फाइलें मंगवाकर न सिर्फ उनका अवलोकन किया बल्कि उनके विवरण को गहराई



से जांचा। तहसीलदार न्यायालय में पहुंचकर डीएम ने रैंडम फाइलें मंगवाकर उनका स्वयं परीक्षण किया। उन्होंने मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था पर गहरी नजर डाली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने पीठासीन अधिकारी से सीधे सवाल-जवाब करते हुए लंबित और निस्तारित मामलों की प्रक्रिया पर भी कड़ी नजर डाली। इसके बाद उन्होंने खतौनी काउंटर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था, अभिलेख संधारण और नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति को भी परखा। पूरे तहसील परिसर का भ्रमण कर इस दौरान एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, तहसीलदार ज्योति वर्मा सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नजूल की भूमि पर नई बस्ती में हो रहा अवैध निर्माण



लखीमपुर खीरी। तहसील लखीमपुर से 200 मीटर की दूरी पर मोहल्ला नई बस्ती में नजूल की भूमि पर सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण करता के हौसले इतने बुलंद है कि तहसील एवं नगर पालिका के अधिकारियों के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस पूरे अवैध निर्माण के मामले में तहसील लखीमपुर के एसडीएम एवं नगर पालिका लखीमपुर के अधिशासी अधिकारी की भूमिका सन्धिग्ध दिखाई दे रही है। नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध निर्माण को रोके जाने की नोटिस जारी करने के बावजूद शनिवार को अवैध निर्माण कार्य नहीं रोका जा सका। नजूल की भूमि पर अवैध निर्माण न करने के शासन एवं प्रशासन द्वारा पहले ही दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। बावजूद उसके अवैध निर्माण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अवैध निर्माण रोके जाने की पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा रोहित शेखर पुत्र हरे राम निवासी मोहल्ला नई बस्ती कोतवाली सदर लखीमपुर को नोटिस जारी की गई है।

## जनपदभर में शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप को किया नमन



सीतापुर। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को पूरे जनपद में श्रद्धा, उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। शहर से लेकर गांवों तक विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया गया।

जगह-जगह पुष्पांजलि, शोभायात्राएं और विचार गोष्ठियां आयोजित हुईं। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप को स्वाभिमान और स्वतंत्रता का अमर प्रतीक बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही और पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजता रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया नमन नगर स्थित काशीराम कॉलोनी के निकट महाराणा प्रताप एवं भामाशाह की प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप हम सबके प्रेरणास्त्रोत हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मुगलों के आगे कभी घुटने नहीं टेके। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के साहस और स्वाभिमान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर महेश शर्मा पटेल, रेखा वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, जया सिंह और श्री प्रकाश सिंह सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। हरगांव में क्षत्रिय सेना ने मनाई जयंती हरगांव क्षेत्र के झरेखापुर स्थित सिंह मार्केट में श्रीराम क्षत्रिय सेना द्वारा महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र का विधि-विधान से पूजन कर पुष्प अर्पित किए गए। संगठन के जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह गौर ने कहा कि राष्ट्रहित और राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि है तथा महाराणा प्रताप का जीवन शौर्य और बलिदान की मिसाल है। कार्यक्रम में बिमल सिंह, दलजीत सिंह, ध्रुव सिंह, विशाल सिंह, हरीश सिंह, अनुपम सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। विद्यालय में गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर कसमंडा स्थित पारवती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में महाराणा प्रताप जयंती अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई। शिक्षक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला सेवा प्रमुख सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्र गौरव और स्वतंत्रता के अमर प्रतीक थे। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना अपनाने की अपील की। प्रधानाध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और इतिहास से जोड़ने का माध्यम हैं। संदना में निकली भव्य शोभायात्रा संदना कस्बे में महाराणा प्रताप जयंती पर भारी उत्साह देखने को मिला। सुंदरानंद आश्रम में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें क्षत्रिय समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण अधिकारियों को लापरवाही पर फटकार



सीतापुर। जनपद की गौशालाओं की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर प्रशासनिक जांच में उजागर हो गई। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने पहला ब्लॉक के संसारपुर स्थित अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया तो वहां कई खामियां सामने आईं। व्यवस्थाओं में लापरवाही मिलने पर डीएम का पारा चढ़ गया और उन्होंने एडीओ पंचायत पहला तथा संबंधित पशु चिकित्साधिकारी के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दे दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गौशाला में पेयजल, हरा चारा, भूसा, स्वच्छता, सिक वार्ड और पशुओं की देखभाल की व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। कई व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप न मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने साफ कहा कि 15 दिन के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुईं तो विभागीय कार्रवाई तय मानी जाए। डीएम ने पशुओं की टैगिंग व्यवस्था में सुधार, पर्याप्त हरे चारे और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीमार और कमजोर पशुओं की समुचित देखभाल पर विशेष जोर देते हुए चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी मॉनिटरिंग, रजिस्टरों के रखरखाव और फंड रिक्वेस्ट समय से भेजने को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि अधिकारी नियमित निरीक्षण करें और गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 487वीं जयंती पर याद किए गये वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष संदीप मल्होत्रा उर्फ कन्हैया में संयुक्त रूप से मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा दुदं कहां तक पाला जाए युद्ध कहां तक टाला जाए तू भी राणा का वंशज है फेंक जहां तक भाला जाए से शुरूआत करते हुए कहा उन्होंने हल्दीघाटी के युद्ध के दौरान घास की रोटी खाकर मुगलों के छक्के छुड़ा दिए थे। भील जनजाति के लोग उन्हें प्यार से कीका कह कर बुलाते थे। अकबर की अधीनता स्वीकार न कर युद्ध लड़ा वह वीरता बलिदान और देशभक्ति के प्रतीक थे। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाबा तुरंत नाथ मंदिर में जुटे श्रद्धालु, भंडारे में शामिल हुए विधायक अमन गिरि



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्राम तेंदुआ स्थित प्राचीन बाबा तुरंत नाथ मंदिर परिसर में उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक अमन गिरि ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से बाबा तुरंत नाथ का जलाभिषेक और पूजन-अर्चन किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। पूरे परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। भंडारे में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि ने कहा कि शिक्षा और संस्कार समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं। शिक्षक समाज नई पीढ़ी को दिशा देने का कार्य करता है और ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने की बात भी कही।

भंडारे में शिक्षक संघ अध्यक्ष विजयपाल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडे, गिरीश तिवारी, विजय वर्मा, अरुणेश पांडे, मनोज वर्मा, राजेंद्र शुक्ला समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप जयंती पर वीरता और स्वाभिमान के आदर्शों को किया गया याद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उन्नकिसेस कृषि संस्थान के शैक्षणिक हाल में महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और स्वाभिमान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, पूर्व सैनिक राजेश्वर सिंह, विमलेश मिश्रा, सुनील बाजपेई, श्रीप्रकाश सिंह और जितेंद्र सिंह शामिल हुए। मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि समाज को सभी महापुरुषों की जयंती मिल जुलकर मनानी चाहिए ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम का संचालन विनीत भदौरिया ने किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाकर भी देश के स्वाभिमान की रक्षा की और कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। संस्थान की संचालक गीता भदौरिया ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसपी सिंह, धीरज बाजपेई, उदित प्रताप सिंह, सौरभ सिंह, नीरज सिंह, रामकुमार सिंह, राहुल सिंह, धीर सिंह, लविश वर्मा, नीतीश कुमार, अंकुल शैलेंद्र, राजकरन, रविंद्र कटियार, लवकुश अवस्थी, रविंद्र भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**कृषि निदेशालय-उत्तर प्रदेश (प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यूरो)**

**9, विश्वविद्यालय मार्ग, लखनऊ।**

**पत्रांक-ब्यूरो/ 103 / प्रदर्शनी/ ई-निविदा/2026-27/लखनऊः दिनांकः 5 मई, 2026**

कृषि विभाग के प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यूरो अनुभाग में परिवहन (ट्रान्सपोर्टेशन) विषयक ई-निविदा दिनांक 28-05-2026 अपराहन 12:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अपर कृषि निदेशक (प्रसार), उ0प्र0 कृषि भवन, लखनऊ के कक्ष में निविदा समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक फर्म/कम्पनी कालम संख्या-5 में दी गयी तिथियों में website http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र आन लाईन भर सकते है। निविदादाता को ई-टेण्डर में भाग लेने हेतु कालम सं.-03 में दशार्या गया निविदा शुल्क चालान के माध्यम से प्राप्ति लेखाशीर्षक-0401-फसल कृषि कर्म-00-800-अन्य प्राप्तियॉ-14-कृषि विभाग की अन्य प्राप्तियॉ मद में जमा करना होगा एवं कालम सं.-04 में दशार्यी गयी अग्रिम धनराशि (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट) का एफ.डी.आर./टी.डी.आर./डी.डी./बैंकर्स चेक जो संयुक्त कृषि निदेशक (ब्यूरो), उ.प्र. के पदनाम से देय/बन्धक होगा, जिसे मूल रूप में तथा निविदा शुल्क की रसीद एक लिफाफे में सील कर दिनॉक 28-05-2026 को अपरान्ह-03.00 बजे निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा में भाग लेने वाले फर्म/कम्पनी द्वारा शुल्क की रसीद, एफ.डी.आर./डी.डी./बैंकर्स चेक प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में उनकी निविदा नही खोली जायेंगी।
ई-टेण्डर को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश का होगा।

| क्र. सं. | कार्य/सामग्री का विवरण | निविदा शुल्क (रू.) | अग्रिम (अर्नेस्ट मनी) धनराशि (रू.) | निविदा अपलोड करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | परिवहन (ट्रान्सपोर्टेशन) कार्य विषयक | 8,500.00 जी.एस.टी. सहित | 49,000.00 | दिनांक 12-05-2026 से 28-05-2026 (अपरान्ह-12.30 बजे तक) |

निविदा से संबंधित नियम/शर्त तथा विवरण website http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**(ए0के0 सिंह)**
**संयुक्त कृषि निदेशक (ब्यूरो)**
**उत्तर प्रदेश।**

UPID-250990 Date: 08.05.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## लेखपाल से अभद्रता व चाबी छीनने का आरोप

**सुलतानपुर (वीओएल)**। कुड़वार थाना क्षेत्र में ग्राम परसीपुर में पुराने रास्ते के विवाद को लेकर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल के साथ अभद्रता और मोटरसाइकिल की चाबी छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल श्री प्रसाद पुत्र रामदेव गांव में रास्ते संबंधी विवाद की स्थिति देखने पहुंचे थे। इसी दौरान विपक्षी खुर्शीद अहमद पुत्र शमशेर से उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान खुर्शीद अहमद ने लेखपाल की मोटरसाइकिल की चाबी छीन ली। घटना की सूचना मिलते ही कुड़वार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लेखपाल वहां समाधान दिवस की कार्रवाई के तहत नहीं गए थे। साथ ही सोशल मीडिया पर लेखपाल को बंधक बनाए जाने की चल रही खबरों को पूरी तरह भ्रामक और असत्य बताया गया है। क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामन्त ने बताया कि मौके पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाग से 5 सफेदा के पेड़ काट ले गये चोर

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर**। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा निवासी कुलदीप पाठक की दमोदरा ग्राम सभा स्थित बाग में गुरुवार रात चोरों ने पांच सफेदा के पेड़ काटकर उठा ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि इससे पहले भी करीब दस सफेदा के पेड़ काटकर ले जाए गए थे। उस समय भी पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बढ़ गए और दोबारा घटना को अंजाम दे दिया गया। लगातार पेड़ों की कटान से पीड़ित को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अधेड़ व्यक्ति की कुएं में गिरकर मौत

**महाराजगंज, रायबरेली**। क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में शुक्रवार देर रात एक हादसे में अधेड़ व्यक्ति की कुएं में गिरकर मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी रामखेलावन पुत्र गंगाराम (लगभग 48 वर्ष) शुक्रवार देर शाम नशे की हालत में घर के पास स्थित पुराने कुएं के निकट पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह कुएं की दीवार पर बैठने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन अत्यधिक नशे के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक गहरे कुएं में जा गिरे। घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुएं में गिरने की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद रामखेलावन को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि, प्रथम दृष्टया मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है।

# स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहा हरीपुर मिर्दहा का सामुदायिक शौचालय

## शौचालय में लगा समरसेबल व परिसर में लगा हैंडपंप भी लंबे समय से खराब

- छत पर रखी पानी की टंकी में आज तक नहीं किया गया कनेक्शन



**खीरो, रायबरेली**। खीरों विकास खंड के ग्राम हरीपुर मिर्दहा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बना सामुदायिक शौचालय आज भी ग्रामीणों के लिए बेकार साबित हो रहा है। सरकार जहां गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाने और स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं जमीनी स्तर पर कई योजनाएं लापरवाही की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही हैं। हरीपुर मिर्दहा का सामुदायिक शौचालय भी ऐसी ही बदहाल व्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व शौचालय का सुंदरीकरण कराया गया था। इसमें नई टाइल्स लगवाई गईं, पत्थर का कार्य कराया गया, नई टोटियां लगाई गईं और छत पर पानी की टंकी भी रखवाई गई। उस समय ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब शौचालय पूरी तरह संचालित होगा और गांव के लोगों को सुविधा मिल सकेगी। लेकिन सुंदरीकरण कार्य के बाद भी शौचालय का संचालन शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि छत पर रखी पानी की टंकी में आज तक कनेक्शन ही नहीं किया गया। शौचालय में लगा समरसेबल खराब पड़ा है, जबकि परिसर में लगा हैंडपंप भी लंबे समय से खराब है। पानी की व्यवस्था न होने के कारण शौचालय उपयोग के योग्य नहीं रह गया है। हालत यह है कि जब से यह शौचालय बना है, तब से आज तक ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च कर केवल दिखावटी कार्य कराया गया, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई। शौचालय के दरवाजे अधिकतर बंद रहते हैं और परिसर में धीरे-धीरे गंदगी व अव्यवस्था बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शौचालय की देखरेख के लिए मानदेय पर कर्मचारी नियुक्त है, लेकिन मौके पर कोई कर्मचारी दिखाई नहीं देता। इसके बावजूद नियमित भुगतान किए जाने की चर्चा ग्रामीणों में बनी हुई है। इस संबंध में जब बीडीओ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले को दिखवाया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब शौचालय में पानी की मूलभूत व्यवस्था तक नहीं है, तो लाखों रुपये खर्च कर कराया गया सुंदरीकरण आखिर किस काम का ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो पूरा शौचालय केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का उदाहरण बनकर रह जाएगा।

## बारात में गये युवक की संदिग्ध परिस्थितिमें मौत

**परशदेपुर, रायबरेली**। डीह थाना क्षेत्र में बारात गए युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के शेरनाथपुर गांव निवासी 22 वर्षीय बृजेन्द्र कुमार शुक्रवार को गांव से ही परशदेपुर चैकी क्षेत्र के पूरे कलन्दर मजरे निनावां गांव बारात में शामिल होने गया था। सभी बाराती खुशी खुशी डी जे की धुन पर डांस कर रहे थे अचानक युवक की तबियत खराब हो गयी। साथियों ने युवक को चारपाई पर लिटा दिया। रात लगभग दो बजे युवक को लेकर अन्य साथियों ने बेहोशी की हालत में सलोन में एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## राष्ट्र को फिर चाहिए एक राणा प्रताप : अजय

**सुलतानपुर**। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र स्थित रामबरन पीजी कॉलेज बिभारपुर में शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने जाति और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास का कालचक्र ऐसे ही महान व्यक्तित्वों के इर्द-गिर्द घूमता है। अजय कुमार सिंह ने वर्तमान समय की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में अलगाववाद, आतंकवाद, नक्सलवाद व सांप्रदायिक शक्तियों के बढ़ते प्रभाव को समाप्त करने के लिए आज फिर एक महाराणा प्रताप जैसे राष्ट्रनायक की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों ने मुगलकालीन इतिहास में महाराणा प्रताप को वह स्थान नहीं दिया, जिसके वे वास्तविक हकदार थे। हालांकि कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में उन्हें अमर कर दिया। उन्होंने विशेष रूप से पंडित श्याम नारायण पांडेय की प्रसिद्ध कृति हल्दीघाटी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस रचना ने महाराणा प्रताप की वीरता को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई।

# राणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य शौर्य यात्रा



**अमेठी**। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर शनिवार को अमेठी कस्बे में विशाल शौर्य यात्रा निकाली गई। क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में सर्वसमाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। डीजे, बैंड बाजों और जयकारों के बीच निकली यात्रा से पूरे कस्बे का माहौल भक्तिमय और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नजर आया। शौर्य यात्रा की शुरूआत देवीपाटन मंदिर से हुई, जहां महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के बाद यात्रा को रवाना किया गया। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों और सगरा तिराहे से होते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल लोग हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्रीराम और महाराणा प्रताप अमर रहें के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। डीजे की धुन पर युवा झूमते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की ओर से भी विभिन्न स्थानों पर शौर्य यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी तथा पुष्पवर्षा कर लोगों का अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कभी विदेशी सत्ता के सामने सिर नहीं झुकाया और मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। कार्यक्रम में अमेठी की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के पुत्र अनंत विक्रम सिंह, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी, अभिषेक सिंह, अनुज सिंह, कोतवाल सिंह, संतोष सिंह, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान अनंत विक्रम सिंह ने उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी को भामाशाह का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं शौर्य यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस अधिकारी लगातार निगरानी करते नजर आए।

## परिषदीय विद्यालय पहुंचे स्टेडियम प्रशिक्षक बच्चों को खेलों के प्रति किया जागरूक



**सुलतानपुर (वीओएल)**। दूबेपुर ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सरैया पूरे साउं में जिले के स्टेडियम प्रशिक्षकों की टीम पहुंची, जहां बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न खेल योजनाओं और अवसरों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने उत्तर प्रदेश के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों और प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी साझा की। स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा, आनंद श्रीवास्तव, आशा और राम नरेश की मौजूदगी में प्रतिभाशाली बच्चों के आवेदन भी कराए गए। प्रशिक्षकों ने बच्चों को खेल प्रतिभा निखारने और नियमित अभ्यास के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण और जानकारी में भाग लिया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि खेल निदेशालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में अब परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भी सब-जूनियर स्तर पर प्रतिभाग कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए प्रशिक्षकों की टीम समय-समय पर विद्यालयों में पहुंचकर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देगी। इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज कविता चौधरी, सहायक अध्यापक मनोज श्रीवास्तव, सुजीत कुमार सहित कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम से बच्चों में खेलों के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

# व्हील शॉप में स्थापित नयी मशीनों का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आरेडिका दौरा एवं चिंतन शिविर का आयोजन

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली**। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एमसीएफ का दौरा किया तथा जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित चिंतन शिविर एवं प्रबंधन दक्षता संबर्धन कार्यक्रम का नेतृत्व किया। चिंतन शिविर में राज्यपाल ने जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में कार्यदक्षता, आपसी समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु रणनीतिक, कार्यवाही आधारित, योग्य एवं परिणामोन्मुख दिशा-निर्देशों पर विशेष बल दिया।

चिंतन शिविर के दौरान पारदर्शी प्रशासन, नवाचार आधारित कार्यप्रणाली आदि पर समूह चर्चा आयोजित की गई। राज्यपाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद करते हुए टीम भावना, नवाचार एवं कार्य संस्कृति को संस्थान की सफलता का आधार बताया। एमसीएफ के महाप्रबंधक रामन कृष्णन ने एमसीएफ द्वारा गत वर्षों में अर्जित उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। आगे राज्यपाल ने कारखाना परिसर का दौरा किया एवं व्हील शॉप में स्थापित नई मशीनों का लोकार्पण किया। उन्होंने एमसीएफ के ह्यआत्मनिर्भर भारतह्व एवं ह्यमेक इन इंडियाह्व अभियान को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। महाप्रबंधक रामन कृष्णन एवं प्रधान मुख?य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे ने राज?यपाल को कोच एवं ०?हील निर्माण के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## दिनदहाड़े दौड़ रहीं प्रतिबंधित लकड़ियों से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां

**जगदीशपुर-अमेठी**। क्षेत्र में प्रतिबंधित लकड़ियों की अवैध ढुलाई का खेल खुलेआम जारी है। जगदीशपुर व भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के रानीगंज-वारिसगंज मार्ग पर दिनदहाड़े ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां फरार्टा भरती नजर आ रही हैं। इन ट्रालियों में प्रतिबंधित लकड़ियां क्षमता से अधिक लादकर परिवहन किया जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। बावजूद इसके संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह मौन बने हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह से लेकर देर शाम तक इस मार्ग पर लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों का आवागमन लगातार बना रहता है। कई ट्रालियों में लकड़ियां इतनी ऊंचाई तक लादी जाती हैं कि पीछे चल रहे वाहन चालकों को रास्ता तक दिखाई नहीं देता। इससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ियों की कटान और परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगी तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्र के वारिसगंज जामों मार्ग, जगदीशपुर- मोहनगंज, देवकली- हसनपुर व रानीगंज-वारिसगंज आदि सडको पर तेज रफ्तार से दौड़ती ये ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां यातायात नियमों की भी खुली धज्जियां उड़ा रही हैं। कई वाहनों में न तो नंबर प्लेट स्पष्ट दिखाई देती है और न ही सुरक्षा के कोई मानक पूरे किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध लकड़ी कटान और ओवरलोड परिवहन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों की चुप्पी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

# सदर विधायक ने राही ब्लॉक के तीन गांवों में लगायी ग्राम चौपाल



- विधायक ने अफसरों को दिये त्वरित समाधान के निर्देश

**रायबरेली**। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड राही के अंतर्गत पूरे लिलहन, पूरे बच्चा सिंह एवं इकछनिहा गांवों में ग्राम चैपाल के माध्यम से स्थानीय जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली और चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। ग्रामीणों ने सड़क, नाली, बिजली, पेयजल और राशन वितरण से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। सदर विधायक अदिति सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। अदिति सिंह ने कहा, क्षेत्र की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और जनहित के कार्यों को गति देना ही मेरी प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा। ग्राम चैपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भगवान भोग नहीं, भाव के भूखे होते हैं : मुकेश आंनद

**नसीराबाद, रायबरेली**। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन विकास खण्ड छतोह के पूरे भोला पांडेय में चल रहे ज्ञान यज्ञ में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास मुकेशानंद जी महराज ने कहा कि कहीं भी हों, कुछ भी कर रहे हों, परमपिता का नाम जपते रहें। उन्होंने ध्रुव चरित्र की कथा सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था के सागर में डुबो दिया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि ध्रुव ने अपने अटल संकल्प, दृढ़ श्रद्धा और एकाग्र साधना के बल पर भगवान को पा लिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची भक्ति और अडिग विश्वास से कोई भी भक्त भगवान का साक्षात्कार कर सकता है। प्रवाचक ने कहा कि जब जीवन में कठिनाइयाँ आएं, तब ध्रुव की तरह धैर्य, तप और विश्वास को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने माता-पिता के प्रति श्रद्धा, गुरु के उपदेशों का पालन और भगवन्नाम की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भक्त प्रहलाद, नरसिंहावतार, विदुर- मैत्रेय संवाद, भगवान विष्णु के कपिल अवतार के रूप में देवहूति को सांख्य योग के ज्ञान देने, भरत जी के राजा से लेकर मृग योनि और फिर जड़भरत बनने तथा परीक्षित श्राप की कथा सुनाई। परम विद्वान प्रवाचक ने कहा कि विदुरानी द्वारा प्रेमवश भगवान को केले के छिलके खिलाने का प्रसंग यह दर्शाता है कि भगवान भोग नहीं, भाव के भूखे हैं। उन्होंने बताया कि जुआ, मद्यपान, परनारी गमन, और पाप से कमाए गए सोने में कलयुग का वास होता है। मुख्य यजमान जगदेव पांडेय, अंकित पांडेय, शिव भूषण शुक्ल, शिव कुमार शुक्ल, उषाकांत पांडेय, अजय पाल सिंह, पवन कुमार मिश्र, महेश तिवारी, राम मिलन शुक्ल आदि सैकड़ों भक्तों ने श्रद्धापूर्वक कथा सुनी।

## महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, वीर परिवारों का हुआ सम्मान



**सुलतानपुर (वीओएल)**। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर क्षत्रिय शिक्षा समिति द्वारा क्षत्रिय भवन सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, व्यक्ति को कभी झुकना नहीं चाहिए बल्कि संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य वक्ता एवं यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय वीरता और आत्मसम्मान के प्रतीक हैं। इतिहास ने चाहे जो लिखा हो, जनता ने उन्हें सदैव राष्ट्रभक्ति के महान नायक के रूप में स्वीकार किया है। कार्यक्रम के दौरान जनपद के शहीद सैनिकों की माताओं, वीरांगनाओं और परिजनों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं धनराशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ह्यप्रताप प्रतिमाह्व का लोकार्पण किया गया। जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सुबह महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एनसीसी, रोवर्स-रेंजर्स और एनएसएस के विद्यार्थियों ने घोड़ा और बैंडबाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। समारोह में समिति पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

## लोनिवि की वार्षिक कार्य योजना के निर्धारण को बैठक संपन्न

**रायबरेली**। जनपद में लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण, चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित वार्षिक कार्ययोजना के निर्धारण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक सलोन अशोक कुमार, मविधायक बछरावां श्याम सुन्दर भारती, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की आवश्यकताओं एवं स्थानीय जनसमस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। प्रस्तुत कार्ययोजना के अंतर्गत जनपद की सभी विधानसभाओं के लिए कुल 127715 लाख रुपये से अधिक लागत से 953 किमी लंबाई के 553 विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा गया। अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित कार्ययोजना में सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, नवीन सड़कों का निर्माण, रोड सेफ्टी से संबंधित कार्य, हेलीपैड निर्माण, सेतु निर्माण तथा भवन निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन कार्यों का उद्देश्य जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ाना तथा आमजन को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित रूप से संकलित कर शासन को अनुमोदन हेतु शीघ्र प्रेषित किया जाए, ताकि स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से प्रारंभ कराया जा सके।

# रायबरेली ने किया आचार्य द्विवेदी को नमन

- साहित्यकारों-बुद्धिजीवियों ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर खड़ी बोली हिंदी के पुरोधा का किया स्मरण



**रायबरेली**। हिंदी नवजागरण के शिल्पकार, खड़ी बोली हिंदी के संस्कार पुरुष एवं आधुनिक हिंदी साहित्य के युग प्रवर्तक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 162वीं जयंती शनिवार को जनपद में श्रद्धा, साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। उनके पैतृक गांव दौलतपुर से लेकर शहर के राही ब्लॉक प्रांगण और श्री गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणी पार्क स्थित प्रतिमाओं पर साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में न्यास अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि आचार्य द्विवेदी हिंदी चेतना के ऐसे महामनीषी थे, जिन्होंने भाषा को परिष्कार और साहित्य को नई दिशा प्रदान की। ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने उन्हें हिंदी अस्मिता का प्रेरणापुंज बताते हुए कहा कि ऐसे महापुरुषों का स्मरण हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

न्यास संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार गौरव अवस्थी ने कहा कि रायबरेली को गर्व है कि इस धरती ने हिंदी साहित्य के ऐसे युगपुरुष को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि आचार्य द्विवेदी की आदमकद प्रतिमा राजघाट पर स्थापित की जा रही है, जिसका शीघ्र अनावरण होगा। यूथ एक्टिविटी फोरम की अध्यक्ष क्षमता मिश्रा ने कहा कि नई पीढ़ी को हिंदी साहित्य और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार आनंद स्वरूप श्रीवास्तव, युगुल किशोर तिवारी, अंजनी त्रिवेदी, शैलेंद्र सिंह, रामबाबू वैश्य, अमर द्विवेदी, विनोद कुमार शुक्ल, धर्मेंद्र तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा, मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय, दिनेश शुक्ल, राजेश वर्मा, राजेश द्विवेदी, हिमांशु तिवारी, लंबू बाजपेई, चंद्रमणि बाजपेई ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण हिंदी प्रेम और साहित्यिक चेतना से अनुप्राणित रहा।

## मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में दो की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**जगदीशपुर-अमेठी**। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 8 बजे जायस मोड़ स्थित आरएल ढाबा के सामने हुआ, जहां दो मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर सवार आसाराम (35 वर्ष) निवासी पूरे अमृतलाल पंडित का पुरवा, ग्राम मुबारकपुर थाना जगदीशपुर तथा गौतम (40 वर्ष) पुत्र राम भरोसे निवासी उपरोक्त सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर विनय उर्फ बबलू (28 वर्ष) निवासी डोमडीह थाना जगदीशपुर तथा दुर्गेश (15 वर्ष) निवासी पूरे मिश्रण मजरे बड़ौली थाना जगदीशपुर सवार थे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां विनय की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर धीरेंद्र यादव ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजते हुए मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

## शांडिल्य मिशन स्कूल में महाराणा प्रताप जयंती मनायी गयी

बरहज,देवरिया। नगर पंचायत में स्थित शांडिल्य मिशन स्कूल भलुअनी में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्धक पवन सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया । अपने सम्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप अदम्य साहस, त्याग,बलिदान,स्वतन्त्रता का वह नाम है,जिनका नाम लेने से अनुभूति प्राप्त होती है। राणा प्रताप के जयंती पर हम सभी को शपथ लेनी चाहिए कि हम सभी उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र हित में कार्य करें।विद्यालय के अनेकों बच्चों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सभी के सम्बोधन में बस एक ही विचार दिखा कि महाराणा प्रताप जैसे ही बनकर देश की सेवा करना है।इस अवसर पर मेजर कुलदीप सिंह,सुभाष सिंह,मेनिका सिंह,सोनी विश्वकर्मा,प्रियंका गुप्ता,संचिता प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# ईंट -भट्ठे के गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह ग्रामसभा मैनपुर के टोला दीनापट्टी स्थित एक ईंट -भट्ठे पर मिट्टी निकालने से हुए गड्ढे में भरे पानी में तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, चार बच्चे खेलते हुए गड्ढे में गिर गए थे जिनमें से एक बच्ची किसी तरह बाहर निकलने में सफल रही और परिजनों को सूचना दी। उसके बताया कि मौके पर पहुंचे परिजनों ने सभी बच्चों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया ले गए।

जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे दीनापट्टी गांव स्थित ईट उद्योग भट्टे पर छत्तीसगढ़ के मजदूर परिवार मजदूरी कर जीवकोपार्जन करते हैं और वहीं रहते हैं। सुबह छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी पंचु का बेटा अभय (3वर्ष), जांजीबार चांपा निवासी लखन की बेटी अनन्या (7), बिलासपुर के रहने वाले सुखन की बेटी अनुष्का (ढाई वर्ष) और स्वीटी (8) साथ खेल रही थीं।

खेलते-खेलते ईंट बनाने के लिए निकाले गए मिट्टी से बने गड्ढे के समीप पहुंच गए। जहां गड्ढे में बरसात का पानी भरा हुआ था। एक बच्चा गिरा तो बचाने के लिए चारों बच्चे उसे बचाने के लिए उसमें कूद गए।

तीन की डूबने से मौत हो गई जबकि स्वीटी किसी तरह बाहर निकलने में सफल हुई और उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी। कसया के थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।हादसे की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।



समिति में उपजिलाधिकारी कसया को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि क्षेत्राधिकारी कसया, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, श्रम प्रवर्तन अधिकारी और खनन अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। समिति को तीन कार्यदिवस के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

## डीएम ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार सुबह करीब नौ बजे प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए प्राथमिक विद्यालय दानोपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय परासिया मिश्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था, पठन-पाठन तथा छात्रों के शैक्षिक स्तर का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद कर विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे तथा उनकी पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उनमें लगन और मेहनत की भावना विकसित की जाए जिलाधिकारी सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय दानोपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कक्षा दो एवं पांच के विद्यार्थियों से बातचीत की। कक्षा दो के बच्चों से अंग्रेजी पढ़वाई तथा कक्षा पांच के विद्यार्थियों से ब्लैकबोर्ड पर गणित का प्रश्न पूछा। बच्चों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और शिक्षकों की सराहना की। साथ ही शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय परासिया मिश्र पहुंचे, जहां उन्होंने नामांकन की स्थिति की जानकारी ली तथा कक्षा सात के विद्यार्थियों से गणित एवं अंग्रेजी विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। यहां भी बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा शिक्षकों को इसी प्रकार लगन के साथ अध्यापन कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## कृषि मंत्री ने जीर्णोद्धार के बाद किया कृषि भवन का लोकार्पण




**देवरिया।** देवरिया ।प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि भवन के जीर्णोद्धार के उपरांत शनिवार को फीता काटकर एवं शिलालेख का अनावरण कर भवन का लोकार्पण किया।इसके बाद उन्होंने भवन के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि भवन काफी पुराना एवं जर्जर हो चुका था, जिससे विभागीय कार्यों के संचालन में असुविधा हो रही थी।इसी को देखते हुए भवन का जीर्णोद्धार कराया गया है। उन्होंने कहा कि अब भवन पूरी तरह व्यवस्थित एवं कार्य के अनुकूल हो गया है, जिससे विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगउन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए। साथ ही कृषि क्षेत्र में आधुनिक एवं नवाचारी तकनीकों को किसानों तक पहुंचाकर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि जनपद में निमार्णाधीन कृषि परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि किसानों को समय से सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बैतालपुर में निर्मित कृषि प्रशिक्षण केंद्र में कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित कराने के निर्देश दिए इस दौरान कृषि भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुके भेंट कर कृषि मंत्री का स्वागत किया।कार्यक्रम के अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा कृषि परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, श्रीनिवास मणि, उपनिदेशक कृषि सुभाष मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार मौर्य, जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई गेहूं खरीद कार्य की समीक्षा बैठक

**बहराइच।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत संचालित गेहूँ खरी की समीक्षा हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 08 क्रय संस्थाओं के 177 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जनपद हेतु निर्धारित क्रय लक्ष्य 63500 मीट्रिक टन के सापेक्ष अब तक 3359 किसानों से 22227.59 मीट्रिक टन गेहूँ खरीद की गई है, जो लक्ष्य का 35 प्रतिशत है।

जिला खरीद अधिकारी द्वारा समस्त जिला प्रबंधकों को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित संस्था के अनुमोदित गेहूं क्रय केन्द्रों पर तेजी से गेहूं खरीद करायी जाये एवं कृषकों को अधिक से अधिक समर्थन मूल्य का लाभ दिलाया जाये। श्री कुमार ने निर्देश दिया कि कृषकों को उनके द्वारा बेची गई उपज का तेजी से भुगतान भी कराया जाये। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद शासन की महत्वपूर्ण योजना में सम्मिलित है, जो सीधे कृषक के हित से जुड़ी है। जनपद के किसी भी गेहूं कय केन्द्र पर किसानो को अपना गेहूं विक्रय करने में कोई परेशानी न होने पायें।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी क्रय केन्द्र प्रभारी इस बात विशेष ध्यान रखेंगे कि किसी भी क्रय केन्द्र पर किसी भी दशा में बिचौलियों के माध्यम से खरीद न होने पाये। किसी भी क्रय केन्द्र पर कोई अनियमितता प्रकाश में आती है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

जिला प्रबंधकों को निर्देश दिये गये कि क्रय एजेन्सियों पर केन्द्र प्रभारी सहित सभी कार्मिकों की समयबद्धता के साथ उपस्थिति दर्ज करायी जाये तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार के आने वाले किसानों से गेहूँ की खरीद सुनिश्चित करें।

# जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प है शपथ ग्रहण: प्रो. अर्जुन मिश्र

जिला संवाददाता




**देवरिया।** दायित्व के बिना अधिकार मनमाने पन को जन्म देता है, अधिकार विहीन दायित्व कुंठा को, दायित्व और अधिकार एक दुसरे के पुरक हैं और दायित्व के निर्वहन से अधिकार वैधानिकता प्राप्त करते हैं।छात्र संसद की परिकल्पना ऐसे ही दायित्व और अधिकार के बोध का मार्ग प्रशस्त करती है₹ उक्त बातें नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में नवीन सत्र के लिए नवनिर्वाचित छात्र संसद के पदाधिकारियों के शपथग्रहण के लिए आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रोफेसर अर्जुन मिश्र, प्राचार्य संत विनोबा डिग्री कॉलेज, ने कही। अपने संबोधन में प्रोफेसर मिश्र जी ने कहा कि छात्र जीवन में ही संसदीय प्रणाली और उसके श्रेष्ठ लक्षणों से परिचित कराना और उसे विद्यालयीय व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हेतु अमल मे लाने की यह अनुठी सोच ही विद्या भारती के उस लक्ष्य को स्पष्ट करती है जिसमें बालक का सर्वांगीण विकास ही केंद्र में है। अपने संबोधन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान कघ परंपरा में लोकतंत्र और गणतंत्र सदैव वैचारिक और सामाजिक शक्ति के स्रोत रहें हैं जो असहमति और समर्थन में, विविधता और एकता मे, संतुलन से समाज के निर्माण में सदैव मार्गदर्शक मूल्य रहें हैं, इन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में उतारना ही छात्र संसद की सीख और उपयोगिता है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना और रुपरेखा स्पष्ट करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मान बहादुर सिंह जी ने कहा कि विद्या भारती के सर्वश्रेष्ठ नागरिक निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने की वैचारिकी में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने और वाद संवाद कौशल के विकास में छात्र संसद की योजना महत्वपूर्ण है जिससे छात्रों को लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचय और कार्य-प्रणाली का ज्ञान होता है।अपने संबोधन में प्रधानाचार्य जी ने कहा कि छात्र संसद के माध्यम से चुनाव प्रणाली, लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास, असहमति के प्रति स्वीकार्यता का भाव, असहमति को भी सुनने का धैर्य और लक्ष्य के प्रति सजगता के गुण छात्रों में विकसित होता है।इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में मां सरस्वती की सस्वर वंदना और भारत माता के चित्र पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर अर्जुन मिश्र जी द्वारा पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। नवीन सत्र के लिए भैया अनन्त नाथ त्रिपाठी को प्रधानमंत्री, भैया अपूर्व नाथ त्रिपाठी को उप प्रधानमंत्री, भैया अमृतमणि को सेनापति, भैया आलोकित कुशवाहा व भैया आलोक मणि को उप सेनापति, तथा भैया अनन्त द्विवेदी को मुख्य न्यायाधीश व भैया हर्षवर्धन मिश्र को उप न्यायाधीश की पद एवं गरिमा की शपथ मुख्य अतिथि द्वारा दिलायी गयी। विभिन्न कक्षा वर्ग से नवनिर्वाचित सांसदों को भी शपथ मुख्य अतिथि द्वारा दिलायी गयी।कार्यक्रम का संचालन और छात्र संसद के गठन का संयोजन श्री अशोक यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्री यजुवेंद्र त्रिपाठी जी, श्री अखिलेश दीक्षित जी, श्री दिलीप श्रीवास्तव जी, श्री कौशल सिंह जी, श्री अमरेन्द्र उपाध्याय जी, श्री हृदय लाल सिंह, श्री देवेन्द्र प्रजापति, श्री प्रेम विकास जी, श्री हरिनाथ त्रिपाठी जी सहित विद्यालय के समस्त आचार्य मौजूद रहे।

## जयंती पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर किया गया दुग्धाभिषेक

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के बावली चौक पर भारत माता के अमर सपूत महाराणा प्रताप की जयंती भाजपा नेता मनोनीत सभासद नीरज सिंह बिट्टू के नेतृत्व में मनाई गई। युवाओं और गणमान्य लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, जयकारे के साथ पुष्प वर्षा की और दुग्धाभिषेक कर उन्हें नमन किया।शनिवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता नीरज सिंह बिट्टू ने कहा कि महाराणा प्रताप ने राष्ट्र और सनातन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वह स्वाभिमान, स्वराज्य और शौर्य के प्रतीक हैं। उनके जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्रभक्ति, साहस और संघर्ष की मिसाल है। आज उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों से प्रेरणा लें और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लें। इस दौरान नितीश सिंह शुभम, किशन चौधरी, सत्यम पाठक, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, विकास सिंह, बबिल ऋत्विक सिंह, शुभम सिंह, नागेश्वर, वीर, संगम राव, दिव्यांश सिंह, अंश सिंह, अनुराग सिंह, नितिन यादव, राहुल यादव, अंश जायसवाल, सुमित यादव, अंशुमान सिंह, शिवम्‌सिंह, सत्यम शर्मा, अर्पित तिवारी, नितीश मिश्रा, राज यादव, शुभम चौहान, कृष खरवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिकअप की टक्कर से किशोर की मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भरहे चौरा निवासी रियाज अहमद का 15 वर्षीय पुत्र गुलाम रब्बानी 25 अप्रैल को अपने रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल से भटनी से भाटपाररानी की ओर जा रहा था। बताया गया कि बेहरा डाबर काली मंदिर के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को भटनी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया।परिजनों के अनुसार गुलाम रब्बानी की हालत गंभीर होने पर उसे गोरखपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दूसरे घायल युवक का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि दुर्घटना पिकअप चालक की तेज गति और लापरवाही के कारण हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में नामांकन उपस्थिति और शैक्षिक गुणवत्ता पर दिया जोर

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं समन्वयकों के साथ बैठक कर शिक्षा व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों एवं समन्वयकों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार किया जाए तथा शिक्षकों को बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सकारात्मक पहल एवं टीम भावना से ही शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभाग एवं विद्यालयों के प्रति अपनत्व का भाव रखें, तभी वास्तविक सुधार दिखाई देगा। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ाने के साथ उनकी नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही विद्यालयों में नियमित रूप से पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित की जाए, जिससे अभिभावकों की सहभागिता बढ़ सके। उन्होंने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप पढ़ाई सुनिश्चित कराई जाए।

जिलाधिकारी ने कायाकल्प योजना को सभी विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों को संघर्षशील, मध्यम एवं सक्षम श्रेणी में चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाए। संघर्षशील विद्यालयों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें मध्यम एवं सक्षम श्रेणी में लाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने संघर्षशील विद्यालयों के शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण कराए जाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा शिक्षकों के कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। शिक्षकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने से उनमें सम्मान एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा, जिसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के सभी मानक पूर्ण रूप से संतृप्त रहें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों का मानकों के अनुरूप वर्गीकरण कर सूची तैयार की जाए। उन्होंने विद्यालयों को मिलने वाली कंपोजिट ग्रांट का उपयोग स्कूलों के आधारभूत ढांचे एवं इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने में किए जाने के निर्देश दिए तथा इसके लिए अभी से कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनपद का शिक्षा विभाग किसी भी स्तर पर कमजोर न रहे, इसके लिए सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगे।

बैठक के अंत में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सुझावों एवं निर्देशों का प्रभावी अनुपालन करते हुए जनपद में बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं समन्वयक उपस्थित रहे।==

## राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया 2,66,914 वादों का निस्तारण



**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में दिनांक 09.05.2026 दिन शनिवार को सुबह 10.00 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पांडेय, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0-II, जगन्नाथ एवं सम्मानित न्यायाधीशगणों द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई, देवरिया जय प्रकाश तिवारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित न्याय पाने का सबसे सुगम माध्यम है।इससे न केवल मुकदमों का बोझ कम होता है, बल्कि पक्षकारों के बीच कटुता समाप्त होकर प्रेम और सद्भाव बढ़ता है।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत केवल कानूनी समझौतों का केंद्र ही नही बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय सेवा की मिसाल भी बनी।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, देवरिया द्वारा समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ट्राई-साइकिल और पेंशन प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। दिव्यांग विभाग, देवरिया के सक्रिय सहयोग से चिन्हित किए गए चार दिव्यांगजनों को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा ट्राई-साइकिल प्रदान की गई।ट्राई-साइकिल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के आवागमन को सुगम बना कर और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

इसी क्रम में, वन स्टॉप सेंटर, देवरिया के समन्वय से एक विशेष पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान मृतक व्यक्तियों की पत्नियों को निराश्रित विधवा पेंशन के 5 प्रमाण पत्र सौंपे गए।

इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश ने कहा कि प्रशासन और न्यायपालिका के इस साझा प्रयास से अब इन महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सकेगी, जिससे उनके जीवन-यापन में सुगमता आएगी।उन्होने कहा कि लोक अदालत का मूल मंत्र सुलभ न्याय है। हम न केवल वादों का निस्तारण कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुँचे।दिव्यांगों की सहायता और निराश्रित महिलाओं का सम्मान हमारे सामाजिक दायित्व का हिस्सा है उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर मु0-500/-रू0 जुमार्ना के रूप में दिलाया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय के द्वारा 08 तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ब्रजेश मणि त्रिपाठी के द्वारा 08 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी इफ्तेखार अहमद द्वारा कुल 54 मामलों का निस्तारण कर मु0-3,57,01,175/-रुपए की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा सिंह-III द्वारा 1105 वाद व अन्य सभी सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण के द्वारा 1163 निस्तारित वादों को मिलाकर कुल 2339 मामलों तथा राजस्व विभाग, बैंक व अन्य विभागों के द्वारा 2,64,575 वादों को निस्तारण किया गया।

## खेत की सीमा चिन्ह पत्थर उखाड़ने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भटनी( देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौली कोईलार निवासी अनुराधा गौड़ पत्नी दीपक गौड़, प्रभावती देवी पत्नी स्वामीनाथ तथा बिमला देवी पत्नी विजय ने थाना में तहरीर देकर खेत की सीमा से जुड़े पत्थर उखाड़े जाने का आरोप लगाया है। प्रार्थिनियों का कहना है कि उनकी भूमि की पैमाइश एवं सीमा निर्धारण न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पूर्व में कराया गया था तथा राजस्व विभाग द्वारा सीमा चिन्ह के रूप में पत्थर लगाए गए थे।बताया गया कि 29 अप्रैल को राजस्व विभाग द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खेत पर लगाए गए सीमा चिन्ह पत्थर उखाड़ दिए गए हैं। सूचना मिलने पर जब प्रार्थिनियां मौके पर पहुंचीं तो वहां पत्थर गायब मिले, जिससे भूमि की सीमा को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। पीड़िताओं ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर यह कृत्य किया है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक क्षति पहुंची है।इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज में मेधावियों का किया गयाअभिनंदन

**कुशीनगर।** फाजीलनगर क्षेत्र के सोहंग स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय कुमार ह्यलल्लूह्न ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह विद्यालय अध्ययन, अनुशासन और संस्कार के क्षेत्र में लगातार नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय द्वारा लगातार उत्कृष्ट परिणाम देना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

● कठिन परिश्रम, अनुशासन व समर्पण से मिलती है मंजिल: अजय कुमार लल्लू

विशिष्ट अतिथि मनोज सिंह ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं इस बार मेरिट सूची में स्थान नहीं बना सके, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। सफलता निरंतर प्रयास, धैर्य और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। विद्यालय की संरक्षक एवं संस्थापक प्रधानाचार्या रहीं श्रीमती इंदुपुष्पा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करना भी है।उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। शिक्षक रामप्रवेश सिंह ने कहा कि किसी भी छात्र की सफलता के पीछे उसकी लगन, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार हमेशा इस प्रयास में रहता है कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन की भी सीख दी जाए। अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व प्रधानाचार्य शिवनाथ सिंह ने की। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य मुहम्मद अयूब ने माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर किया। सम्मानित होने वाले मेधावियों में हाईस्कूल वर्ग से कुमारी नीलम गुप्ता ने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इसके अलावा साक्षी और प्रभाकर को भी सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में अन्नु यादव प्रथम, पूजा प्रजापति द्वितीय तथा नेहा वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कला वर्ग में शिफा परवीन, समरीन खातून और शालू आफरीन को सम्मानित किया गया। संचालन विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र ने किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान असलम अंसारी, पूर्व ग्राम प्रधान बंधन प्रसाद, शिक्षक रामप्रवेश सिंह, उमेश कुशवाहा, सुनील शर्मा, खुर्शीद अंसारी, मधुबाला चौबे, रीमा सिंह, अंजलि सिंह समेत बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अदम्य साहस, वीरता और शौर्य के प्रतीक : महाराणा प्रताप

देवरिया। आज दिनांक 09 मई को नागरी प्रचारिणी सभा के तुलसी सभागार में राष्ट्र नायक, भारतीय वीरों के शिरमौर्य महाराणा प्रताप की जयंती जोश खरोश के साथ मनायी गयी। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नागरी प्रचारिणी सभा के मंत्री डा. अनिल कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप एक अदम्य साहस, वीरता एवं शौर्य के प्रतीक हैं।महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाई लेकिन कभी भी मुगल आक्रांताओं के समक्ष झुकने का काम नहीं किया। आज आम जनमानस को महाराणा प्रताप के चरित्र से सीख लेने की जरूरत है।डा. त्रिपाठी ने कहा राणा प्रताप चन्द्रगुप्त मौर्य के बाद दूसरे महान योद्धा पुरुष थे। प्रताप के बदौलत ही आज हम बचे हुए हैं। राणा की जगह अकबर को महान पढाना गलत हुआ है इसे बदलना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धनंजय राव ने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश एवं भारतीयों के स्वाभिमान को ऊंचा करने का कार्य किया था।

## धूमधाम से मनायी महाराणा प्रताप जयंती

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा द्वारा शूरवीर महाराणा प्रताप की जन्म जयंती आईटीआई रोड स्थित कैंप कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महाराणा उदय सिंह के वीर पुत्र, मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने वाले हिंदू हृदय सम्राट के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-आरती की गई।इस पुनीत अवसर पर पटेल नगर चौराहे पर आम राहगीरों को शरबत पिलाया गया जिससे गर्मी में लोगों को ठंडक मिली। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹वे कलियुग के सच्चे योद्धा और राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने अकबर बादशाह की दासता कभी स्वीकार नहीं की।उन्होंने आज के सम्मानित जनप्रतिनिधियों, युवाओं और नेताओं से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।गोष्ठी में कार्यकताओं ने एक स्वर से 'जय हिंद की सेना', 'भारत माता की जय' के नारे लगाए तथा 'पाकिस्तानमुदार्बाद' का उद्घोष किया। प्रमुख रूप से प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, श्रवण कुमार, करण सिंह पटेल, डॉ. प्रमोद पांडेय, मूलचंद गुप्ता, आचार्य धनंजय पांडे, मुकेश चौरसिया, राज शर्मा, स्वामी गणेशानंद महाराज, महिला जिला अध्यक्ष संगीता गुप्ता, सरला सिंह, पुष्पा गुप्ता, ओमलता, पूनम राय, बेबी गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।आयोजन ने महाराणा प्रताप के बलिदान और देशभक्ति की भावना को जीवंत कर दिया। महासभा पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

## सऊदी अरब में रोजगार के लिए मांगे आवेदन

**बहराइच।** जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से सऊदी अरब में विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर रोजगारसंगम डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर निःशुल्क पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

संक्षेप

## रिश्वत मांगने के आरोप में दरोगा गिरफ्तार

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आजमगढ़ पुलिस ने भ्रष्टाचार के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक उपनिरीक्षक को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार चौकी फरिहा पर तैनात उपनिरीक्षक परमात्मा यादव पर मकान निर्माण कार्य शुरू कराने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप था। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल ने बताया कि निजामाबाद थाना क्षेत्र के क्यामुद्दीन पट्टी निवासी शहजाद अहमद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपना मकान बनवाना चाहते हैं, लेकिन चौकी फरिहा पर तैनात उपनिरीक्षक परमात्मा यादव उनसे निर्माण कार्य में बाधा न डालने के एवज में 15 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सात मई 2026 को थाना निजामाबाद में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की योजना बनाई। शुक्रवार नौ मई 2026 को क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में चौकी प्रभारी फरिहा उपनिरीक्षक चित्रांशु मिश्रा एवं उनकी टीम ने आरोपी उपनिरीक्षक परमात्मा यादव को थाना परिसर से गिरफ्तार कर लिया।

## नोएडा में टूर पैकेज के नाम पर करोड़ों की ठगी, तीन गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-24 थाना पुलिस ने टूर पैकेज बुकिंग के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए रेंजर्स लेजर कंपनी के तीन निदेशकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पर्यटन मंत्रालय के फर्जी आई कार्ड, नकली विजिटिंग कार्ड, फर्जी मोहरें, कूटरचित समझौता ज्ञापन दस्तावेज और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों को आकर्षक टूर पैकेज का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी कर चुके हैं।

## पानी सप्लाई को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत आरंगपानी में नल जल योजना के तहत पानी न मिलने को लेकर के ग्रामीणों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी सोनभद्र के नाम शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जिसमें ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई की मांग की, गर्मी के दिनों में पानी बहुत नीचे चला जा रहा है जिससे पानी की दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस समस्या कि ओर आकर्षित किया, समाजसेवी राजू कुमार गुप्त के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने मांग पत्रभेजा, सांकेतिक प्रदर्शन में मुख्य रूप से युवा समाजसेवी राजू कुमार गुप्त, राम लखन प्रजापति, सरोज देवी, रणजीत सिंह, उदयभान सिंह, सुशीला देवी, सुरेश कुमार, राम प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, हीरा सिंह खरवार, दयाशंकर गोड़, रामऔतार खरवार, संजय कुमार, भूरेश्वर, किरामती आदी दर्जनों लोग पानी की समस्या को लेकर के सरकार से मांग की जल्द से जल्द नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई की जाए जिससे जनता को राहत मिल सके।

## खड़ंजे को ट्रैक्टर से जोता, गांव में तनाव

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड के बदलपुर गांव में एक व्यक्ति ने खड़ंजे को ट्रैक्टर से जोतकर खत्म कर दिया है जिससे गांव में काफी तनाव व्याप्त है। प्रधान ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग किया है। उक्त गांव के मुख्य मार्ग से यादव बस्ती जाने के लिए लगभग 350 मीटर खड़ंजा चार दशक पूर्व लगाया गया है। गांव के एक व्यक्ति ने खड़ंजे के बीच में लगभग 70 मीटर जमीन अपनी बताते हुए ट्रैक्टर से जोत कर खत्म कर दिया। गांव के काफी लोग प्रधान संजय सिंह जलालपुर थाने पर पहुंच गए। उन्होंने गांव के एक पिता पुत्र के विरूद्ध तहरीर दिया। प्रधान संजय सिंह ने बताया कि गांव में लगभग चार दशक पहले से उक्त खड़ंजे को बनाया गया था। उसको क्षतिग्रस्त करने से सैकड़ों लोगों के आने जाने का रास्ता खत्म हो गया है।

# जयंती पर महान योद्धा महाराणा प्रताप को किया गया याद



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद के सभागार में शनिवार को शंख सेवा न्यास द्वारा महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा मनोनीत नगर पालिका परिषद के 5 सदस्यों रमेश जायसवाल, राज बहादुर सिंह, ध्रुव कांत द्विवेदी, संजीव श्रीवास्तव एवं सरोज केसरी को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रूबी प्रसाद व मुख्य अतिथि गंगासागर दुबे द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगासागर दुबे ने कहा कि महाराणा प्रताप महान शासक, योद्धा और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने मुगलों की अधीनता स्वीकार करने के बजाय संघर्ष किया। हल्दीघाटी के युद्ध के बाद, उन्होंने मुगलों के खिलाफ छापामार युद्ध जारी रखा और अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए घास की रोटियां तक खाईं, लेकिन कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि संत और योद्धा की कोई जाति नहीं होती, महाराणा प्रताप जी एक अदम्य साहस के वीर पुरुष, एक स्वाभिमानी व्यक्ति थे जिन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए जीवन भर संघर्ष किया। अतिथियों का स्वागत एवं आभार कार्यक्रम के संयोजक नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर संत कीनाराम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपाल सिंह, विनय श्रीवास्तव, नीरज सिंह, बलदेव सिंह, ओमप्रकाश दुबे, सुरेश शुक्ला, विमल अग्रवाल, राजेश गुप्ता, संदीप सिंह, अभिषेक कुमार गुप्ता, पुष्पा सिंह, रीता गुप्ता, रितु अग्रहरि, रविंद्र केसरी समेत बड़ी संख्या में लोगों पर स्थित रहे।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी

सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन की ओर से मेवाड़ केसरी महाराणा प्रताप की जयंती पर मातृभूमि को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन शनिवार को रॉबर्ट्सगंज शहर में किया गया। कवियों व अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया।



पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी व समाजसेवी कमलेश सिंह खांबे द्वारा महाराणा प्रताप के छाया चित्र पर दीपदान व माल्यार्पण से विधिवत आयोजन का आगाज हुआ। आयोजक सुशील मिश्रा ने भारत भारती की वंदना करते हुये देशवा के खातिर देहले परनवां, बचाइ लेले हो भारत माता के शनवां सुनाकर वाहवाही लूटी। संयोजन कर रहे शहीद स्थल करारी प्रमुख प्रद्युम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने राणा का रण देख देख हल्दीघाटी थरार्ती है, भामाशाह बने साथी हिंद की ए परिपाटी है, घास की रोटी खाकर भी आन बान हित रहे सदा, राजस्थान भाल मेरा धन्य धन्य यह माटी है सुनाकर पूरी महफिल लूट लिया। अशोक तिवारी संचालक ने जो सिक्कों की खनक पर बिक जाये, वो मेरी नजर मे हुस्न नहीं सुनाकर लुभाये। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने, देश वंदना करते हुए बड़ा ही सुंदर मेरा वतन है सुनाकर मुखर अभिव्यक्ति दी। सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम, दिलीप सिंह दीपक, विवेक चतुर्वेदी, दयानंद दयालु ने भी वीर रस की रचनाओं से त्याग, वीरता, पराक्रम के अद्वितीय योद्धा को नमन किया। अंत में मुख्य अतिथि कमलेश सिंह खांबे ने राणाप्रताप को समर्पित वक्तव्य देकर तथा अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर धर्मवीर तिवारी के आशीर्वचन से विराम दिया गया। इस अवसर पर जय शंकर त्रिपाठी एडवोकेट, लालता प्रसाद मिश्र, आत्म प्रकाश तिवारी एडवोकेट, देवानन्द पांडेय एड, राकेश दूबे एड, फारुख अली हाशमी, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 88,026 मामलों का निस्तारण



सोनभद्र। शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 88,026 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस लोक अदालत में कुल 26 करोड़ 44 लाख 64 हजार 438 रुपये की समाधान धनराशि पर समझौता हुआ। जनपद न्यायाधीश रामसुलीन सिंह ने जनपद न्यायालय परिसर में इसका शुभारंभ किया।जिला न्यायालयों द्वारा कुल 3,772 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 4 करोड़ 33 लाख 58 हजार 222 रुपये की जुमार्ना एवं समाधान धनराशि तय हुई। एमएसीटी कोर्ट-9 के न्यायाधीश अशोक कुमार ने 30 मामलों में 3.24 करोड़ रुपये का समझौता कराया।

प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश संदीप गुप्ता-प्प ने 143 मामलों में 59.60 लाख रुपये का निस्तारण किया। सीजेएम न्यायाधीश पंकज ने सर्वाधिक 2,905 मामलों का निपटारा किया।राजस्व न्यायालयों, अन्य न्यायालयों और विभिन्न विभागों में 83,780 प्री-लिटिगेशन और लंबित वादों का निस्तारण हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 19.56 करोड़ रुपये की समाधान धनराशि तय हुई। इसके अतिरिक्त, निजी और सार्वजनिक बैंकों से संबंधित 474 मामलों में 2.54 करोड़ रुपये का निपटारा किया गया।इससे पहले, 7, 8 और 9 मई को आयोजित विशेष लोक अदालत में लघु अपराधों से जुड़े 26 मामलों का भी निपटारा किया गया था।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रचना अरोड़ा, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी गोविन्द मोहन, सचिव क्सै। राहुल सहित सभी न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव और महामंत्री राजेन्द्र यादव भी मौजूद थे।जनपद न्यायाधीश ने बैंकों और स्वयं सहायता समूहों के स्टालों का निरीक्षण करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का आह्वान किया।

# रजखड़ कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

**छह मामले आए सामने एक मामले का हुआ निस्तारण**

(दुद्धी सोनभद्र)। शनिवार को कोतवाली थाना दुद्धी में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकार राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, इस दौरान फरियादियों के द्वारा कुल6 प्रार्थना पत्र अपने समस्या को लेकर समाधान दिवस में प्रस्तुत किए गए जिसमे राजस्व संबंधित ज्यादातर मामले सम्मिलित रहे। जिसमें 1 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया शेष अन्य मामले के निस्तारण हेतु संबंधितों को दिया गया वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी के द्वारा संबंधितों को निर्देश दिया गया कि उक्त प्रकरण में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मिलकर गुणवत्तापूर्ण निष्पक्ष निस्तारण करे, इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह राजस्व लेखपाल विमलेश श्रीवास्तव, सुशील पांडे, प्रवीण सिंह, महिला लेखपाल आस्था सहित क्षेत्रीय उप निरीक्षक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड निस्तारण 2 लाख से अधिक मामलों का हुआ समाधान

सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड स्तर पर मामलों का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आशीष जैन ने दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक यादव ने बताया कि लोक अदालत में कुल 2,01,017 वादों का सफल निस्तारण किया गया। इस दौरान करीब 16 करोड़ 25 लाख 77 हजार रुपये से अधिक राशि के मामलों का समाधान कराया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय तथा दिव्यांग विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्राई साइकिल वितरित की गई। वहीं जेल बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और एनआरएलएम स्टॉल का भी अवलोकन किया गया। व्यापार मंडल के सहयोग से चिकित्सा शिविर का आयोजन भी हुआ। लोक अदालत में परिवार न्यायालयों द्वारा 100 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 24 मामलों में 1 करोड़ 12 लाख 45 हजार रुपये का एवार्ड पारित किया। विभिन्न न्यायालयों और विभागों द्वारा हजारों मामलों का समझौते के आधार पर निपटारा किया गया। बैंकों और फाइनेंस कंपनियों ने भी 1129 प्री-लिटिगेशन मामलों का समाधान कर लगभग 14 करोड़ 90 लाख रुपये की वसूली की। वहीं 23 वैवाहिक मामलों में दंपत्तियों को पुनः साथ रहने के लिए राजी कराया गया।

# एनटीपीसी रिहंद में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद की स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा सोनशक्ति स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) द्वारा पारंपरिक रूप से किया गया।

टूर्नामेंट के सफल संचालन हेतु सभी टीमों को दो पूलों, पूल ।एवं पूल ठ में विभाजित किया गया, जिनमें प्रत्येक में 6-6 टीमों को शामिल किया गया। प्रत्येक टीम में न्यूनतम 18 खिलाड़ियों के साथ लगभग 216 कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही, जिसने आयोजन को विशेष रूप से सफल एवं आकर्षक बनाया।अंतर-विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मैकेनिकल मेंटेनेंस ने ऑपरेशन ग्रुप-डी को 4 रन से हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मैकेनिकल मेंटेनेंस ने 10 ओवर में 92 रन बनाए, जबकि जवाब में ऑपरेशन ग्रुप-डी की टीम 88 रन ही बना सकी। महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में टीम-बी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम-सी को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। टीम-सी द्वारा दिए गए 77 रनों के लक्ष्य को टीम-बी ने 9.2 ओवर में हासिल कर लिया। टूर्नामेंट के अंतर्गत रिहंद टाउनशिप के प्रमुख विद्यालयों, सेंट जोसेफ, डीएवी एवं




केंद्रीय विद्यालय के मध्य इंटर-स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का भी किया गया। प्रतियोगिता आयोजन में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मुकाबलों में डीएवी एवं केंद्रीय विद्यालय की टीमें पहुंचीं, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय विद्यालय ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना देखने योग्य रही। यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द एवं सामुदायिक भावना को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# खेत देखने गये पंचायत सहायक की गर्दन में फंसा ब्लेड वाला तार

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र की कफारा चौकी अंतर्गत अकठी गांव में शुक्रवार करीब तीन बजे एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गांव निवासी पंचायत सहायक विनोद कुमार 26 वर्षीय गन्ने के खेत का सर्वे करवाने के लिए मोटरसाइकिल से खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में लगे ब्लेड वाले खतरनाक तार की चपेट में आने से उनकी गर्दन गंभीर रूप से कट गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विनोद कुमार गांव के पूरब स्थित अपने खेत की ओर बाइक से जा रहे थे।कि बैलेंस बिगड़ने से दूसरे खेत में लगाया गया ब्लेड वाला तार अचानक उनकी गर्दन में फंस गया। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ ले गए।सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल मोतीपुर रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया।वर्तमान में विनोद का इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे तारों को तत्काल हटवाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस मामले में जानकारी देते हुए एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने सभी लेखपालों से ब्लेट वाले तारों को खेतों से हटवाने के निर्देश दिये।

## बस की टक्कर से चाचा की मौत, भतीजा जख्मी

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली के रेहरिया क्षेत्र के गोला मार्ग पर गांव पिपरिया धनी में बाइक पर चाचा भतीजे सवार होकर बाजार से घर वापस जा रहे थे तभी अनुबंधित रोडवेज बस ने टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया इलाज के दौरान चाचा की मौत हो गई जख्मी भतीजे को इलाज के लिए रेफर किया गया पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अनुसार गांव राजगढ़ निवासी लालजी 45 वर्षीय अपने भतीजे सुस्तम की बाइक पर बैठकर पिपरिया धनी बाजार से सामान खरीद कर वापस गांव जा रहे थे मोहम्मदी की ओर से आ रही अनुबंधित रोडवेज बस चालक ने टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान चाचा लाल जी को मृत घोषित कर दिया वहीं भतीजे की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। बस चालक मौका पाकर वहां छोड़कर भाग निकला पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की है। मृतक की पत्नी मीरा देवी का रो रो कर कहना है घर में कमाने खाने के लिए जमीन नहीं है मेहनत मजदूरी से परिवार का भरण पोषण होता था घर पर तीन पुत्री शिवांगी, गोलम, और सीता की पढ़ाई का खर्चा और शादी करने की चिंता सता रही है।

## एडीसीओ ने किया गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण

सोनभद्र।सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश कुमार सिंह ने शनिवार को रामपुरी उर्फ तरावाँ बीपैक्स में खुले गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाँच किसानो से मात्र 372 कुंटल खरीद पाई गईऔर मौके पर सूबेदार के गेंहू की तौल हो रही थी।कम खरीद पर एडीसीओ सदर ने सचिव तथा केन्द्र प्रभारी उमेश सिंह को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थित रहकर क्रय नीति के अनुसार खरीद करना सुनिश्चित करें।यदि खरीद इसी तरह धीमी रही तो केन्द्र प्रभारी को हटाकर किसी अन्य को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी एडीसीओ ने यह भी कहा कि केंद्र पर आने ने वाले किसानो को फार्मर रजिस्टरी हेतु प्रोत्साहित करें। श्री सिंह ने निर्देशित किया कि क्रय नीति का सम्यक अनुपालन करके खरीद करें परंतु इतना ध्यान रहे कि किसानो को गुणवत्ता की जांच के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

## मासूम का बेड के नीचे मिला शव, इलाके में सनसनी

सीतापुर। बिसवां कोतवाली इलाके के शहरी सराय गांव में शुक्रवार की शाम एक मां की बेचैनी धीरे-धीरे मातम में बदल गई। 12 वर्षीय अल्तमश घर से निकला तो फिर कभी लौटकर नहीं आया। रातभर तलाश के बाद जब परिजन बंद पड़े मकान में पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर चीख निकल गई। बेड के नीचे खून से सना मासूम का शव पड़ा था। कमरे में सन्नाटा था, लेकिन फर्श पर बिखरे खून के निशान उस खौफनाक वारदात की कहानी बयां कर रहे थे। शव को छिपाने के लिए उसके आगे बक्से लगा दिए गए थे, मानो कातिल सच को हमेशा के लिए दफन करना चाहता हो। गांव वालों के मुताबिक अल्तमश बेहद शांत स्वभाव का बच्चा था। उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। यही वजह है कि वारदात के बाद हर कोई सन्न है। पुलिस अब रिश्तों की उलझी परतों को खंगाल रही है। शक परिवार के ही करीबी पर है। घटना के बाद से गांव में डर और गुस्से का माहौल है।बिसवां के शहरी सराय गांव में मासूम अल्तमश की हत्या ने रिश्तों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस मकान से बच्चे का शव मिला, वह कोई सुनसान खंडहर नहीं बल्कि रिश्तेदार का घर था। यही बात गांव वालों को सबसे ज्यादा डरा रही है। परिजनों ने जब बंद मकान के अंदर कदम रखा तो उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि वहां उनका कलेजा पड़ा मिलेगा। बेड के नीचे छिपाया गया शव देखकर पूरा परिवार बदहवास हो गया। मां बार-बार बेटे का नाम लेकर बिलखती रही। पुलिस को शक है कि हत्या के पीछे कोई करीबी ही हो सकता है। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं गांव में लोग देर रात तक घटना को लेकर चर्चा करते रहे। हर किसी के चेहरे पर डर साफ दिखाई दे रहा था।मेरा बच्चा मुझे वापस दे दो...शहरी सराय गांव में यह चीख देर रात तक गूंजती रही। 12 साल के अल्तमश की हत्या ने पूरे गांव को झकझोर दिया। मासूम का शव जब बेड के नीचे से निकाला गया तो वहां मौजूद लोग भी कांप उठे। किसी ने सोचा भी नहीं था कि गांव की शांत गलियों में इतनी बेरहम वारदात हो सकती है। अल्तमश परिवार का सबसे छोटा बेटा था। बड़ा भाई और छोटी बहन बार-बार उसे खोजते रहे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि उनका भाई अब कभी वापस नहीं आएगा। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है, लेकिन फिलहाल पूरा इलाका एक ही सवाल पूछ रहा है आखिर उस मासूम का कसूर क्या था?। अमन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी, बिसवां ने बताया कि 12 वर्षीय बालक अल्तमश की हत्या के मामले में प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पहले बच्चे का गला दबाकर उसकी हत्या की गई, इसके बाद गले पर धारदार हथियार से वार किया गया। मामले में मृतक के रिश्तेदार मुदस्सिर नामक युवक को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पुरानी रंजिश को लेकर वारदात को अंजाम देने की बात सामने आई है।

# चोरों का आतंक, पांच घर खंगाले

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। लहरपुर और हरगांव में एक ही रात हुई ताबड़तोड़ चोरियों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कहीं पांच घरों के ताले टूटे तो कहीं सफाईकर्मी की मेहनत की जमा पूंजी पर हाथ साफ कर दिया गया। वारदातों के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहे हैं।

## पांच घरों में धावा, लाखों के जेवर और नगदी साफ

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के टिकौना गांव में शुक्रवार रात बेखौफ चोरों ने ऐसा कहर बरपाया कि सुबह होते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। भदफर चैकी क्षेत्र के इस गांव में चोरों ने एक के बाद एक पांच घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पार कर दी। सबसे बड़ी चोरी प्रदीप वर्मा के घर हुई, जहां से करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी हुए। इसके बाद राकेश के घर से पांच लाख के आभूषण और पचास हजार नकद उड़ा दिए गए। रामनरेश के घर से सोने की चेन और नकदी, जबकि राजकिशोर के घर से बर्तन तक उठा ले गए। सुबह टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर परिवारों के होश उड़ गए। सूचना पर सीओ लहरपुर और भदफर चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने जांच के दौरान घटनास्थल के पास दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

## सफाईकर्मी के घर चोरी, मेहनत की कमाई ले उड़े चोर

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में चोरों ने इस बार एक सफाईकर्मी के घर को निशाना बनाकर उसकी मेहनत की जमा पूंजी पर हाथ साफ कर दिया। रामपुर बरौरा निवासी दीपक शुक्रवार रात परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुस आए और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़



डाला। चोर बक्से में रखे दस हजार रुपये नकद, करीब एक लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य घरेलू सामान समेट ले गए। सुबह जब परिवार की आंख खुली तो बक्सा टूटा पड़ा था और सामान गायब मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित दीपक ने हरगांव थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि कस्बा चौकी प्रभारी ऋषभ यादव ने मामले को संदिग्ध बताते हुए जांच की बात कही है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से कस्बे और गांवों में दहशत का माहौल है, जबकि लोग रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## राजीव श्रीवास्तव बने लायन्स क्लब के अध्यक्ष

जौनपुर। राजीव श्रीवास्तव लायन्स क्लब मेन के 42वें अध्यक्ष चुने गये। चुनावी सभा संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अगले सत्र के लिए नये पदाधिकारियों का चयन सर्व सहमति से किया गया। चुनाव अधिकारी निवर्तमान अध्यक्ष संजय केडिया ने राजीव श्रीवास्तव को अध्यक्ष और रितेश गुप्ता को सचिव निर्वाचित होने की घोषणा किया। सदस्यों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि मुझ पर इतना बड़ा विश्वास जताया है। यह मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। विशेषकर राष्ट्रीय कार्यक्रमों को प्राथमिकता दूंगा। जिससे समाज के जरुरतमंद लोगों की मदद हो सकें। डॉ क्षितिज शर्मा जीएटी एरिया लीडर ने नव निर्वाचित टीम को बधाई देते हुए बताया कि राजीव श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं उनके नेतृत्व में लायन्स क्लब जौनपुर को नई दिशा मिलेगी। डॉ अजीत कपूर, संयोजक शत्रुघ्न मौर्य व सचिव योगेश साहू ने आभार व्यक्त किया व संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया।

# एसपीएस इंटर कॉलेज में धूमधाम से मना मदर्स डे



उन्नाव। एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर उन्नाव में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर माताओं की उपस्थिति और बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों से भावनाओं से भर उठा। कार्यक्रम में चेयर रेस व रैम्प वॉक जैसी प्रतियोगिताओं ने न केवल माहौल को जीवंत किया, बल्कि माताओं के सृजनात्मक पक्ष को भी मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई, मां विषय पर आधारित प्रस्तुतियों में बच्चों ने अपने दिल की भावनाएं खुले रूप से व्यक्त कीं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी ने कहा कि मातृ दिवस केवल उत्साह नहीं बल्कि मां के त्याग और समर्पण के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। उन्होंने माताओं से आह्वान किया की वे अपने बच्चों को नैतिकता और अनुशासन की ओर प्रेरित करें। प्रबंधक ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मदर्स डे की बधाई दी। विद्यालय की प्रिंसिपल अलका निगम ने सभी माताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली माताओं को बेस्ट मदर अवार्ड से सम्मानित भी किया गया। वहीं उप प्रधानाचार्य रूपम पाल व विद्यालय के शिक्षकों ने सभी अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया और नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें माता-पिता का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने माता को बच्चों की पहली शिक्षिका बताया और मां की ममता, त्याग और बलिदान से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इस मौके पर स्कूल की मुख्य प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी, प्रधानाचार्य अलका निगम, उप प्रधानाचार्य रूपम पाल, क्षमा तिवारी, शालिनी दुबे, आशीष कुमार, अर्चना तिवारी, सरनजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, विनीता श्रीवास्तव, दीपाली पांडे, वैष्णवी शुक्ला, इशिता सक्सेना, नीरज पांडे, प्राची गुप्ता, वेदिका गुप्ता, रूबीना, कर्ण यादव, प्रिया वाजपेई, सौरभ जायसवाल, सौम्या मिश्रा व अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

**ललितपुर (वीओएल)।** जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र में इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा टीबी एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराते हुए नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अध्यक्षता जिला क्षय रोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने की, जबकि संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डा.एस.पी. पाठक ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए सिर्फ दवाइयां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि पोषण पोटली में मूंगफली, चना, दाल, सत्तू, सोयाबीन, गुड़ और अन्य प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री शामिल की जाती है, जो मरीजों की कमजोरी दूर करने और तेजी से स्वास्थ्य लाभ दिलाने में मददगार होती है। कार्यक्रम में मरीजों को दाल, चना, सोया, गुड़, प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में महिला के घर हमला

**ललितपुर (वीओएल)।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मसौरा खुर्द में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला और उसके परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने घर पहुंचकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर परिवार के कई सदस्यों को घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मसौरा खुर्द निवासी देवका कुशवाहा पत्नी कल्यान कुशवाहा ने तहरीर देकर बताया कि 7 मई 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने घर पर थीं। इसी दौरान गांव के ही करन, रंजीत, मनवेंद्र पुत्रगण जगत सिंह) तथा कोमल कुशवाहा पुत्र भवानी कुशवाहा पुरानी रंजिश को लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के अनुसार, जब उनके पति और पुत्रों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना के दौरान चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शराब के नशे में युवक ने बाराती को लाठियों से पीटा

**ललितपुर (वीओएल)।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बैरवारा में बारात के दौरान मारपीट और हंगामे का मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत एक युवक ने मामूली बात पर बाराती के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठियों से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजू अहिरवार पुत्र रामदास अहिरवार ने तहरीर देकर बताया कि वह 8 मई 2026 की रात करीब 1 बजे ग्राम बैरवारा में कमलेश के यहां बारात में शामिल होने गया था। इसी दौरान गांव निवासी अमन अहिरवार पुत्र अम्भीर अहिरवार शराब के नशे में वहां पहुंचा और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी अमन अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रेलवे स्टेशन के बाहर से बाइक चोरी

ललितपुर (वीओएल)। रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम टीला निवासी राजकुमार शनिवार सुबह अपने पुत्र नीरज को ट्रेन में बैठाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। बताया गया कि उन्होंने अपनी ग्रे रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल स्टेशन परिसर के बाहर एटीएम के पास खड़ी कर दी और प्लेटफॉर्म की ओर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल निर्धारित स्थान से गायब मिली।

# लोक अदालत में 1,19,969 वाद निस्तारित
# 1,78,93,411 रुपये लगाया गया जुर्माना



**बांदा।** जनपद मुख्यालय व बाह्य न्यायालय अतर्रा, बबेरू, नरैनी एवं तहसील मुख्यालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश अल्पना ने दीप जलाकर किया। लोक अदालत में कुल एक लाख 19 हजार 969 वाद सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किये गए। कुल एक करोड़ 78 लाख 93 हजार 411 रुपये अर्थदंड वसूल किया गया जनपद न्यायाधीश अल्पना ने सिविल व क्रिमिनल के चार वाद निस्तारित किए। 500रुपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया। संजीव कुमार सिंह-प्रथम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 34 वाद निस्तारित करते हुए 12,57,5,000 रुपये बीमा कम्पनियों द्वारा पीड़ित पक्षों को दिलाया। प्रदीप सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय ने पारिवारिक वादों से संबंधित कुल 43 वाद निस्तारित किये। प्री-लिटिगेशन के दो वाद निस्तारित किए। डा. विकास श्रीवास्तव-विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) ने एक वाद निस्तारित करते हुए 72 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया। गगन कुमार भारती-अपर जिला जज डी.ए.ए. ने एक वाद निस्तारित किया। संजय कुमार सिंह-विशेष न्यायाधीश ई.सी.एक्ट ने 142 वाद निस्तारित किये। श्रीपाल सिंह-अपर जिला जज त्वरित ने दो वाद निस्तारित किए। विद्युत के 6000 वाद प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये गये। ज्योत्सना यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट 500 चालानो के वाद निस्तारित करते हुये 1 लाख 50 हजार रुपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया। अंशुमाली पाण्डेय, सिविल जज सी०डि० ने 10 वाद निस्तारित किये। सौम्या गिरि-प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 138 वाद निस्तारित करते हुए रु0 83280का अर्थदण्ड अधिरोपित किया। प्रफुल्ल कुमार चैधरी-अपर सिविल जज सी.डि ने एक वाद निस्तारित किया। प्रियंका द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 10 वाद निस्तारित किए। अर्पिता सिंह-सिविल जज सी.डि. त्वरित ने 20 वाद निस्तारित करते हुए 600 रुपया अर्थदण्ड अधिरोपित किया। दिव्यकान्त सिंह राठौर-अपर सीजेएम रेलवे ने 533 वाद निस्तारित करते हुये चार लाख 99 हजार 990 रुपये अर्थदण्ड अधिरोपित किये गये। आयुशी पाडेय सिविल जज जू०डि० ने उत्तराधिकार के तीन वाद निस्तारित करते हुए 3 लाख 48 हजार 600 के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये गये। आरटीओ० व अन्य विभागों द्वारा कुल 35245 वाद निस्तारित किये गये। बैंक द्वारा कुल 1434 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया जिसमें 6 लाख 96 हजार रुपये कर्जदारों से वसूल किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत उद्घाटन समारोह में समस्त न्यायिक अधिकारीगण विमल कुमार सिंह-अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, रविशंकर जिला अग्रणी प्रबन्धक बैंक आदि मौजूद रहे।

# टीजीटी परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा



**बांदा।** जनपद में आयोजित टीजीटी परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कराने को जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने डीएवी इंटर कालेज पहुंचकर परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया, अभ्यर्थियों की जांच, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा की गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी व्यवस्थाएं शासन की मंशा के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छता, पेयजल एवं अभ्यर्थियों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं को भी सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने कोतवाली में सुनी फरियाद, 22 शिकायतों का निस्तारण



**बांदा।** जनपद के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया। शनिवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुना। उनके निस्तारण को संबंधित को निर्देशित किया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की। दिवस पर जनपद में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण को टीम का गठन किया गया है। इसी तरह थाना जसपुरा में में कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष तीन प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को दिए। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा और सीओ सदर प्रवीण यादव ने की।

## दुरेड़ी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**बांदा।** मथुरा वृंदावन आश्रम बरसाने से आए कथावाचक लखनलाल दीक्षित ने दुरेड़ी गांव में श्रीमदभागवत कथा का वाचन किया। बताया कि श्रीकृष्ण की भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, प्रेम, भक्ति और सत्य का संदेश देती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र और लीलाओं का सुंदर वर्णन मिलता है। यह कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। भागवत कथा में श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर बाल लीलाएं, गोपियों के साथ रासलीला, कंस वध, मथुरा और द्वारका की घटनाओं का वर्णन किया है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन से यह शिक्षा दी कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए सदैव आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रेम, करुणा और सेवा को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया। कथा के माध्यम से भक्तों को यह संदेश मिलता है कि मनुष्य को मोह, अहंकार और लोभ का त्याग कर ईश्वर की भक्ति में मन लगाना चाहिए। श्रीकृष्ण कहते हैं कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, उसके सभी दुख दूर हो जाते हैं। भागवत कथा सुनने से मन को शांति, जीवन में सकारात्मकता और आत्मिक सुख प्राप्त होता है। 11 मई को भंडारा का आयोजन कालका माता मंदिर से किया जाना है।

# एडीएम ने मीडिया बंधुओं को दिया स्वगणना का प्रशिक्षण



**ललितपुर।** भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य शुरू हो चुका है, जिसके अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में 07 मई से 21 मई 2026 तक स्वगणना कार्य किया जाना है और 22 मई से 20 जून तक प्रगणकों द्वारा डोर टू डोर गणना कार्य किया जाएगा।

किसी क्रम में अपर जिलाधिकारी, जिला जनगणना अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने शनिवार को प्रेस क्लब पहुंचकर वहां मौजूद सभी पत्रकारों को स्वगणना की बारीकियों के बारे में बताया और सभी से मौके पर ही ऑनलाइन पोर्टल पर स्वगणना कराई।

जिसके अंतर्गत सभी ने अपने अपने मकानों को सूचीबद्ध किया और आवश्यक जानकारी दर्ज की, सभी बिंदुओं की जानकारी भर जाने के बाद स्वगणना पहचान संख्या (एस ई आइडी) प्राप्त हुई, जिसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। बाद में जनगणना कार्मिकों के द्वारा डोर टू डोर सर्वे के दौरान इसी स्वगणना पहचान संख्या (एस ई आइडी) के आधार पर सूचनाएं भरी जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर स्व गणना करने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

बताया गया कि आप घर बैठे भी अपने मोबाइल या लैपटॉप आदि से स्व-गणना कर सकते हैं।

इसमें 33 बिंदुओं की जानकारी भरनी होगी। अपर जिलाधिकारी में सभी मीडिया बंधुओ से अपील की कि वह स्वयं स्वगणना का कार्य पूर्ण करते

# विश्व हिंदू परिषद का वर्ग प्रशिक्षण शुरू, राष्ट्रभक्ति पर जोर

**फतेहपुर।** विश्व हिंदू परिषद विहिपके वर्ग प्रशिक्षण का उद्घाटन सत्र शुरू हुआ। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को समापन होगा। मुख्य अतिथि विवेक चंद्रिका ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यकताओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा दी।प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना, संगठन के कार्यों से परिचित कराना तथा समाज के समक्ष वर्तमान चुनौतियों के प्रति जागरूक करना है। विवेक कुमार ने कहा, ₹विश्व हिंदू परिषद का लक्ष्य केवल संगठन बनाना नहीं, बल्कि एक चरित्रवान समाज का निर्माण करना है, जो राष्ट्र की एकता-अखंडता के लिए समर्पित हो। यह वर्ग कार्यकताओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने वाली महत्वपूर्ण पाठशाला है।₹ प्रशिक्षण को कुल 6 सत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें संगठनात्मक कौशल, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व विकास पर फोकस रहेगा।उद्घाटन सत्र में जिला अध्यक्ष संतोष विनायक, जिला कार्याध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, जिला मंत्री लोकेश गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, प्रांत संगठन मंत्री सोनपाल, नगर मंत्री मनमोहन साहू, नगर गौ सेवा प्रमुख अभिनव यादव सहित शैलेश, महेश, सानू सिंह, आकाश, रवि, आदित्य आकाश आदि 50 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई।विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यकताओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।समापन सत्र में भाग लेने वाले कार्यकताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। फतेहपुर बचपन प्ले स्कूल में मदर्स डे का भावपूर्ण आयोजनफतेहपुर। बचपन प्ले स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक अत्यंत भावनात्मक और हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस खास अवसर ने सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी और पारिवारिक बंधनों को और मजबूत कर दिया।कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों की मधुर प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें नृत्य, गीत और छोटे-छोटे नाटक शामिल थे। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद विभिन्न मनोरंजक खेल, आकर्षक गतिविधियां और नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। माताओं और बच्चों ने मिलकर इनमें भाग लिया, जिससे मंच पर स्नेह और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कुकिंग एक्टिविटी में माताएं-बच्चे एक-दूसरे के साथ स्वादिष्ट व्यंजन बनाते नजर आए, जो देखने वालों के लिए यादगार क्षण साबित हुए।विद्यालय की प्रधानाचार्य करिश्मा सिंह ने सभी माताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है। उनका असीम त्याग, समर्पण और संस्कार समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं। ऐसे अवसर हमें मातृत्व के महत्व को और गहराई से समझने का मौका देते हैं।₹ उनके उद्बोधन ने वातावरण को और भावुक बना दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, उपहार और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## विवाद के चलते दो ने फांसी लगाकर दी जान



**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के रेहुटा गांव में 23 वर्षीय यशोदा पत्नी उमाशंकर निषाद ने कमरे पर छत के हुक से साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उमाशंकर निषाद ने बताया कि मेरी सालगिरह थी, जिसके चलते घर पर खाकर सभी लोग सो गए थे। मैं बुकिंग में अपनी चार पहिया गाड़ी लेकर कसियाडेरा से बरात लेकर महबरा चला गया था। देर रात को घर आकर सो गया। सुबह देखा तो पत्नी दूसरे कमरे में फांसी पर लटकी थी। पति का कहना है कि मृतक फोन पर रील बनाती थी। यूटूबर थी। ग्राम प्रधान ओमकार निषाद ने चैकी इंचार्ज हरिशरण को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके में पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुछ लोगों का कहना है कि रात को पति-पत्नी का विवाद हो गया था। इससे पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं एक अन्य घटना में बदौसा थाना क्षेत्र के महुराई निवासी 32 वर्षीय मिथलेश उर्फ गोरेलाल पुत्र रामकरन शुक्रवार की देर रात्रि खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। रात में पत्नी पिंकी को सोता छोड़ कमरे में लगे पंखे से साड़ी का फंदा गले मे डालकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी पिंकी ने बताया कि जब रात लगभग दो बजे मेरी नींद खुली तो पति को लटकता देख चीख सुनने की आवाज सुन कर मेरे ससुर ने भाग कर देखा कि उनका पुत्र अब इस दुनिया मे नही रहा। थानाध्यक्ष बदौसा अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक शराब पीता था। पत्नी से हल्की फुल्की नोकझोंक प्रथम द्रष्टया मौत का कारण प्रतीत होता है।

## बमरोला में चकबंदी प्रक्रिया पर ग्रामीणों ने उठाये सवाल

जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)।** जनपद की तहसील क्षेत्र के ग्राम बमरोला में चल रही चकबंदी प्रक्रिया अब विवादों के घेरे में आ गई है। गांव के किसानों और ग्रामीणों ने चकबंदी लेखपाल एवं राजस्व कर्मियों पर नियमों की अनदेखी कर मनमानी करने, गरीब किसानों की भूमि में कटौती करने तथा

- लेखपाल पर धांधली और पक्षपात के लग रहे आरोप
- एक किसान की 9 एकड़ भूमि अभिलेखों में घटाकर कर दी 7 एकड़ दर्ज

प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि चकबंदी के दौरान गरीब किसानों की भूमि में 20 से 30 डिसमिल तक कटौती की जा रही है, जबकि संपन्न और प्रभावशाली लोगों से कथित सांठगांठ कर उन्हें उनकी पसंद के स्थानों पर चक आवंटित किए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। शिकायत में ग्रामीणों ने कई उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं। आरोप है कि एक किसान की 9 एकड़ भूमि अभिलेखों में घटाकर 7 एकड़ दर्ज कर दी गई, जबकि मौके पर मात्र 6 एकड़ भूमि ही नापी गई। इसी प्रकार 1.80 एकड़ भूमि के स्थान पर केवल 1.62 एकड़ ही नापे जाने का आरोप लगाया गया है। किसानों ने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर उनकी वर्षों से खेती होती रही और जहां सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं, वहां चक देने के बजाय उन्हें सड़क के दूसरी ओर या कम उपयोगी स्थानों पर भेजा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले उन्हें पुरानी जोत के आसपास चक देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में मनमाने ढंग से बदलाव कर दिए गए।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस अनियमितता का विरोध किया तो संबंधित कर्मियों द्वारा और अधिक भूमि काटने की धमकी दी गई। इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम बमरोला में चकबंदी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए, भूमि की कटौती समान नियमों के तहत की जाए तथा किसानों को उनकी मूल जोत के आसपास ही चक आवंटित किया जाए। शिकायत दर्ज कराने वालों में जीवनलाल, मोहनलाल, रामलाल, मंतराम, प्रकाश, हीरा, स्वदेश, साधुराम और हरदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## महुआ-नरैनी के कोटेदारों ने बैठक कर डीएम को भेजा ज्ञापन



**बांदा।** विभिन्न मांगों को लेकर कोटेदार संघ ने ब्लाक परिसर में बैठक की। इस दौरान राशन कार्ड बनाने और उनको निरस्त करने सहित जूट बोरियो का भुगतान दिलाए जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेजा।

महुआ और नरैनी ब्लाक में मौजूद विभिन्न ग्राम पंचायतो से एकत्र हुए कोटेदारों ने सामूहिक बैठक की। इस दौरान पैसा लेकर अवैध रूप से राशन कार्ड में नाम काटने व जोड़ने की प्रक्रिया का विरोध किया। बताया कि विभाग ने बगैर कोटेदार की मर्जी और सहमति के जोड़ने और नाम काटने का कार्य किया जा रहा है। यह पूरी तरह गलत है। इस काम में कोटेदार की सहमति लिए जाने पर जोर दिया। इसी प्रकार से कोटेदारों से जूट की बोरियां, विपणन अधिकारी द्वारा जमा करवाए जाने का विरोध किया। जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन के जरिए बताया कि राशन कार्ड जारी करने और उनको काटने में कोटेदारों की सहमति ली जाए। जारी हो चुके पात्र एवं गरीबों के नाम न काटे जाए। बताया कि लगातार ग्राम सभा में अकारण लोगों के गुस्से का कोटेदार शिकार हो रहे है। इसी प्रकार से विपणन अधिकारी ने जनपद भर के कोटेदारों से जूट की बोरियां जबरन जमा कराए जाने का विरोध किया। साथ ही इस दौरान बोरियो का उचित मूल्य वापस किए जाने की मांग की। बताया कि मार्च माह में सड़ा हुआ ज्वार मिला था। लेकिन अभी तक अवशेष का समायोजन नहीं किया गया। समायोजन की मांग की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कोटेदार संघ राजा भइया द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष सुशील शिवहरे, सचिव अवधबिहारी चैबे, महुआ ब्लॉक अध्यक्ष मलखान श्रीवास, नरैनी अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, शिवदीन यादव आदि कोटेदार मौजूद रहे।

## योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर माही नामदेव सम्मानित




**महोबा।** वीर भूमि डिग्री कॉलेज में आयोजित पंचम जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महोबा की प्रतिभाशाली बेटी माही नामदेव को भी सम्मानित किया गया, जिससे पूरे नामदेव समाज में खुशी और गर्व का माहौल है। माही नामदेव, नामदेव समाज के नगर अध्यक्ष विजय नामदेव की पुत्री हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज और जिले का नाम रोशन किया है। समारोह में उपस्थित लोगों ने माही की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाज के लोगों ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और माही ने यह साबित कर दिया है कि लगन और मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने माही को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।

## बचपन प्ले स्कूल में मदर्स डे का भावपूर्ण आयोजन



**फतेहपुर।** बचपन प्ले स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक अत्यंत भावनात्मक और हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस खास अवसर ने सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी और पारिवारिक बंधनों को और मजबूत कर दिया।कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों की मधुर प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें नृत्य, गीत और छोटे-छोटे नाटक शामिल थे। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद विभिन्न मनोरंजक खेल, आकर्षक गतिविधियां और नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। माताओं और बच्चों ने मिलकर इनमें भाग लिया, जिससे मंच पर स्नेह और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कुकिंग एक्टिविटी में माताएं-बच्चे एक-दूसरे के साथ स्वादिष्ट व्यंजन बनाते नजर आए, जो देखने वालों के लिए यादगार क्षण साबित हुए।विद्यालय की प्रधानाचार्य करिश्मा सिंह ने सभी माताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है। उनका असीम त्याग, समर्पण और संस्कार समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं। ऐसे अवसर हमें मातृत्व के महत्व को और गहराई से समझने का मौका देते हैं।₹ उनके उद्बोधन ने वातावरण को और भावुक बना दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, उपहार और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इसके बाद जलपान की व्यवस्था भी की गई, जिसमें स्वादिष्ट नाश्ते ने सभी को प्रसन्न किया। पूरा समारोह खुशी, उत्साह और पारिवारिक स्नेह से सराबोर रहा।इस सफल आयोजन में अध्यापिकाओं श्रेया गुप्ता, निकिता कुमारी, जानकी गुप्ता, साधना तिवारी एवं समस्त शिक्षक-कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कूल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के दिये आदेश

**ललितपुर (वीओएल)।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने चिकित्सीय लापरवाही के एक गंभीर मामले में कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य सीजेएम ने मेडीकल कॉलेज में तैनात

- लापरवाही से हुए ऑपरेशन से महिला हो गई थी मल्टीऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम की शिकार
- ऑपरेशन के बाद महिला की दोनों किडनियां हो गईं थीं खराब

डा.डी.के. राज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना के आदेश दिए हैं। यह आदेश मनोज कुमार द्वारा दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद दिया गया है।शिकायतकर्ता मनोज कुमार के अनुसार, उनकी पत्नी अनीता साहू को एपिगैस्ट्रिक हर्निया की समस्या थी। आरोप है कि 3 नवंबर 2025 को डा.डी.के. राज ने कथित तौर पर निजी सुविधा शुल्क लेकर सरकारी अस्पताल में ही ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड ? लगी। जब उन्हें ग्वालियर, दिल्ली और फिर एम्स भोपाल ले जाया गया, तो पता चला कि गलत ऑपरेशन के कारण उनकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं और वह मल्टीऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम का शिकार हो गई हैं।इस मामले की जांच के लिए सीएमओ द्वारा एक जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में चिकित्सक को क्लीन चिट देते हुए कहा था कि मरीज की हालत लेप्टोस्पायरोसिस नामक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण बिगड़ी, जिसका ऑपरेशन से कोई संबंध नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इस जांच आख्या की विसंगतियों पर गौर किया, जिसमें जांच आख्या में कहा गया था कि चिकित्सक के घर पर कोई निजी ओटी नहीं मिला, लेकिन कोर्ट ने टिप्पणी की कि इस निरीक्षण का कोई फोटो या वीडियो साक्ष्य मौजूद नहीं है। कोर्ट ने माना कि केवल टांके स्वस्थ होने के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि मरीज को कोई अंदरूनी संक्रमण या जटिलता नहीं रही होगी।न्यायालय ने पत्रावली पर मौजूद एम्स भोपाल और मैक्स हॉस्पिटल की रिपोर्ट्स का अवलोकन करने के बाद पाया कि ऑपरेशन के तुरंत बाद ही पीड़िता को गंभीर शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हुईं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना पुलिस विवेचना के इस पूरे घटनाक्रम की सत्यता सामने आना संभव नहीं है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध कारित होना प्रतीत होता है। उन्होंने संबंधित थाना अध्यक्ष को तत्काल अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विवेचना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## सनातन एकता भीष्म प्रतिज्ञा रथ लेकर पहुंचे महामंडलेश्वर गोल्डन गिरि

**बांदा।** बबेरू कस्बे में सनातन एकता भीष्म प्रतिज्ञा रथ लेकर पहुंचे महामंडलेश्वर गोल्डन गिरि का कस्बावासियो ने जोरदार स्वागत किया। प्रतिज्ञा रथ लेकर पहुंचे महामंडलेश्वर मनोजानंद गोल्डन गिरि ने कहा कि जब तक हमारे पूज्य संत, महात्मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नहीं बन जाते तब तक उनका अभियान जारी रहेगा। कहा कि मोदी के उत्तराधिकारी के तौर पर वह योगी को प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते हैं यही सनातन की मांग है। जब तक यह प्रतिज्ञा पूर्ण नहीं होती तब तक मैं अपने चार किलो 500 ग्राम वजन के चांदी के जूते स्वयं धारण करता था, उनका परित्याग करके नंगे पांव रहकर उत्तर प्रदेश के 75 जिले व 28 राज्यों के तीर्थ स्थलों की परिक्रमा करूंगा। अब मेरी भीष्म प्रतिज्ञा है कि योगी को जब तक प्रधानमंत्री पद पर नहीं देख लेता तब तक मेरी सनातन हिंदू एकता भीष्म प्रतिज्ञा रथ चलता रहेगा। यहां से वह चित्रकूट के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर परमानंद, राजाभैया सिंह परमार, ग्राम विकास अधिकारी प्रभाकर पटेल, पप्पू सेंगर, राममिलन सिंह गौर, कुलदीप सिंह, शिवप्रकाश मलिक, रोहित गुप्ता, दुर्गेश सिंह, मुन्ना सिंह, पिंकू त्रिपाठी, शिवजीत, राहुल सिंह, बृजेंद्र सिंह परमार, नरेंद्र सिंह परमार आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## रिलायंस एडीए समूह के 17 परिसरों पर छापा

नयी दिल्ली। सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों - रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड - तथा उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों के संबंध में मुंबई में 17 परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, ये तलाशी उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों के साथ-साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालय परिसरों में की जा रही है जिनके खातों का उपयोग बैंक कोषों के हेरफेर के लिए किया गया था। कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सीबीआई ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी का वारंट जारी करवाया था। अधिकारियों ने दावा किया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन मामलों में बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुए कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपये है।

## हत्या के आरोपी का संपत्ति पर अधिकार नहीं : कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जो व्यक्ति किसी की हत्या करता है या हत्या में मदद करता है, तो उसे मृतक की संपत्ति पर अधिकार नहीं मिलेगा, क्योंकि कानून ऐसे व्यक्ति को विरासत पाने से रोकता है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति पर हत्या करने या हत्या के लिए उकसाने का आरोप है, तो वह मृतक की संपत्ति नहीं पा सकता। यह नियम तब भी लागू होगा जब मृतक ने वसीयत नहीं छोड़ी हो और तब भी, जब वसीयत बनाई गई हो। अदालत ने कहा है कि मुकदमा जारी रहने पर भी यह रोक लागू रहेगी। बिना वसीयत के उत्तराधिकार व्यक्तिगत कानून के नियमों के अनुसार होता है, जबकि वसीयत के माध्यम से उत्तराधिकार तब लागू होता है, जब संपत्ति एक उत्तराधिकार के माध्यम से दिया जाता है। उच्चतम न्यायालय ने कहा, यदि किसी व्यक्ति पर उस इंसान की हत्या का आरोप हो, जिसकी संपत्ति में वह हिस्सा मांग रहा है, तो उसे उस संपत्ति पर अधिकार जताने का हक नहीं मिलेगा। यह रोक केवल हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 25 के कारण ही नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और नैतिक समानता के सिद्धांतों के आधार पर भी लागू होती है।

## आरबीआई ने की पदोन्नति नीति में सुधार की मांग

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के संगठन ने गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र लिखकर पदोन्नति नीति में संशोधन के लिए हस्तक्षेप करने और समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली बहाल करने की मांग की है। आरबीआई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों और मुंबई स्थित केंद्रीय मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों ने शुक्रवार को नई पदोन्नति नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। नई नीति में पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता से जोड़ा गया है, जबकि पहले समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली लागू थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आठ मई के पत्र में कहा कि केंद्रीय बैंक ने उनकी गंभीर चिंताओं, आपत्तियों और रचनात्मक सुझावों पर पर्याप्त विचार किए बिना संशोधित पदोन्नति नीति को लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे अधिकारी समुदाय में व्यापक असंतोष, निराशा और मनोबल में गिरावट आई है।

## टीसीएस उत्पीड़न मामला : 11 तक हिरासत में निदा खान

नासिक। नासिक की एक अदालत ने शुक्रवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामले की आरोपी निदा खान को 11 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस ने दावा किया कि एआईएमआईएम के एक पार्षद ने निदा खान और उसके परिवार को शरण दी थी। टीसीएस की कर्मचारी रही निदा खान को बृहस्पतिवार को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया था। मामला सामने आने के बाद से वह फरार थी। उसे शुक्रवार को यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के. जी. जोशी की अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने सात दिन के लिए उसकी हिरासत की मांग की।

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम पर गहराया संदेह

### ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड से संबंध होने के संदेह में 41 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी

दुबई। अमेरिका द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के नजदीक ईरान के दो तेल टैंकर को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच नाजुक युद्धविराम पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इस बीच, अमेरिकी नौसेना के क्षेत्रीय मुख्यालय की मेजबानी करने वाले बहरीन ने शनिवार को बताया कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से संबंध होने के संदेह में 41 लोगों को हिरासत में लिया है।




शुक्रवार को हुए हमलों के कारण अमेरिका एवं ईरान के बीच के नाजुक युद्धविराम को लेकर संदेह और गहरा गया है। अमेरिका युद्ध समाप्त करने, जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और तेहरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने से जुड़े समझौते के अपने ताजा प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसके बलों ने ईरान के उन दो टैंकर को निष्क्रिय कर दिया, जो ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे।

इससे कुछ घंटे पहले सेना ने कहा था कि उसने नौसेना के तीन पोतों पर हमलों को नाकाम किया और जवाबी कार्वाई में जलडमरूमध्य में ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इस बीच, बहरीन के गृह मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े एक समूह का सदस्य होने के आरोप में 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय ने कहा कि समूह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ आगे की कार्वाई के लिए जांच जारी है, लेकिन उसने इस संबंध में और कोई जानकारी नहीं दी। बहरीन में सुन्नी मुस्लिम राजशाही का शासन है, लेकिन ईरान की तरह इसकी अधिकांश आबादी शिया है। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि बहरीन ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का बहाना बनाकर देश में असहमति को दबाने का प्रयास किया है। अमेरिका का पांचवां बेड़ा बहरीन में तैनात है।

# पीएम मोदी का 10 से कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात दौरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 और 11 मई को कर्नाटक, तेलंगाना और गुजरात का दौरा करेंगे। इस दौरान वह हैदराबाद में लगभग 9,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव में भी भाग लेंगे।

दो आधिकारिक बयानों में कहा गया है कि मोदी बेंगलुरु में द आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें वर्षगांठ समारोह में भी भाग लेंगे और तेलंगाना में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री रविवार सुबह, बेंगलुरु में वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। वह बेंगलुरु मे स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव-निर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो आंतरिक शांति व समग्र कल्याण के लिए समर्पित एक ध्यान भवन है। मोदी आर्ट ऑफ लिविंग की राष्ट्रव्यापी सेवा पहल भी शुरू करेंगे, जिनमें मानसिक कल्याण, ग्रामीण विकास, प्राकृतिक संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित पूरे वर्ष चलने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। इसके बाद वह हैदराबाद जाएंगे और लगभग 9,400 करोड़ रुपये मूल्य की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे और इसके बाद हैदराबाद में स्थित सिंधु अस्पताल राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मोदी राष्ट्रीय राजमार्ग-




167 को गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक सड़क को चौड़ा करने से जुड़ी परियोजना का शिलान्यास करेंगे। यह हैदराबाद-पणजी आर्थिक कॉरिडोर का हिस्सा है और इसकी कुल परियोजना लागत 3,175 करोड़ रुपये से अधिक है। इस परियोजना से यातायात को सुगम और सुरक्षित होगा, यात्रा समय लगभग एक घंटा 30 मिनट कम हो जाएगा और ईंधन खपत व वाहन रखरखाव लागत घटाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर विशेष : एक संन्यासी की मातृ-स्तुति



लेख : ब्रजेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान, सुल्तानपुर

आज अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर आप सबको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। प्रायः सभी धर्मों एवं संस्कृतियों में मां को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। भारतीय शास्त्रों में मां को धरती पर ईश्वर का अवतार कहा गया है। गृहस्थ हो या संन्यासी मां के ऋण से कोई मुक्त नहीं हो सकता है। मां अपनी संतान के लिए अंधेरे में जलता दीपक है जो उसे रोशनी प्रदान करती है। मां के उठने से ही सवेरा होता है। एक मां के लिए उसके बच्चे की तोतली वाणी वेद शास्त्र के मंत्रों से भी ज्यादा कर्णप्रिय और शीतल होती है। मां की परिभाषा को आदि शंकराचार्य ने अपने जीवन आचरण से अच्छी तरह परिभाषित किया है। भारतीय परम्परा में सामान्यतः संन्यासी उसे कहा जाता है जो अपने समस्त लौकिक कर्म संस्कार, बन्धन एवं रिश्ते त्यागकर जीते जी अपने शरीर का भी पिण्डदान कर नया जीवन प्राप्त करता है। इस प्रकार संन्यास धर्म एक नया जीवन होता है जो समस्त सांसारिक मोह, माया, पूर्व के माता, पिता एवं समस्त सम्बन्धों से परे होता है लेकिन क्या संन्यास धर्म की इस परिभाषा में 'मां' को रखा जा सकता है? सनातन वैदिक धर्म के सर्वोच्च आचार्य आदि शंकराचार्य का कहना है - 'नहीं'। मां सभी धर्मों एवं कर्म संस्कारों से ऊपर है। मां जगज्जननी है। सभी धर्म एवं संस्कार मां से ही निःसृत होते है। मां धरती पर आदि शक्ति पराम्बा का साक्षात स्वरुप है। आदि शंकर ने संन्यास लेने से पहले अपनी मां को यह वचन दिया था कि आपके अंतिम समय में मैं आपके पास रहूंगा और अंतिम संस्कार करूंगा।



तत्समय एक संन्यासी के लिए इस प्रकार का वचन देना संन्यास धर्म के सर्वथा प्रतिकूल माना गया। संन्यास लेने के बाद आदि शंकर ने बौद्ध, सांख्य, मीमांसक, जैन आदि आचार्यों को पराजित कर चार मठों की स्थापना के बाद अद्वैत वेदान्त का प्रतिपादन किया। कापालिकों की समस्या का समाधान करने के लिए वे अपने शिष्यों के साथ कर्नाटक जा रहे थे तभी योग-शक्ति से उन्हें भान हुआ कि मां का अंतिम समय आ गया है। शंकर ने अपने शिष्यों को श्रृंगेरी भेज कर अपनी माता से मिलने कालड़ी के लिए निकल पड़े। कालड़ी पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मां मृत्यु शैय्या पर पड़ी है। मां की दशा देख भावुक शंकर ने अपनी मां को उनके इष्टदेव योगेश्वर कृष्ण का दर्शन करा कर आत्मज्ञान का बोध कराया। थोड़ी देर बाद मां ने अंतिम सांस ली। शंकर ने मां के शव के चारों ओर परिक्रमा कर भिक्षा में प्राप्त चावल के कुछ दाने उनके मुंह में डालकर अंतिम संस्कार किया। अपनी भावनाओं और संवेगों पर नियंत्रण पा चुके शंकर की सहनशीलता का बांध अब टूट चुका था और वे मां को याद कर रोने लगे। उनके मुंह से अचानक पांच श्लोक प्रस्फुटित हुए जिसके द्वारा उन्होंने बचपन में मां को अकेली छोड़कर संन्यास लेने के कारण हुए कष्टों के लिए उनसे क्षमा मांगी। भारतीय ज्ञान परम्परा में इन श्लोकों को मातृ- पञ्चकम कहा जाता है जो इस प्रकार है -

**मुक्तामणि त्वं नयनं ममेति,**<br>**राजेति जीवेति चिरं सुत त्वम्।**<br>**इत्युक्तवत्यास्तव वाचि मातः,**<br>**ददाम्यहं तण्डुलमेव शुष्कम्।।**

आदि शंकर अश्रुपूरित नेत्रों और रुंधे हुए गले से कहते हैं, हे मां! जिस मुंह से तुम मुझे अपने आंखों का तारा कहती थी और हमारा राजदुलारा हमेशा जीता रहे - ऐसा कहकर मुझे स्नेह देती थी, आज उस मुंह में डालने के लिए शुष्क तंदुल (चावल) के सिवा मेरे पास कुछ नहीं है। हे मां! मुझे प्राप्त करने के लिए तुमने न जाने कितने शिवालयों, कृष्णालयों और रामालयों में में पूजा अर्चना की और असह्य प्रसव पीड़ा सहकर मुझे उत्पन्न किया। मेरे पैदा होने के बाद कई वर्षों तक आप बीमार रहीं किन्तु मेरे लालन पालन में आपने कोई कमी नहीं की। हे मां! मुझे याद है कि कैसे मेरा संन्यासी रुप देखकर तुम रोने लगी थी और कई दिनों तक भोजन नहीं किया था। मैं तुम्हें अकेला छोड़कर संन्यास धर्म का पालन करने ज्ञान की खोज में निकल गया था लेकिन आज तुम्हारे अंतिम समय पर मैं न तो तुम्हारे मुंह में गंगाजल डाल सका, न तुम्हारे कानों में तारन मंत्रों का जाप कर सका और न ही विधि विधान से तुम्हारा अंतिम संस्कार कर सका। हे मां! दया करके मुझे क्षमा करना।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में संभावित आतंकवादी हमले को लेकर प्राप्त हुई खुफिया जानकारी के आधार पर हाई अलर्ट जारी किया गया है और दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।




एक सूत्र ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय और आसपास के सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, साथ ही सशस्त्र कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है, अवरोधक लगाए गए हैं और वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को मध्य दिल्ली में आत्मघाती हमलों, वाहन आधारित संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से धमाका करने, गोलीबारी और समन्वित हमलों के जरिए प्रमुख कार्यालयों और भीड़भाड़ वाले इलाकों को निशाना बनाने की संभावित कोशिशों के संबंध में चेतावनी मिली हैं। उन्होंने बताया कि शहर में महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों, बाजारों, परिवहन केंद्रों और अन्य भीड़भाड़ वाली जगहों पर विध्वंस रोधी जांच की जा रही है।सूत्रों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते और दिल्ली अग्निशमन सेवा सहित त्वरित प्रतिक्रिया टीम को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। एक सूत्र ने बताया, पुलिस को संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों, लावारिस वस्तुओं और खड़ी गाड़ियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## केंद्रीय मंत्री संजय कुमार के बेटे पर पॉक्सो का मुकदमा

हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे के खिलाफ यहां एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद पॉक्सो अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने आरोपों से इनकार करते हुए किशोरी और उसके अभिभावकों पर कथित जबरन वसूली और आपराधिक धमकी का आरोप लगाया है। सत्रह वर्षीय लड़की की मां के अनुसार, संजय कुमार के बेटे भगीरथ का उनकी बेटी के साथ संबंध था और उसने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि यह कथित संबंध लगभग सात-आठ महीने पहले शुरू हुआ था। पुलिस ने अभी तक छात्रा से पूछताछ नहीं की है। इस बीच, भगीरथ ने करीमनगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि जिस लड़की से उसकी जान-पहचान हुई थी।

# दिल्ली : आंधी-बारिश की चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार और मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो एक दिन पहले के तापमान से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक और सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार की तुलना में 1.2 डिग्री अधिक है लेकिन सामान्य से 1.3 डिग्री कम भी है। दिल्ली के अन्य मौसम केंद्रों में भी तापमान में इसी तरह




की वृद्धि देखी गई। पालम में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो शुक्रवार के तापमान से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले की तुलना में 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। लोधी रोड में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो एक दिन पहले के तापमान की तुलना में 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है जबकि न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो शुक्रवार से 1.8 डिग्री अधिक था।

पेज एक का शेष

## जितना पसीना

के बारे में जो व्यावहारिक रणनीति बताई जाएगी, वह सैद्धांतिक रूप से पुस्तकों में मिलना कठिन होता है। खेल के मैदान में अनुशासन, दृढ़संकल्प और समर्पण के बारे में खिलाड़ी को तैयार किया जाता है और उसके माध्यम से ऐसे व्यक्तित्व को तराशने का कार्य होता है, जो राष्ट्र को सशक्त, सुरक्षित और विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी बन सकता है। सीएम ने कहा कि हम लोगों ने पीएम मोदी के विजन को यूपी में प्रभावी ढंग से लागू करने में सफलता हासिल की। 11 वर्ष में देश के अंदर नए स्पोर्ट्स इकोसिस्टम का प्रभावी क्रियान्वयन सभी ने देखा है। खेल एक भारत-श्रेष्ठ भारत व राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बना है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद/विधायक खेलकूद प्रतियोगिता, यूपी में ग्रामीण लीग आदि प्रतियोगिताएं समाज के अंतिम पायदान पर बैठे खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही हैं। इसी का परिणाम है कि ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स व विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिभाग बढ़ा है और हमें अभूतपूर्व सफलता भी मिल रही है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में नाममात्र के स्टेडियम थे, इनमें बुनियादी सुविधाएं तक नहीं थीं। उनका उचित रखरखाव तक नहीं था। ट्रैक टूटे और स्वीमिंग पुल सूखे थे। खिलाड़ी उपेक्षित और कुशल खिलाड़ी कार्यालय-कार्यालय भटकने को मजबूर थे।

प्रतिभाएं प्रतीक्षा सूची में दम तोड़ने को मजबूर होती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। उत्तर प्रदेश ने आज कुशल खिलाड़ियों के लिए सीधी भर्ती, पदोन्नति व नकद पुरस्कार की पारदर्शी व्यवस्था लागू की है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने खिलाड़ियों के लिए नौकरियों में दो प्रतिशत हॉरिजेंटल रिजर्वेशन की व्यवस्था की है। खेल अब केवल शौक, टाइमपास नहीं बल्कि सम्मानजक कैरियर बन रहा है। हमारी सरकार इसकी गारंटी भी दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के 534 खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से यूपी पुलिस व शासन के विभिन्न पदों पर नियुक्ति पत्र दिया गया है। स्पोर्ट्स कोटे के तहत 546 नई भर्ती प्रक्रियाधीन है, इन्हें भी बहुत जल्द नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। 2021 से अब तक 334 खिलाड़ियों को निरीक्षक, उप निरीक्षक व मुख्य आरक्षी पद पर प्रमोशन भी दिया गया है।

टोक्यो व पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका दिलाने वाले ललित उपाध्याय व राजकुमार पाल तथा एशियन गेम्स में 5000 मीटर में विजेता पारुल चौधरी को डिप्टी एसपी पद दिया गया। एशियन चैंपियनशिप 2024-25 में स्वर्ण पदक विजेता आरक्षी प्रियांशी प्रजापति व पुष्पा को सीधे निरीक्षक पद पर प्रमोशन दिया गया। यह नाम विश्वास के साक्ष्य हैं, आज खाकी व खेल के बीच अटूट रिश्ता बन चुका है। सीएम ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम, हर जनपद में स्टेडियम है, जिससे टैलेंट को प्लेटफॉर्म प्राप्त हो सके और मजबूत इकोसिस्टम तैयार हो सके। देश के लिए पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ी को यूपी सरकार बेहतरीन अवसर देती है।

सरकार राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को सपोर्ट करती है और मेडल जीतने वाले को इंसेंटिव व पुलिस समेत अनेक विभागों में समायोजित कर रही है। सरकार यूपी में बेहतरीन खेल संस्कृति को बढ़ाने में सफल हो रही है। सीएम ने आशा जताई कि यह प्रतियोगिता खेल व खेल संस्कृति को बढ़ाकर युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। इस दौरान अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, अपर निदेशक (एसआईबी) विनीता शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक (पीएसी) डॉ. आरके स्वर्णकार, मुख्यमंत्री कार्यालय के सलाहकार अवनीश अवस्थी, उप्र बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष नवनीत सहगल, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी (मध्य जोन) व सचिव यूपी पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड डॉ. प्रीतिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## अगले नौसेना

के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। फ्लैग ऑफिसर एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे और वह संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला के विशेषज्ञ हैं।

वह खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), ब्रिटेन के श्रीवेनहैम स्थित ज्वाइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, कारंजा स्थित नौसेना युद्ध महाविद्यालय और न्यूपोर्ट स्थित यूएस नेवल वार कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित एडमिरल ने अपने नौसैन्य करियर में अभियान, स्टाफ और प्रशिक्षण संबंधी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। उन्होंने मिसाइल पोत आईएनएस विद्युत और आईएनएस विनाश, मिसाइल कॉर्वेट आईएनएस कुलिश, निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मैसूर और विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य की कमान संभाली है।

## बंगाल में

प्रामाणिक उत्तर बंगाल के प्रभावशाली राजबंशी नेता माने जाते हैं। भाजपा के पहले मंत्रिमंडल में दो मंत्री उत्तर बंगाल और तीन दक्षिण बंगाल से हैं। इससे अलग-अलग क्षेत्रों में अपना समर्थन मजबूत करने की पार्टी की कोशिश रेखांकित होती है। मंत्रियों की पहली सूची में कोलकाता से किसी प्रतिनिधि को जगह नहीं मिली जबकि इस शहर ने बंगाल की कुछ सबसे बड़ी राजनीतिक हस्तियां और मुख्यमंत्री दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि भाजपा सरकार के बाकी मंत्रियों को सोमवार को राजभवन में शपथ दिलाए जाने की संभावना है। नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक भी उसी दिन हो सकती है। मंत्रियों के विभागों की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड को कभी वाम दलों का वैचारिक गढ़ माना जाता था और बाद में तृणमूल कांग्रेस ने भी इसे अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के प्रमुख मंच के रूप में इस्तेमाल किया। शनिवार को यही मैदान स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल की पहली भाजपा सरकार के शपथग्रहण का स्थल बना। भाजपा खेमे ने इसे डबल इंजन सरकार के तहत सोनार बांग्ला की शुरुआत के रूप में पेश किया। भगवा गमछा पहने और पार्टी के झंडे लिए हजारों कार्यकर्ता सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर जुटने लगे। बड़े एलईडी स्क्रीन पर मोदी और अधिकारी के चुनावी भाषण दिखाए गए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ ही मैदान क्षेत्र में भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। भाजपा ने हाल में हुए चुनाव में 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीट हासिल कीं। इसके साथ ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ और पूर्वी भारत में भाजपा ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी चुनावी सफलता हासिसल की। पश्चिम बंगाल में वाम-उदारवादी राजनीतिक संस्कृति की गहरी जड़ें होने के कारण भाजपा के लिए कभी बेहद कठिन राजनीतिक क्षेत्र माने जाने वाले राज्य में पार्टी का उदय पिछले कई वर्षों में आक्रामक जमीनी विस्तार, ध्रुवीकरण वाले अभियानों और प्रतिद्वंद्वी खेमों से दलबदल के माध्यम से गति पकड़ता रहा तथा अंततः पार्टी ने जीत हासिल कर शनिवार को सत्ता संभाल ली।

## सीएम योगी

अधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन एवं आप (सुवेंदु अधिकारी) के ऊर्जावान नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' का संकल्प सिद्ध होगा और प्रदेश सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं आर्थिक उत्थान के अमृतकाल में प्रवेश करेगा। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आपका कार्यकाल बंगाल के जन-जन की आकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बने, मां काली से यही प्रार्थना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंत्रियों को भी बधाई दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि पश्चिम बंगाल में मंत्री पद की शपथ लेने वाले समस्त माननीय को भी हृदयतल से बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी जन-सेवा को सर्वोपरि मानकर 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करेंगे। मां काली की कृपा से आप सभी का कार्यकाल यशस्वी और लोक-कल्याणकारी हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया, क्षुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक को भी बधाई दी। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने एक जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका बंगाल की धरा पर स्वागत किया था। इसके उपरांत उनके चरणों में शीश नवाकर अपनी श्रद्धा भी निवेदित की थी।

## यूपी : आज

मंत्री श्रीकांत शर्मा, राजीव तरारा और सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह को भी मौका दिया जा सकता है।

इसके साथ पुराने मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल हो सकता है। इस फेरबदल में कुछ का प्रमोशन भी हो सकता है। राज्य मंत्री से स्वतंत्र प्रभार या फिर स्वतंत्र प्रभार के मंत्री को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। चार मई की कैबिनेट बैठक में शामिल होने वाले कुछ पुराने मंत्रियों के लिए यह अंतिम बैठक हो सकती है।

योगी मंत्रिमंडल में अधिकतम 60 लोगों को जगह दी जा सकती है। अभी सीएम योगी समेत 54 मंत्री कैबिनेट में मौजूद हैं। 6 नए मंत्री बनाये जा सकते हैं। योगी कैबिनेट में अभी 21 कैबिनेट मंत्री, 14 स्वतंत्र प्रभार मंत्री, 19 राज्य मंत्री हैं। माना जा रहा है कि ओबीसी और दलित समाज के उन चेहरों को जगह दी जाए, जिन जातियों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा से दूसरी बना ली थी। संगठन से भी कुछ को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी संग महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे कुछ विधान परिषद के सदस्य भी मंत्रिमंडल में जगह पा सकते हैं।

## अग्नि मिसाइल

पेलोड है जिसमें कई अस्त्र होते हैं, जिनमें से प्रत्येक अलग-अलग लक्ष्यों पर स्वतंत्र रूप से हमला करने में सक्षम होता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल प्रणाली का परीक्षण शुक्रवार को किया गया। इसने कहा कि भारत ने आठ मई को ओडिशा स्थित एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से एमआईआरवी प्रणाली से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल का कई पेलोड के साथ परीक्षण किया गया, जिसमें हिंद महासागर के एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र में फैले विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बनाया गया।

## टीवीके प्रमुख

जो तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत के लिए आवश्यक 118 सीटों से दो अधिक है। विजय शनिवार शाम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलने के लिए लोक भवन रवाना हुए, लेकिन कथित तौर पर मुलाकात का समय नहीं दिये जाने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। हालांकि, बाद में टीवीके प्रमुख विजय ने कांग्रेस और सहयोगी दलों के नेताओं के साथ राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की, जिस दौरान राज्य में नयी सरकार के गठन पर चर्चा हुई। इससे पहले, भाकपा के प्रदेश सचिव एम. वीरपांडियन ने विजय को परेशान करने के लिए राज्यपाल की आलेचना की थी। विधानसभा चुनाव के बाद, राज्य में तेजी से हुए घटनाक्रम में विजय के नेतृत्व वाली टीवीके को उस वक्त गंभीर आरोपों का सामना करना पड़ा, जब राजग के घटक दल एएमएमके ने उस पर विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया। टीवीके को समर्थन दे रही कांग्रेस अपने विधायकों को हैदराबाद ले गई है। वाम दलों द्वारा टीवीके को सरकार बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा के बाद, वीसीके के संस्थापक थिरुमावलवन ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने पार्टी पदाधिकारियों के साथ तुरंत बैठक की थी।




# गुजरात ने राजस्थान को दिया 230 रन का लक्ष्य

## सूर्यवंशी ने सिराज की पहली बॉल पर छक्का लगाया, टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी



जयपुर । गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 230 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान यशस्वी जायसवाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने एक ओवर में बिना नुकसान के 11 रन बना लिए हैं। कप्तान यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर है। सूर्यवंशी ने मोहम्मद सिराज की पहली बॉल पर छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया।

कप्तान शुभमन गिल ने 44 बॉल पर 9 चौकों और 3 छक्कों से सजी अर्धशतकीय पारी खेली। साई सुदर्शन ने 36 बॉल पर 55 रन बनाए। साई ने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। राजस्थान के बृजेश शर्मा को 2 विकेट मिले। गुजरात की पारी के 20वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनके इस ओवर में 3 छक्के पड़े। तेवतिया ने पहली और दूसरी बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर चौथी बॉल पर सुंदर ने सिक्स लगाया। 19वें ओवर में बृजेश शर्मा ने जेसन होल्डर (7 रन) को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल (84 रन) को भी आउट किया। 18वें ओवर में गुजरात ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। तुषार देशपांडे की पहली गेंद पर जेसन होल्डर ने चौका लगाया। इसी चौके के साथ टीम ने 200 का आंकड़ा पार किया। 17वें ओवर की दूसरी बॉल पर गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान शुभमन गिल 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बृजेश शर्मा ने तुषार देशपांडे के हाथों कैच कराया। बृजेश के इस ओवर की पहली और आखिरी बॉल पर सिक्स पड़े। 15वें ओवर के बाद राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया। उन्हें यशराज पुंजा की जगह मैदान पर लाया गया है। पुंजा ने अपने कोटे के चार ओवर में 34 रन देकर एक विकेट लिया। 14वें ओवर की दूसरी बॉल पर रवींद्र जडेजा ने जोस बटलर को डोनोवान फरेरा को कैच आउट करकर उनका विकेट जेब में डालने का इशारा किया। साई सुदर्शन (55 रन) को यशराज पुंजा ने जोफ्रा आर्चर के हाथों कैच कराया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर शुभमन गिल को जीवनदान के साथ छक्का मिल गया। गिल ने लेग स्टंप पर स्लॉट गेंद थी, जिस पर गिल एक घुटने पर बैठकर बड़ा शॉट खेल गए। गेंद डीप मिडविकेट पर शिमरॉन हेटमायर के पास गई, लेकिन वह कैच नहीं पकड़ सके और गेंद हाथ से लगकर बाउंड्री के पार चली गई। 11वें ओवर की तीसरी बॉल पर शुभमन गिल ने सिंगल लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की।

उन्होंने सीजन में चौथा अर्धशतक लगाया है। इसी ओवर में 5वीं बॉल पर यशराज पुंजा ने साई सुदर्शन को जोफ्रा आर्चर के हाथों कैच कराकर ओपनिंग पार्टनरशिप ब्रेक की। साई 55 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने महज 6 रन दिए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। सभी रन सिंगल-डबल के जरिए बने। 9वें ओवर की आखिरी बॉल पर शुभमन गिल रनआउट होते-होते बच गए। बैक ऑफ लेंथ गेंद मिडिल और लेग पर थी, जिस पर गिल ने आगे बढ़कर एक्स्ट्रा कवर की ओर शॉट खेला और तेजी से रन के लिए दौड़ लगा दी। यशस्वी जायसवाल ने डायरेक्ट हिट की कोशिश की, लेकिन निशाना चूक गया। अगर गेंद स्टंप्स पर लगती तो गिल मुश्किल में पड़ सकते थे। 9वें ओवर में साई सुदर्शन ने सिंगल लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। यश राज पुंजा की ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट गेंद को उन्होंने बैकफुट पर जाकर शॉट खेला। सुदर्शन ने गेंद को स्वीपर कवर की दिशा में धकेला और एक रन के साथ अपनी फिफ्टी पूरी की। साई ने ओवर की पहली बॉल पर चौका लगाकर टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया।

गुजरात ने कढछ के मौजूदा सीजन में पावरप्ले में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने 6 ओवर के खेल में बिना नुकसान के 82 रन बना लिए। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की जोड़ी क्रीज पर है। राजस्थान के गेंदबाज पावरप्ले में एक भी विकेट नहीं ले सके हैं। राजस्थान ने पावरप्ले के अंदर पहला रिव्यू गंवा दिया। चौथे ओवर की तीसरी बॉल पर तुषार देशपांडे ने यार्कर बॉल डाली, जोकि साई के पैड पर लगी। अपील भी हुई, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। कप्तान जायसवाल ने रिव्यू लिया, लेकिन बॉल की पिचिंग लेग स्टंप के बाहर थी। इस ओवर में गुजरात ने 50 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। साई और गिल ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। गुजरात की पारी के दूसरे ओवर में तुषार देशपांडे ने महज 8 रन दिए। उनकी चौथी बॉल पर बाउंड्री लगाई। तुषार ने शुरूआती 3 बॉल पर 3 रन ही दिए थे।

# प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए एलएसजी से भिड़ेगा सीएसके



चेन्नई। अंकतालिका में छठे स्थान पर काबिज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए रविवार को यहां सबसे निचले पायदान पर मौजूद लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब सीएसके शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल है। उसके अभी तक के अभियान में निरंतरता का अभाव रहा है। उसने अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान दोनों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। पांच बार का चैंपियन सीएसके अब चेपॉक में वापसी करेगा। उसके पास एलएसजी के खिलाफ लय हासिल करने का बेहतरीन मौका है।

लखनऊकी टीम के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा और वह प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। सीएसके का पूरा अभियान काफी हद तक संजू सैमसन के इर्द-गिर्द घूमता रहा है, जिनकी शीर्ष क्रम में अच्छी पारियों ने अक्सर टीम की किस्मत तय की है। जहां टीम के नए खिलाड़ी सैमसन बल्लेबाजी के आधारस्तंभ के रूप में उभरे हैं, वहीं कप्तान रुतुराज गायकवाड़ बल्लेबाजी में निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रुतुराज ने इस महीने की शुरुआत में 74 और 67 रन की महत्वपूर्ण पारियों के साथ फॉर्म में वापसी की है। वह हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में असफल रहे, जहां सैमसन ने 52 गेंदों में 87 रन की मैच विजेता पारी खेली। सीएसके की टीम को मध्य क्रम के बल्लेबाजों डेवाल्ड ब्रेविस, कार्तिक शर्मा, जेमी ओवरटन और शिवम दुबे से भी अच्छे योगदान की उम्मीद होगी। महेंद्र सिंह धोनी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले लगी पिंडली की चोट के कारण अभी तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने हालांकि नेट पर अभ्यास किया है, लेकिन उन्हें अभी तक अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली है। मौजूदा टूर्नामेंट के दौरान चेपॉक की पिचों के व्यवहार में बदलाव देखने को मिला। अब यह अपनी पारंपरिक रूप से बेहद धीमी और स्पिन गेंदबाजों की मददगार प्रकृति से बदलकर अधिक संतुलित और बल्लेबाजों के लिए अनुकूल हो गई हैं।

इसके बावजूद यहां स्पिनरों को कुछ मदद मिल रही है। ऐसे में बीच के ओवरों में अकील हुसैन और नूर अहमद की जोड़ी सीएसके के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। अगर एलएसजी की बात करें तो उसके लिए यह सत्र निराशाजनक रहा है। उसने 10 मैच में केवल तीन जीत हासिल की हैं और वह तालिका में सबसे नीचे (10वें स्थान पर) है। कप्तान ज्षभ पंत के लिए यह सत्र चुनौतीपूर्ण रहा है और अब तक वह बल्लेबाजी में अपने रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपये की कीमत को सही साबित करने में नाकाम रहे हैं। पंत ने गुरुवार को मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 10 गेंदों में 32 रन की शानदार पारी खेली लेकिन उनका समग्र प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। एलएसजी की टीम इस सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

लेकिन आरसीबी के खिलाफ नौ रन की जीत में मिचेल मार्श की 56 गेंदों पर खेली गई 111 रन की पारी ने उसके अभियान को एक नई गति प्रदान की है। आरसीबी के खिलाफ जीत से एलएसजी ने लगातार छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। तालिका में निचले पायदान पर होने के बावजूद इस जीत ने एलएसजी की प्लेऑफ में पहुंचने की धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। जहां तक एलएसजी के गेंदबाजी आक्रमण की बात है तो उसकी अगुवाई अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कर रहे हैं। उन्हें प्रिंस यादव तथा स्पिनर शाहबाज अहमद और दिग्वेश सिंह राठी का उपयोगी सहयोग मिल रहा है। जोश इंग्लिस और मोहसिन खान के चोटिल होने से एलएसजी को नुकसान हुआ है।

## संक्षेप

### अनीश ने सुरेंद्र स्मृति निशानेबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। रेलवे के ओलंपियन अनीश भानवाला ने शनिवार को यहां आयोजित 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने वाले अनीश ने फाइनल में 31 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने 28 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया, जबकि पंजाब के विजयवीर सिद्धू ने शूट-ऑफ के बाद 25 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। जूनियर पुरुष वर्ग की स्पर्धा में मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने 28 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा के समीर गुलिया ने 27 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि चंडीगढ़ के यूनिश होलिंडर ने 20 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

### वैदेही व जील आईटीएफ डब्ल्यू35 से बाहर

तुमकुरु। भारत की वैदेही चौधरी शनिवार को यहां आईटीएफ डब्ल्यू35 के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय जस्टिना मिकुलस्काइट को चुनौती पेश करने के बाद हारकर बाहर हो गईं। दूसरे सेमीफाइनल में भारत की जील देसाई को पोलैंड की जुजाना पावलिकोव्स्का के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद मैच से रिटायर होकर हटना पड़ा। लिथुआनिया की जस्टिना ने वैदेही को 6-3, 2-6, 6-2 से हरा दिया। दूसरे सेमीफाइनल में जील ने पहले सेट को 11-9 के तनावपूर्ण टाईब्रेक में जीता था और दूसरे सेट में 2-। से आगे चल रही थीं। लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उनका शानदार सफर दर्दनाक तरीके से समाप्त हो गया।

### भाटिया ट्रूइस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष 10 में पहुंचने के करीब

शार्लोट (अमेरिका)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया दूसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर ट्रूइस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। भाटिया एक समय शीर्ष 10 में शामिल हो गए थे लेकिन आखिरी क्षणों में दो बोगी करने से उन्हें नुकसान हुआ और अभी वह संयुक्त 12वें स्थान पर हैं।

# एथलेटिक्स सीरीज के संगरूर चरण में तूर ने खिताब जीता

एजेंसी

संगरूर (पंजाब)। पंजाब के तेजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को यहां भारतीय एथलेटिक्स सीरीज के पांचवें चरण में पुरुषों का गोला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता। मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन तूर इस सत्र के बाद होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए अपनी तैयारी जारी रखे हुए हैं। 31 वर्षीय तूर ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा और 19.97 मीटर दूर गोला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। तूर का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21.03 मीटर रहा है जो उन्होंने अप्रैल में भारतीय एथलेटिक्स सीरीज के दिल्ली चरण में दर्ज किया था। दो बार की ओलंपियन और महिलाओं की भाला फेंक में एशियाई खेलों की चैंपियन अनु रानी के लिए भी एक दिवसीय भारतीय एथलेटिक्स सीरीज का संगरूर चरण आगे आने वाले चुनौतीपूर्ण सत्र के लिए अपनी तैयारी को परखने का एक अच्छा मौका था। लेकिन 33 वर्षीय अनुभवी एथलीट 55.78 मीटर के निराशाजनक थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। हरियाणा की शिल्पा रानी ने 57.65 मीटर के साथ खिताब जीता जबकि आंध्र प्रदेश की रश्मि के 56.15 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। हरजीत सिंह और त्रिपुरा की फातिमा बेगम ने 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में क्रमशः 10.32 सेकंड और 11.98 सेकंड के समय से पहला स्थान हासिल किया। फातिमा ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ भी जीती। हरियाणा की किरण पहल महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में (54.07 सेकंड के समय के साथ) आसानी से विजेता रहीं।

### अभय को हराकर वीर चोटरानी विश्व चैंपियनशिप के अगले दौर में

नयी दिल्ली। विश्व में 45वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने अपने से बेहतर रैंकिंग के हमवतन खिलाड़ी अभय सिंह को पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मिस्र के गीज़ा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# जाधव ने शंघाई विश्व कप में जीता कांस्य

एजेंसी



शंघाई। विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया।

भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी। जाधव पहले सेट के बाद एक अंक से पीछे चल रहे थे क्योंकि 40 वर्षीय डैम्सबो ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की थी।

लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में परफेक्ट 30 का स्कोर बनाया जबकि डैम्सबो 27 का स्कोर ही बना पाए। इससे जाधव को कुल 59-57 की बढ़त हासिल करने में मदद मिली। इसके बाद जाधव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने अंतिम नौ तीरों में से केवल दो अंक गंवाकर तीन अंक की यादगार जीत हासिल की। जाधव ने पहले दौर में हमवतन अभिषेक वर्मा को, प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के रूवेन फ्लुस को और क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के 2022 के विश्व चैंपियन निको विएनर को शूट-ऑफ में हराया था। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें फ्रांस के मौजूदा विश्व चैंपियन निकोलस गिरार्ड से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा था।

### डब्ल्यूएफआई ने विनेश को नोटिस जारी किया, 26 जून तक खेल नहीं सकती

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शनिवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी के लिये छह महीने का अनिवार्य नोटिस नहीं देने के कारण 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में उनके भाग लेने पर रोक लगा दी।

# गुकेश जीत के साथ ब्लिट्ज वर्ग में पांचवें स्थान पर

एजेंसी

वारसॉ (पोलैंड)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने ब्लिट्ज वर्ग में खराब शुरुआत के बाद वापसी करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के नौंवे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्तोफ डुडा पर शानदार जीत दर्ज की। गुकेश ने रैपिड वर्ग में 18 में से नौ अंक जुटाए। उन्होंने शुरुआती नौ ब्लिट्ज दौर से चार और अंक हासिल किए जिससे टूर्नामेंट के आधे चरण में उनके 27 में से 13 अंक हो गए हैं। अमेरिका के हैंस मोके नीमन पहले दिन के खराब प्रदर्शन के बावजूद तालिका में शीर्ष पर बरकरार हैं। नीमन 16.5 अंक से हमवतन वेस्ली सो से आधा अंक आगे हैं। वहीं अमेरिका के तीसरे खिलाड़ी फैबियानो कारुआना स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ 15-15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश दो अंक पीछे अगले स्थान पर हैं। फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव 12.5 अंक लेकर डुडा के साथ छठे स्थान पर हैं जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव 12 अंक से नौवें स्थान पर हैं। पोलैंड के राडोस्लाव वोज्तासक ने 10 अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं। गुकेश ने टूर्नामेंट के तीसरे दिन की शुरुआत वोज्तासक और अलीरेजा के खिलाफ दो हार के साथ की। इसके बाद वह कारुआना और सिंडारोव के खिलाफ भी दो बाजियां हार गए।

# मुंबई इंडियंस पर आरसीबी को दिखाना होगा दम

एजेंसी

रायपुर। पिछले दो मैच में हार से वापसी के लिए बेताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में उसके बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी और अपने पहले चार मैच जीते थे।

तब उसके लिए प्लेऑफ में प्रवेश महज एक औपचारिकता लग रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मौजूदा चैंपियन टीम अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच हार गई है जिससे उसके समीकरण बिगड़ गए हैं। आरसीबी अभी 10 मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है और वह प्लेऑफ में पहुंचने का मजबूत दावेदार है। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब आरसीबी की लय गड़बड़ाना उसके लिए चिंता का विषय होगा। आरसीबी के बल्लेबाजों को अपनी पिछली असफलता को भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी।





गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में उसकी टीम केवल 155 रन ही बना पाई थी जबकि लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ उसे नौ रन से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी को लखनऊके खिलाफ जीत के लिए आखिरी ओवर में 19 रन की जरूरत थी, लेकिन वह लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंच सका। आरसीबी के बल्लेबाजों को अब मुंबई इंडियंस के खिलाफ मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना होगा। इन गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, कॉर्बिन बॉश, एएम गजनफर और विल जैक्स शामिल हैं। रायपुर आरसीबी का घरेलू मैदान है, लेकिन उसे यहां की पिच के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

आरसीबी के बल्लेबाजों में जैकब बेथेल को बड़ा स्कोर बनाना होगा क्योंकि अभी तक वह चार पारियों में 14, 20, पांच और चार रन ही बना पाए हैं। ऐसे में उनके सलामी जोड़ीदार विराट कोहली को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पड़ रही है। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा का प्रदर्शन भी निराशाजनक है। इस सत्र में उनका उच्चतम स्कोर 23 है। जहां तक मुंबई इंडियंस की बात है तो लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में उसने 228 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था। रोहित शर्मा ने चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए 44 गेंदों में 84 रन की तूफानी पारी खेली।

रोहित और उनके सलामी जोड़ीदार रयान रिकेल्टन के सामने भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड की जोड़ी का डटकर सामना करने की चुनौती होगी। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पीठ दर्द के कारण लखनऊके खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे और सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी की थी। हार्दिक टीम से जुड़ गए हैं।

# पहली पारी में बांग्लादेश के 413 रन



एजेंसी

ढाका। तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास और सलामी बल्लेबाज अजान अवैस के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप तक एक विकेट पर 179 रन बना लिए। बांग्लादेश ने दूसरे दिन की शुरुआत चार विकेट पर 301 रन से की। लेकिन अब्बास के 92 रन देकर पांच विकेट के शानदार प्रदर्शन से मेजबान टीम 413 रन पर ऑल आउट हो गई। अजान ने इस मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की है। वह 85 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं जिससे पाकिस्तान की टीम अच्छी शुरूआत करने में सफल रही। वहीं उनके साथ पदार्पण करने वाले दूसरे खिलाड़ी अब्दुल्ला फजल 37 रन बनाकर खेल रहे हैं।

ऑफ स्पिनर मेहदी हसन ने बांग्लादेश को एकमात्र सफलता इमाम उल हक (45 रन) के रूप में दिलाई जिससे उनके और अजान के बीच 106 रन की भागीदारी का अंत हुआ।

वहीं दूसरी ओर प्रतिबंधित जगहों पर रील्स बनाना, सुरक्षा मंजूरी के बिना तफरीह करना और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से खिलाड़ियों की निकटता ऐसी वजहें रही जिनके कारण बीसीसीआई को कड़े परामर्श जारी करने पड़े और अब आईपीएल टीमें निजता से समझौता किये बिना इनका पालन करने की कोशिश में जुटी हैं।

बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई ने खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत मेहमानों को लेकर चेताया और यह भी आगाह किया कि यह हनी ट्रैप हो सकता है। नतीजतन बीसीसीआई ने परामर्श जारी किया जिसमें मेहमानों पर प्रतिबंध के साथ खिलाड़ियों को अपनी गतिविधियों के बारे में सुरक्षा अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके उल्लंघन के प्रमुख मामलों में खिलाड़ियों की इंफ्लुएंसर्स से निकटता है जिनकी सेवायें प्रतिभागी टीमों के लिये सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करने के मकसद से अल्प अवधि के लिये ली जाती हैं।

**पाकिस्तान के स्टंप तक एक विकेट पर 179 रन**

### पुखराज गिल ने जीता पहला एडीटी खिताब

कुआलालंपुर। पुखराज सिंह गिल ने आर एंड ए की एडीटी प्लेयर्स चैंपियनशिप के तीन खिलाड़ियों के रोमांचक प्ले-ऑफ में धैर्य बनाए रखते हुए रविवार को यहां खिताब अपने नाम किया। गिल ने शुरुआती दौर से ही बढ़त कायम रखते हुए दबाव भरे पलों में मानसिक मजबूती दिखाई और पहली बार यह खिताब जीतने में सफल रहे। आईजीपीएल में खेलने वाले गिल ने अंतिम दौर में लय से भटकते हुए 72 का कार्ड खेलकर कुल 13-अंडर का स्कोर बनाया। उनके साथ थानाविन ली (68) और सीन रामोस (68) भी बराबरी पर रहे। गिल ने प्ले-ऑफ के दूसरे होल के बाद खिताब के साथ पुरस्कार के तौर पर 19,250 डॉलर की राशि भी अपने नाम की। इस जीत के साथ गिल ने एडीटी ऑर्डर ऑफ मेरिट की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। चार प्रतियोगिताओं के बाद गिल फिलहाल ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर हैं। इस प्रतियोगिता के कट में प्रवेश करने वाले अन्य भारतीयों में कार्तिक सिंह ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 65 का स्कोर बनाया और संयुक्त 30वें स्थान पर रहे। वहीं, खालिन जोशी 77 के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें स्थान पर रहे।

# मोदी, शाह ने तृणमूल कांग्रेस के हमलों के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते कुछ वर्षों में तृणमूल कांग्रेस के कथित हमलों में मारे गए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को शनिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को शक्ति के स्रोत के रूप में याद किया जाएगा। ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मंच के पास भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन कार्यकर्ताओं की याद में एक अस्थायी स्मारक बनाया गया, जिनकी हत्या कर दी गई थी। इसी मैदान पर शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नयी सरकार ने शपथ ली। स्मारक में एक बड़े बोर्ड पर शहीदों के नाम और उनके जिले लिखे गए थे। मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए कहा, साहसी भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलिउ आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनने के उपलक्ष्य में आयोजित उत्सव के बीच भी, उन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को याद किया जिन्होंने स्वयं से बड़े एक आदर्श की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि उनका त्याग पार्टी की यात्रा में सदैव अमिट रूप से अंकित रहेगा। मोदी ने कहा, उनका साहस हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बना रहेगा। शाह ने भी कहा कि यह स्मारक



शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता के हृदय में गहरी भावनाएं जगा रहा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि उन पुण्यात्माओं का त्याग, संघर्ष और बलिदान आज सार्थक होने जा रहा है। शाह ने स्मारक का एक वीडियो साझा करते हुए पोस्ट में कहा, राष्ट्र और संगठन के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले उन सभी हुतात्माओं को कोटि-कोटि नमन। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि 2021 के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हुई हिंसा में तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने 300 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी थी।

## अमित शाह ने बंगाल में भाजपा की सरकार बनने को अहम दिन बताया

चित्रदुर्ग (कर्नाटक)। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि पश्चिम बंगाल में भगवा झंडा लहरा रहा है, यह वही भूमि है जहां श्री अरविंद, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। शाह पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा सरकार के सत्ता में आने का जिक्र कर रहे थे। शाह चित्रदुर्ग में आयोजित येदियुरप्पा अभिमानोत्सव को संबोधित कर रहे थे, जो भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के राजनीति में 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। शाह ने कहा कि येदियुरप्पा ने कर्नाटक में विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा, आज का दिन इस देश के उन सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जो भारत माता को पवित्र मानते हैं और उनके प्रति भक्ति भाव रखते हैं, क्योंकि जिस भूमि पर श्री अरविंद, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और हमारी विचारधारा के प्रवर्तक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था, आज वहां भगवा झंडा लहरा रहा है।

## संक्षेप

### भारत, आईओएम ने प्रवासन के नियमित मार्गों के विस्तार पर चर्चा

संयुक्त राष्ट्र। भारत और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने प्रवासन के नियमित मार्गों के विस्तार और उनमें विविधता लाने पर चर्चा की। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शुक्रवार को यहां वैश्विक प्रवासन समझौते (जीसीएम) के दूसरे अंतरराष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) से इतर आईओएम की महानिदेशक एमी पोप से मुलाकात की। सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, चर्चा प्रवासन के नियमित मार्गों के विस्तार और उनमें विविधता लाने तथा भारत में जीसीएम के क्रियान्वयन एवं आईओएम की गतिविधियों को लेकर भारत के सक्रिय रुख पर केंद्रित रही। आईओएम प्रवासन के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र से संबंधित प्रमुख अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना 1951 में मानवीय और व्यवस्थित प्रवासन को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। यह दुनिया भर में मानवीय सहायता उपलब्ध कराता है, प्रवासियों के प्रवाह का प्रबंधन करता है और विस्थापित आबादी की मदद करता है। सिंह ने कनाडा की आव्रजन, शरणार्थी एवं नागरिकता मंत्री लेना मेटलेज दिआब से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, चर्चा कनाडा-भारत प्रवासन पहल और कुशल कार्यबल तथा छात्रों की आवाजाही से जुड़े आपसी हितों के क्षेत्रों पर केंद्रित रही।

## बंगाली फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियां शुभेंदु के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बंगाली फिल्म और मनोरंजन उद्योग की कई प्रमुख हस्तियां शनिवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में उपस्थित रहीं। दिग्गज अभिनेता प्रसनजीत चटर्जी समारोह में सफेद कमीज पहने नजर आए। अभिनेता जीत सुबह जल्दी ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। राजनीतिक कार्यक्रमों से आमतौर पर दूर रहने वाले जीत की उपस्थिति ने सबका ध्यान आकर्षित किया। अभिनेता जिस्सू सेनगुप्ता भी समारोह में हल्के भूरे रंग की कमीज और काला चश्मा पहने नजर आए।

अन्य उपस्थित लोगों में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित अजय चक्रवर्ती और नृत्यांगना ममता शंकर शामिल थीं। शंकर ने कहा, मेरी बस यही कामना है कि हमारे राज्य में हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए, कुछ अच्छा और सकारात्मक हो। अभिनेता ज षि कौशिक भी बंगाली टेलीविजन उद्योग के कई कलाकारों के साथ उपस्थित थे।

## जयशंकर, त्रिनिदाद व टोबैगो की पीएम द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा

एजेंसी

पोर्ट ऑफ स्पेन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ व्यापक बातचीत की, जिसमें भारत और इस दो द्वीपों वाले राष्ट्र के बीच द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार के लिए नए विचारों और पहलों पर चर्चा की गयी। जयशंकर शुक्रवार को परामारिबो से पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। यह उनकी जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की तीन देशों की यात्रा का अंतिम चरण है। इस यात्रा का उद्देश्य कैरेबियाई देशों के साथ भारत की सहभागिता को और मजबूत करना था।

जयशंकर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आज शाम प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले वर्ष किए गए वादों को पूरा करने के साथ-साथ हमने द्विपक्षीय सहयोग में नए विचारों और पहलों



की भी चर्चा की। इससे पहले जयशंकर ने कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ स्कूली बच्चों को भारत में निर्मित लैपटॉप वितरित करने के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले वर्ष किए गए वादे पूरे हुए।

## साइबर अपराध से मिले धन के लेनदेन में शामिल तीन खातों के संचालक गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने फर्जी आईपीओ निवेश, डिजिटल अरेस्ट और विदेशी मुद्रा कारोबार के नाम पर साइबर ठगी से प्राप्त करीब 1.22 करोड़ रुपये की रकम का लेनदेन करने के लिए अपने खाते मुहैया कराने के आरोप में गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि साइबर प्रकोष्ठ और अपराध शाखा ने साइबर धोखाधड़ी के तीन मामलों का खुलासा किया है, जिनमें पीड़ितों से सोशल मीडिया समूहों, फर्जी वेबसाइट और प्रतिरूपण के माध्यम से फर्जी वित्तीय योजना का प्रलोभन देकर ठगी की गई थी।

पुलिस ने बताया कि 30 मई, 2025 को दर्ज कराई गई पहली प्राथमिकी के मुताबिक पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर के एक निवासी से कथित तौर पर शेयर बाजार और आईपीओ की फर्जी योजना का प्रलोभन देकर करीब 46.66 लाख रुपये की ठगी गई।

## खरगे, राहुल ने केरल के प्रमुख नेताओं से की चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल के अगले मुख्यमंत्री के चयन को लेकर शनिवार को पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख नेताओं के साथ चर्चा की।

खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर हुई बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला और वी डी सतीशन शामिल हुए। बैठक में कांग्रेस के दोनों पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक तथा प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी भी



मौजूद रहे। केरल में कांग्रेस विधायक दल के नेता के चयन के लिए केरल के अपने विधायकों की राय लेने के बाद पार्टी के दोनों पर्यवेक्षकों माकन और वासनिक ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपी थी। सतीशन, चेन्निथला और कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मुख्यमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे हैं।

केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ की जीत के बाद राज्य के अगले मुख्यमंत्री के चयन पर विचार जानने के लिए कांग्रेस के पर्यवेक्षकों मुकुल वासनिक और अजय माकन ने बृहस्पतिवार को पार्टी विधायकों तथा गठबंधन सहयोगियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में पार्टी की परंपरा के अनुरूप एक लाइन का प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस आलाकमान को विधायक दल के नेता के चयन के लिए अधिकृत किया गया था।

## रूस और यूक्रेन ने तीन दिन के युद्धविराम पर जताई सहमति : ट्रंप

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के नेताओं ने तीन दिवसीय युद्धविराम और कैदियों के आदान-प्रदान के उनके अनुरोध पर सहमति जताई है। ट्रंप ने कहा कि ऐसा युद्धविराम दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध के अंत की शुरुआतै हो सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि युद्धविराम शनिवार से सोमवार तक जारी रहेगा। शनिवार को रूस में विजय दिवस है, जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाज़ी जर्मनी पर रूस की याद में मनाया जाता है। ट्रंप ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि रूस और यूक्रेन के बीच तीन दिनों (9, 10 और 11 मई) का युद्धविराम होगा।

## नौ राज्यों में पहली बार बने भाजपा के मुख्यमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में शानदार जीत दर्ज करते हुए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के 15 साल के शासन का अंत कर दिया और इसके साथ ही 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा ने नौ राज्यों में पहली बार मुख्यमंत्री पद हासिल किया है। यह सफर 2014 में हरियाणा और महाराष्ट्र से शुरू हुआ। इसके बाद असम (2016), अरुणाचल प्रदेश (2016), मणिपुर (2017), त्रिपुरा (2018), ओडिशा (2024), बिहार (2026) और अब पश्चिम बंगाल में पार्टी ने पहली बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया। हरियाणा में भाजपा ने पहली बार अपने दम पर सरकार बनायी और मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद भाजपा ने महायुति गठबंधन के सहयोगियों के साथ सरकार बनायी और देवेंद्र फडणवीस राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने।

भाजपा ने 2016 में पूर्वोत्तर में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए असम में जीत दर्ज की, जहां सर्बानंद सोनोवाल राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री बने। तब से भाजपा असम में लगातार सत्ता में बनी हुई है और अप्रैल में हुए चुनाव सहित लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत चुकी है। उसी वर्ष 2016 में भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में बड़े राजनीतिक पुनर्गठन के बाद अपनी पहली पूर्ण सरकार बनाई।

जुलाई 2016 में कांग्रेस नेता पेमा खांडू लंबे राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री बने, लेकिन सितंबर में वह और कांग्रेस के अधिकतर विधायक भाजपा के सहयोगी दल पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) में शामिल हो गए। कुछ महीनों बाद दिसंबर 2016 में खांडू 33 विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए, जिससे पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला और राज्य में उसकी पहली स्थिर सरकार बनी।

## इंटरटेनमेंट...

## 'पुष्पा' फॉर्मूला दोहरायेंगे अल्लू अर्जुन




मुंबई। इस बार भी फिल्म का टाइटल अल्लू अर्जुन के किरदार के नाम पर रखा गया है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2: द रूल' ने जिस तरह देशभर में रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की, उसके बाद अब उनकी अगली फिल्म 'राका' को लेकर भी जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। खास बात यह है कि इस बार भी फिल्म का टाइटल सीधे अल्लू अर्जुन के किरदार के नाम पर रखा गया है। इंडस्ट्री में इसे एक सोची-समझी रणनीति माना जा रहा है, जहां स्टार की स्क्रीन इमेज को ही फिल्म की सबसे बड़ी ब्रांडिंग बनाया जा रहा है। निर्देशक एटली की इस मेगा बजट फिल्म में दीपिका पादुकोण भी अहम भूमिका में नजर

**'राका' नई यूनिवर्स की शुरुआत साबित हो सकती है फिल्म**

आएंगी। सूत्रों के मुताबिक, 'पुष्पा' की सफलता के बाद मेकर्स ने यह समझ लिया कि अल्लू के किरदार सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं रहते, बल्कि खुद एक कल्ट पहचान बन जाते हैं। यही वजह है कि 'राका' में भी किरदार के नाम को ही फिल्म का टाइटल बनाया गया है, ताकि दर्शकों के बीच सीधा कनेक्शन तैयार हो सके। ट्रेड एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि 'राका' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक नई सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरूआत साबित हो सकती है। वहीं एटली और अल्लू की जोड़ी को दक्षिण और हिंदी में बड़े गेम चेंजर साबित होगी।

## रणदीप हुड्डा स्टारर 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' का ट्रेलर रिलीज



मुंबई। यह सीरीज उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा के करियर की सच्ची घटनाओं और जीवन पर बेस्ड है। रणदीप हुड्डा के शो 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। नीरज पाठक निर्देशित इस शो में 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश की वो झलक है जिसमें पुलिस, प्रशासन और गुंडाराज के साथ-साथ खून-खराबा है।

इस नए सीजन में इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा के जीवन में जबरदस्त तूफान खड़ा हो जाता है। अविनाश को इस बार एक ऐसी लड़ाई लड़नी पड़ती है जो पुलिस की खाकी वर्दी से कहीं आगे तक जाती है। इस

**क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज**

ट्रेलर में अपराध, राजनीति और भ्रष्टाचार के साथ-साथ कहानी का रोमांच भी जबरदस्त है। अपराध सरगना शेख और उसकी साथी रहस्यमयी देवी का एक घातक हथियार गिरोह है।

## 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' 29 को रिलीज होगी

नयी दिल्ली। जैकी श्रॉफ अभिनीत फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो 29 मई को रिलीज होने वाली है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है और इसका निर्माण जी स्टूडियोज और अहमदाबाद फिल्म्स के बैनर तले किया गया है।

श्रॉफ ने एक बयान में कहा, द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो के साथ, हम हर बच्चे के सपने को साकार कर रहे हैं। अगर आपकी आत्मा 90 साल की उम्र तक जवान और रीढ़ की हड्डी मजबूत बनी रहती है, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपने हमेशा सर्वोपरि होने चाहिए। अभिनेता ने




शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का पोस्टर साझा किया। कैप्शन में लिखा था,फटा पोस्टर, निकला सुपरहीरो दादाजी।

## नोरा फतेही फीफा की ओपनिंग सेरेमनी में करेंगी परफॉर्म

मुंबई। नोरा फतेही ने भारत, स्ट्रीट डांसर 3डी और भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया जैसी फिल्मों में काम किया है। नोरा फतेही फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करने वाली पहली बॉलीवुड एक्ट्रेस बनेंगी। यह सेरेमनी 12 जून को कनाडा के टोरंटो में इटड फील्ड में होगी। फीफा वर्ल्ड कप के ऑफिशियल हैंडल ने

**फुटबॉल-क्रिकेट में परफॉर्म करने वाली इकलौती एक्ट्रेस**

नोरा फतेही के ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करने की जानकारी दी है। इससे पहले नोरा ने फीफा वर्ल्ड कप 2022 की क्लोजिंग सेरेमनी और आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म



किया था। अब वे पहली और एकमात्र बॉलीवुड कलाकार बनेंगी, जिन्होंने फुटबॉल और क्रिकेट के वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया है। नोरा फतेही ने 18 दिसंबर 2022 को फीफा वर्ल्ड कप 2022 की क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान आधिकारिक एंथम 'लाइट द स्काई' पर परफॉर्म किया था। नोरा फतेही ने 7 फरवरी 2026 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया था। वर्ल्ड कप 2026 तीन देशों (अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा) में आयोजित हो रहा है, इसलिए फीफा ने प्रत्येक मेजबान देश के पहले मैच से पहले तीन अलग-अलग ओपनिंग सेरेमनी आयोजित करने की योजना बनाई है। कनाडा की सेरेमनी में बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी ऊख संजॉय भी परफॉर्म करेंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com